आज का मौसम
धूप खिली रहेगी, आसमान साफ़ रहेगा।

28° अधिकतम तापमान | 14° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06:29 | सूर्यास्त 05:14

RNI.No. UPHIN/2019/79073
9511151254

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव सीतापुर, हरदोई, शाहजहाँपुर, उन्नाव, हमीरपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर,
लखनऊ, बुधवार , 22 नवंबर 2023
वर्ष 05, अंक 55,पृष्ट 12,मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com
प्रयागराज, बांदा, महोबा, मिर्जापुर, भदोही, ललितपुर, झारखण्ड, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड आदि जनपदो में प्रसारित

शौचालय निर्माण में घटिया सामग्री एवं दोयम दर्जे की ईट का प्रयोग..02

नाबालिग लड़के के साथ दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार..07

# कोटा में छात्र आत्महत्याओं के लिए कोचिंग संस्थानों को निशाना नहीं बना सकतेः सुप्रीम कोर्ट

**सुप्रीम कोर्ट** ने बीते सोमवार (20 नवंबर) को कहा कि कोटा में छात्रों के बीच बढ़ती आत्महत्याओं के लिए कोचिंग संस्थानों के पनपने को जिम्मेदार ठहराना सही नहीं है, क्योंकि प्रतिस्पर्धी माहौल में माता-पिता की ऊंची उम्मीदें ही बच्चों को अपना जीवन समाप्त करने के लिए प्रेरित कर रही हैं. जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने निजी कोचिंग संस्थानों के नियमन और उनके न्यूनतम मानकों को निर्धारित करने के लिए कानून बनाने की मांग करने वाली याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए कहा, 'समस्या अभिभावकों की है, कोचिंग संस्थानों की नहीं.'

इस वर्ष राजस्थान के कोटा जिले, जहां स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए इंजीनियरिंग और मेडिकल कोचिंग संस्थानों की संख्या में वृद्धि हुई है, में लगभग 26 आत्महत्याओं की सूचना मिली है. इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा, 'कोचिंग संस्थानों के कारण आत्महत्याएं नहीं हो रही हैं. आत्महत्याएं होती हैं, क्योंकि बच्चे अपने माता-पिता की अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर पाते. मौतों की संख्या बहुत अधिक हो सकती है.'

**पीठ में जस्टिस एसवीएन भट्टी भी शामिल थे.**

अदालत मुंबई के डॉ. अनिरुद्ध नारायण मालपानी द्वारा दायर एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें स्वार्थवश लाभ कमाने के लिए बच्चों को 'वस्तु' के रूप में इस्तेमाल करके छात्रों को मौत के मुंह में धकेलने के लिए कोचिंग संस्थानों को दोषी ठहराया गया था.

**समस्या अभिभावकों की है**

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली दो सदस्य पीठ ने प्राइवेट कोचिंग सेंटर को रेगुलेट करने और उनके लिए एक स्टैंडर्ड तय करने के लिए कानून बनाने की मांग करने वाली याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए कहा, समस्या अभिभावकों की है, कोचिंग संस्थानों की नहीं. पीठ में शामिल जस्टिस एसवीएन भट्टी ने कहा कि यह आत्महत्याएं कोचिंग इंस्टिट्यूट की वजह से नहीं हो रही है, बल्कि इसलिए हो रही हैं, क्योंकि बच्चे अपने माता-पिता की अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर पाते.

**छात्रों को मौत के मुंह में धकेल देते हैं कोचिंग सेंटर**

बता दें कि अदालत मुंबई के डॉक्टर अनिरुद्ध नारायण मालपानी की ओर से दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी. याचिका में कहा गया है कि कोचिंग सेंटर छात्रों को अपने फायदे के लिए तैयार करके मौत के मुंह में धकेल देते हैं.

डॉक्टर अनिरुद्ध नारायण की ओर से पेश हुई अधिवक्ता मोहिनी प्रिया ने कहा कि कोटा में आत्महत्याओं ने काफी सुर्खियां बटोरी हैं, लेकिन यह घटना सभी निजी कोचिंग सेंटर के लिए आम हैं और ऐसा कोई कानून या रेगुलेशन नहीं है, जिसके इसके लिए जवाबदेह ठहराए जाए .

**माता-पिता को बच्चों से होती हैं उम्मीदें**

पीठ ने कहा, हममें से ज्यादातर लोग कोचिंग संस्थान नहीं चाहते, लेकिन आजकल परीक्षाएं इतनी प्रतिस्पर्धात्मक हो गई हैं और छात्र आधे या एक नंबर से परीक्षा में फेल हो जाते हैं. वहीं, माता-पिता को भी बच्चों से काफी उम्मीदें रहती हैं.

**कोर्ट ने याचिकाकर्ता को दिया सुझाव**

कोर्ट ने याचिकाकर्ता को सुझाव दिया कि वह मामले में या तो राजस्थान हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाए क्योंकि याचिका में जिन आत्महत्याओं की घटनाएं का जिक्र है, उनमें अधिकतर कोटा से संबंधित हैं या फिर केंद्र सरकार को एक रिप्रेजेंटेशन दे हम इस मुद्दे पर कानून कैसे बना सकते हैं. इस पर वकील प्रिया ने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी और संकेत दिया कि याचिकाकर्ता एक रिप्रेजेंटेशन पेश करना चाहेगा.

**इस साल 24 छात्र सुसाइड कर चुके हैं आत्महत्या**

बता दें कि इस साल राजस्थान के कोटा में नीट और जेईई की कोचिंग के लिए आने वाले 24 छात्र सुसाइड कर चुके हैं. यह आंकड़ा पिछले 8 सालों में सबसे ज्यादा है. सुसाइड के मामलों पर रोक लगाने के लिए कोचिंग संस्थानों से खास सिफारिशें भी की गई हैं. इसके बावजूद खुदकुशी के मामलों में गिरावट नहीं देखी जा रही है.



**छात्रों के पास कोचिंग संस्थानों के अलावा विकल्प नहीं**

इस दौरान जस्टिस न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा, ''हालांकि, हममें से ज्यादातर लोग नहीं चाहेंगे कि कोई कोचिंग संस्थान हो, लेकिन स्कूलों की स्थितियों को देखें। वहां कड़ी प्रतिस्पर्धा है और छात्रों के पास इन कोचिंग संस्थानों में जाने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है।'' राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के 2020 के आंकड़ों के आधार पर प्रिया ने देश में छात्रों की आत्महत्या की संख्या का जिक्र किया। पीठ ने कहा कि वह स्थिति के बारे में जानती है लेकिन अदालत निर्देश पारित नहीं कर सकती और सुझाव दिया कि याचिकाकर्ता अपने सुझावों के साथ सरकार से संपर्क करें। प्रिया ने उचित मंच पर जाने के लिए याचिका वापस लेने का अनुरोध किया, जिसे अदालत ने अनुमति दे दी।

**अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर पा रहे बच्चे**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा- कोटा में आत्महत्याएं इसलिए हो रही हैं क्योंकि बच्चे अपने माता-पिता की अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर पा रहे हैं। सर्वोच्च अदालत मुंबई स्थित डॉक्टर अनिरुद्ध नारायण मालपानी द्वारा दायर एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई कर रही थी। याचिका में बच्चों को वस्तु के रूप में इस्तेमाल किए जाने और उन्हें स्वार्थी लाभ के लिए मौत के मुंह में धकेलने के लिए कोचिंग संस्थानों को जिम्मेदार ठहराया गया था।

## संक्षिप्त ख़बरें

### डेंगू से पीड़ित मरीज की निजी अस्पताल में बेड से गिरने से मौत, परिजनों में मचा कोहराम



**लखीमपुर खीरी।** जिले की सीएचसी फरधान क्षेत्र में डेंगू का प्रकोप थम नहीं रहा है। डेंगू से ग्रेषित मरीजों सरकारी अस्पताल में इलाज न मिलने पर निजी अस्पताल में इलाज करा रहे है। जिसके चलते सीएचसी फरधान क्षेत्र के गांव मूड़ाबुजुर्ग में डेंगू बुखार से पीड़ित रामकिशोर की मौत हो गई। बताया जा रहा वह लखीमपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज करा रहे थे। दूसरी तरफ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी जांच की बात कह रहें हैं।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरधान क्षेत्र के गांव मूड़ाबुजुर्ग निवासी रामकिशोर कई दिनों से वायरल फीवर से ग्रेषित थे। एक निजी डायग्नोस्टिक सेंटर से जांच करने पर उन्हें डेंगू बुखार निकला। रामकिशोर 16 नवंबर को लखीमपुर के एक निजी अस्पताल में डेंगू बुखार का इलाज कर रहे थे। शनिवार की देर रात उनके पास कोई परिजन नहीं था। वह बेड से उतरकर नीचे आने का प्रयास कर रहे थे। जिसके चलते वह लड़खड़ाकर गिर गए जिससे उनके सर पर गंभीर चोटें आई। अस्पताल के डॉक्टर ने रात भर इलाज करने के बाद रविवार की दोपहर बाद हालात नाजुक बताकर लखनऊ रेफर कर दिया था। परिजन इलाज के लिए लखनऊ ले गए जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया सीएचसी अधीक्षक डॉ अमित बाजपेई ने बताया उनकी जानकारी में उनके क्षेत्र में कोई भी डेंगू का मरीज नहीं है। निजी डायग्नोस्टिक सेंटर से जांच कराने वालों का डेटा उनके पास नहीं होता है हालांकि कल मूड़ाबुजुर्ग गांव में टीम भेजकर जांच कराई गई है।

### इलाज के दौरान बच्चे की मौत परिजनों ने काटा हंगामा



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गोला गोकर्ण नाथ में श्री ओम हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर में बसलीपुर बंगाली कॉलोनी के एक बच्चे की इलाज के दौरान मौत परिजनों के अनुसार बच्चे के हांथ में क्रिकेट खेलते समय चोट लग गई थी जिसका डॉक्टर ने बताया ऑपरेशन होगा आपरेशन से पहले इंकेक्सन लगाया जिसमे 11 वर्षीय बच्चे की हुई मौत, परिजनों ने गलत इलाज करने का लगाया आरोप, मृतक बच्चे का शव कब्जे में लेकर पोस्ट मार्डम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। पुलिस ने अस्पताल के दो कर्मियों को किया गिरफ्तार।

### गन्ना माफियाओं का प्रवेश चीनी मिल प्रशासन ने किया वर्जित, होगी कार्यवाही



**अम्बेडकरनगर।** गन्ना पेराई सत्र शुरू हो गया है।चीनी मिल के अंदर दलालों की मनमानी किसी कीमत पर इस बार सहन नहीं की जाएगा। अकबरपुर चीनी मिल के अंदर इस बार गन्ना माफियाओं का प्रवेश चीनी मिल प्रशासन के द्वारा वर्जित कर दिया गया है। उनके घरों पर कर्मचारियों के द्वारा सूचना भिजवाकर आगह कर दिया गया है कि अगर इस बार चीनी मिल के अंदर उनके घर का कोई भी सदस्य गन्ना खरीद करते पाए गए तो उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।अकबरपुर चीनी मिल के जीएम रविंद्र कुमार सिंह किसानों को सुझाव देते हुए कहा कि उतने ही गन्ने की फसल की कटाई करें ताकि उसका वजन ज्यादा न होने पाए। तौल से अधिक बढ़ा हुआ अपना गन्ना दूसरी पर्ची आने पर चीनी मिलों को साफ सुथरा कर आपूर्ति करे। गन्ना माफियाओं को अपने उपज को औने-पौने दामों में बेचने से दूर रहे। ताकि शासन की तरफ से जारी रेट से आपके उपज का उचित मूल्य मिल सके।

## सीमा पर अवैध तस्करी को लेकर बड़ा सवाल कस्टम व पुलिस सभी चौकस फिर भी हो रही तस्करी

**● स्थानीय पुलिस व कस्टम को पता नही और प्रतिबंधित मुर्गी चूजा पहुचा नेपाल**

**लगातार होती आवागमन करने वालो की एंट्री के साथ मार्ग पर लगा सीसीटीवी का दावा करती जरवा पुलिस**

स्वतंत्र प्रभात

**बलरामपुर-** जहां पर कस्टम और पुलिस विभाग का यह दावे कि चप्पे चप्पे पर हमारी पैनी नजर है और हमारे बिना जानकारी के यहां परिंदा भी पर नहीं मार सकता के दावे फेल नजर आ रहे है। इसको लेकर जरवा कस्टम और स्थानीय पुलिस की संदिग्ध भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। वही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कस्टम विभाग के अधिकारी और स्थानीय पुलिस प्रशासन के द्वारा लगातार जांच और कार्रवाई की बात कही जा रही है लेकिन धरातल पर जो तस्वीर देखी जा रही वह इनके दावे से उल्टा प्रतीत होता है।

एक ऐसा मामला प्रकाश में आया है जिसमे तस्करों के एक प्रतिबंधित मुर्गी की चूजा को नेपाल प्रहरी व न नेपाली कस्टम और नेपली पुलिस के द्वारा पकड़ने की जानकारी सूत्रों से मिली है। जबकि भारत की सीमा के अंतर्गत आने वाले जरवा कस्टम और स्थानीय पुलिस जरवा को इसकी भनक तक नही । जिससे भारत नेपाल सीमा पर स्थित जरवा कोयलाबास सीमा की सुरक्षा पर बड़े सवाल खड़े हो रहे।वही नेपाल पुलिस प्रहरी और कस्टम ने तस्करी के चूजों की एक खेप पकड़ने का दावा किया है। जिसमे तस्करी कर जंगल के रास्ते मुर्गी के चूजों को नेपाल लाया जाने की जानकारी सूत्र के द्वारा दी जा रही है। जिसमे नेपाल पुलिस और कस्टम के द्वारा पकड़ कर विधिक कार्रवाई भी की गई है। लेकिन अगर बात करें जरवा कस्टम के जिम्मेदारों की तो उनके कार्यालय के सामने से अवैध रूप से तस्करी का सामान निकल रही है और इनको पता ही नही। जबकि सहमत या संलिप्त के खेल के बिना ऐसा संभव नहीं है। बात करें जरवा पुलिस की तो सीमा पर आने जाने वाले वाहनों के लगातार एंट्री होने के बात भी की जा रही है और सीसीटीवी भी सीमा सुरक्षा को देखते हुए लगाया गया है इसके बाद भी प्रतिबंधित मुर्गी का चूजा सीमा के उस पार हो जाती है और इनको खबर तक नहीं लगती है ।

इसके साथ ही एसएसबी चेक पोस्ट पर भी वाहन नही पहुचने का भी खुलासा सूत्र द्वारा किया जा रहा उसके बाद नेपाल में इंट्री हो जाती है। बताया जा रहा कि जंगल के बीच रास्तों से तस्कर अवैध तस्करी का माल इधर-उधर पार करने में कामयाब हो जाते हैं और किसी को खबर तक नही होती है। ताजा मामला दिनाक 19/10/2023 दिन रविवार को रात्रि 3



बजे के आसपास अवैध तस्करी के माल तस्करों द्वारा भारत सीमा से नेपाल सीमा में जंगल के रास्ते पहुंच जाता है लेकिन स्थानीय पुलिस कस्टम के अधिकारी और एसएसबी चेक पोस्ट को खबर नहीं होती है जिससे ऐसा लगता है की सीमा क्षेत्र जरवा कोइलाबास में तस्करों का बोलबाला है । जिसको लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं जिससे जिम्मेदारों के जिम्मेदारी पर प्रश्न चिन्ह लगता दिखाई दे रहा हैं और देश की सुरक्षा पर भी बड़ा सवाल उत्पन्न हो रहा। जबकि सुरक्षा दृष्ट से जरवा कोतवाली की बात की जाए तो पुलिस के द्वारा हर आने जाने वाले कि इंट्री के साथ सीसीटीवी कैमरा भी लगाया गया है इसके साथ ही तमाम सूत्र भी है जिससे इनको सूचना मिलती है। इसके बाद भी तस्कर सीमा पार हो जाते है और किसी को खबर तक नही होती । जिसमें हाथी के दांत वाली कहावत सटीक बैठती है की खाने और दिखाने के अलग दांत होता है । वही इस सम्बंध में जरवा थाना प्रभारी को काल किया जाता है तो जलूस ड्यूटी के कारण फोन नही उठता जिससे उनका पक्ष नही मिला इसके साथ कस्टम अधिकारी का फोन भी नेटवर्क से बाहर मिला इस कारण उनसे भी पक्ष नही मिल सका।

## अवैध खनन को रोक लगाने में स्थानीय पुलिस प्रशासन जरवा विफल

**●अवैध खनन को रोकने के दावे हुए फेल,तस्वीरे बता रही सच**

**अवैध खनन पर अंकुश लगाने को लेकर जिलाधिकारी बलरामपुर के आदेशों की उड़ाई जा रही धज्जिया**

**थाना कोतवाली क्षेत्र जरवा के कवही नाले में हो रहे अवैध खनन की तस्वीर वायरल**

स्वतंत्र प्रभात

**अवैध खनन** पर सरकार के निर्देशो की बात करें तो अवैध खनन पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा चुका और नालो से अवैध खनन के काले कारोबार पर पूर्णतयः लगाम लगाने का दावा किया जा रहा । इसके संबंध में शासन के द्वारा लगातार संबंधित विभागिये अधिकारियों को इस बाबत आदेश का पालन करना आवश्यक बताया गया है। कि अपने इलाकों में अवैध खनन व खनन माफियाओं पर अंकुश लगाए जिससे पर्यावरण परिवर्तन और पर्यावरण में होने वाले नुकसान और क्षति को रोका जा सके और पर्यावरण के




लगातार बदलते स्वरूप को रोका जा सके जिसको इनकार नहीं किया जा सकता ।इसी क्रम में बात करते हैं जनपद बलरामपुर में अवैध खनन को लेकर जिलाधिकारी अरविंद कुमार के निर्देशो की जिसमे साफ तौर पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जनपद में अवैध खनन पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाया जाए और अवैध खनन में संलिप्त पर विधिक कार्यवाही की जाय। जिसको लेकर चार सदस्यइए टीम भी गठित की जा चुकी है की बात सामने आ रही है। वही कार्यवाही का सिलसिला भी होते देखा गया है जिसमे कई थाना क्षेत्र में खनन को लेकर अभियान चलाया गया और कार्यवाही हुई। लेकिन अवैध खनन माफियाओं पर इसका भय देखने को नहीं मिल रहा है वही जिला प्रशासन के अवैध खनन पर अंकुश के दावे फेल नजर आ रहे। जिसकी तस्वीर थाना कोतवाली जरवा क्षेत्र के कवही नाले पर देखने को मिली है जहां पर दर्जनों की संख्या में स्थानीय खनन माफिया द्वारा बोरों में अवैध खनन का कार्य करवा कर उससे अपने प्लाट पर डम्प करते है जिनकी तस्वीर पहाड़ी नाले पर बालू भरते हुए और बालू एकत्रित करने की तस्वीरों से अंदाजा लगा सकते है कि खनन माफिया सक्रिय है पर उनका स्वरूप बदला है ।इनके माध्यम से माफिया अपनी प्लाटों पर इस बालू को इकट्ठा करते हैं और ट्रालियों के माध्यम से बाजार में बेखौफ बेचा जाता है जिसमे बहुतों के पास परमिट का झोल होता है जिसकी आड़ में बेखौफ खनन का माल बिकता है। सूत्रों की माने तो स्थानीय प्रशासन के मौन स्वीकृति की बात भी सामने आ रही है जिससे इनकार नही किया जा सकता है जबकि अवैध खनन बालू और मिट्टी दोनों पर अंकुश लगाने का निर्देश का पालन करवाने की बात की गई है। लेकिन अवैध खनन पर अंकुश लगता नही दिख रहा और जिलाधिकारी बलरामपुर के सारे दावे फेल नजर आ रहे। क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन पर संबंधित थाना क्षेत्र के जिम्मेदारों के बिना संरक्षण से ऐसा सम्भव नही हो सकता । जबकि स्थानीय प्रशासनिक जिम्मेदारो का यही दावा कि हमारे क्षेत्र में अवैध खनन पूरी तरह बंद है वह झूठ साबित हो रहा। जो तस्वीर दिख रही वह झूठ का परदाफाश के लिए काफी है।

## कौशाम्बी की दुष्कर्म पीड़िता की आरोपी के भाई ने की कुल्हाड़ी से हत्या

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयाग राज न्यूज़।** आरोपी पक्ष मुकदमे में सुलह करने का दबाव बना रहा था। युवती कोतवाली में इसकी शिकायत कर अपनी भाभी के साथ घर लौट रही थी, तभी वारदात हुई।युवती (20) के साथ पिछले साल मई में पड़ोसी युवक ने दुष्कर्म किया था। मामला स्वजातीय होने के कारण बिरादरी की पंचायत हुई, जिसमें आरोपी को पीड़िता से शादी करने को कहा गया। आरोपी के इनकार करने पर पीड़िता ने दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज करा दिया। पुलिस ने आरोपी पवन निषाद को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया था। नवरात्र के पहले वह जमानत पर बाहर आया तो अपने परिवार वालों के साथ मिलकर पीड़िता के परिजनों पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाने लगा। सोमवार को पवन का भाई अशोक शराब पीकर सुबह से ही पीड़ित परिवार के साथ गाली-गलौज कर रहा था। दोपहर बाद पीड़िता अपनी भाभी के साथ कोतवाली



में शिकायत करने गई थी। शाम को लौटते वक्त जैसे ही वह पवन के घर के सामने पहुंची तो अशोक उसे गाली देने लगा। पीड़िता इसका वीडियो बनाने लगी तो कुल्हाड़ी लेकर बैठे अशोक ने उसके सिर पर कई वार किए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी पक्ष के लोग घर में ताला बंद कर भाग निकले। अशोक भी एक मामले में हत्यारोपी है। इन दिनों जमानत पर बाहर है। सूचना पर एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव, सीओ सिटी अभिषेक सिंह, फोरेंसिक टीम व कई थानों की फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। साक्ष्य संकलित कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया गया।

## 10 साल से ज्यादा समय से तैनात जमे बाबू जी के अजब गजब कारनामें

**● हाल ऐ विभाग विद्युत**

**शिकायतों का फर्जी निस्तारण करना हो या भ्रष्टाचारी ठेकेदारों को संरक्षण देने का मामला हो बाबूजी खासे चर्चित हैं।**

**यदि कराई जाए कुसमा कॉन्टेक्टर ठेकेदार के वर्क आईडी की गहनता से निष्पक्ष जांच तो ऐ ई मीटर से लेकर एक्सिएन जी की कार्य प्रणाली होगी सवालों के घेरे में कई ईमानदार चेहरे होंगे बेनकाब**

**लखीमपुर खीरी** विद्युत विभाग में फैले भ्रष्टाचार पर योगी जी की जीरो टाइल्स नीति का असर पड़ते दिखाई नहीं दे रहा है यहां पर नौकर शाही अफसर शाही पर भारी पड़ती नजर आ रही है मामला गढ़ी पावर हाउस के मीटर कार्यालय में तैनात यह बाबूजी लोकल के रहने वाले होने के चलते अपना रसूक कायम किये हैं जिसके चलते लगभग 15 वर्षो से जनपद के स्थानीय शहर में ही जमे हैं। सभी लोगों का ट्रांसफर हुआ पर इन बाबू जी का ट्रांसफर कहीं नहीं किया गया शायद इनके ऊपर शासन के शासनादेश असर नहीं पड़ता हो अफसर की आंख के सूरमा और कमाऊ बाबूजी पर कोई नियम कानून नहीं लागू होते हैं इनके संरक्षण के चलते ठेकेदारों द्वारा नियम कानून को ताक पर रखकर अवैध वसूली किए जाने के मामले सुर्खियां भी बने लेकिन मामला फंसने पर यही बाबूजी जाकर लोकल होने का फायदा उठाते हुए मामलों को रफा दफा कर देते हैं इन बाबू जी के रसूक की बात करें तो उनके कार्यालय में उनके बिना कोई पत्ता तक नहीं हिला सकता बाबूजी स्वयं एक प्राइवेट बाबू लगाए हैं इसी के द्वारा सारा लिखा पढ़ी किए जाने की बात चर्चा बनी है बाबू साहब 11:00 बजे आते हैं और 2:30 बजे चले जाते हैं उसके बाद यही प्राइवेट आदमी बाबूजी की सीट का काम संभालते देखा जा सकता है ऐसा लोगों का आरोप है। उनके काले कारनामों पर नजर डाली जाए तो बतौर बानगी भर हम आपको इनके द्वारा फर्जी निस्तारण की ओर ले चलते हैं आपको बताएं दिनांक 8/ 6 /2023 को शिकायतकर्ता विशाल पांडे पुत्र रामसूरत पांडे द्वारा ठेकेदार रमेश प्रजापति के द्वारा प्रति मीटर लगवाने के नाम पर अवैध वसूली एवं स्लो मीटर लगाने सहित कई अन्य गंभीर आरोप लगाते हुए जांच कराए जाने की मांग की गई थी उक्त प्रकरण में अधीक्षण अभियंता ने गोपनीय जांच करके रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए जिसमें से उक्त नाम के मिलते व्यक्ति को बुलाकर फर्जी तरीके से लिखवा कर शिकायत का निस्तारण कर दिया गया क्यों नहीं की गई शिकायत की जांच यदि मामले की जांच की जाती तो कई जिम्मेदारों की गर्दन फसना हो जाती तय शायद इसलिए मामले की लीपापोती कर दी गई आखिर किसके आदेश से उपभोक्ता से प्रति मीटर वसूल किए जाते हैं 5000 से 10000 रुपए और किसके आदेश से लगाए जाते हैं स्लो मीटर यह मेरा नहीं शिकायतकर्ता का आरोप है। 1912 पर कंप्लेंट करने समस्त जेई वितरण खंड की रिपोर्ट के बाद मीटर बदले जाने के आदेश के बावजूद पैसा लेकर बगैर कंप्लेंट के मीटर लगाए गए आखिर क्यों ठेकेदार रमेश प्रजापति कुसुम कॉन्टैक्टर के लगाए हुए आठ माह के मीटर व उनके परिसरों की जांच क्यों नहीं की गई शायद इसलिए की कलाई खुलकर सामने आ जाती वही रमेश प्रजापति द्वारा मेंटेनेंस के मामले कराए गए समस्त वर्क ऑर्डरों में भारी अनियमिताएं किए जाने के आरोपो की झड़ी लगी है काम 10 मी का भुगतान 30 मी का सामान 1500 का भुगतान ज्यादा होने के आम चर्चा का विषय बने हैं यदि वर्क आर्डर से कराए गए कार्यों की जांच कराई जाए तो भारी भ्रष्टाचार का होगा पर्दाफाश और कई ईमानदार अधिकारियों कर्मचारियों की कलाई खुलकर आएगी सामने इस भ्रष्टाचार पर रोक तभी संभव है जब विगत 15 सालों से जमे बड़े बाबूजी को गैर जनपद किया जाएगा स्थानांतरण ।

# संक्षिप्त ख़बरें

## वांछित आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल, लाइसेंसी बंदूक बरामद

**भीटी अंबेडकरनगर।** महरुआ पुलिस ने वांछित चल रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है मामला महरुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत बरामदपुर लोहार गांव का है जहां पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट की गई थी। एक पक्ष के द्वारा लाइसेंसी बंदूक से फायरिंग की थी। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर अलग-अलग धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया था। वांछित आरोपीय की तलाश में महरुआ पुलिस निकली थी। मंशापुर के पास से फूलचंद पुत्र रामचंद्र संतोष पुत्र तेज बहादुर को गिरफ्तार करने का दावा किया है। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने एक लाइसेंसी बंदूक दो नाली बरामद की है। वहीं थाना अध्यक्ष विजय प्रताप तिवारी ने बताया कि दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

## गोदाम पर कार्यरत कर्मचारी के ऊपर कार्रवाई में भी दिखाई पड़ रहा भेदभाव, विभाग लीपापोती में जुटा

**अम्बेडकरनगर।** विद्युत विभाग के गोदाम से केबिल बेचने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के मामले में विश्वसत सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार वायरल वीडियो के आधार पर गोदाम पर कार्यरत कर्मचारी के ऊपर सस्पेंशन और अमेठी से संबद्ध करने की कार्रवाई की गई आखिर किन कारणों से जिनका नाम उक्त वीडियो में व्यक्ति द्वारा नाम लेकर पुष्टि भी की गई विभाग द्वारा इन पर कार्रवाई क्यों नहीं की गई क्या विभाग के लोग लीपापोती करने में तो व्यस्त नहीं है साथ ही साथ लगभग 3.50 लख रुपए में 72 केवीए का कनेक्शन मिलने के निर्धारित मूल्य से चार लाख रुपए ज्यादा रूपये का भुगतान का भुगतान वायरल वीडियो मे उक्त व्यक्ति द्वारा कही जा रही है इसकी जांच किसके द्वारा की गई तथा यह पैसे किसके जेब में गए या भविष्य के गर्भ में है,सूत्रों से यह भी जानकारी मिली उक्त व्यक्ति द्वारा वीडियो में नाम दिए जा रहे जे ई के अकाउंट की जांच करवाई जाए तो चालीस हजार रुपये का ट्रांसफर भी उक्त जे ई के खाते में किया गया, यह मैं नहीं कहता यह सूत्र बताते हैं,अगर इसकी उच्च स्तरीय जांच कराई जाए तो विभाग के कई जिम्मेदार अधिकारी भी लपेटे में आ सकते हैं। क्या विभाग के अधिकारी इसकी वायरल वीडियो की जांच पारदर्शिता से कार्यवाही करेंगे या नहीं यह भी भविष्य के गर्भ में है।

## श्रद्धालुओं ने अक्षय नवमी की परिक्रमा कर कमाया अक्षय पुण्य

### -वृंदावन में परिक्रमा मार्ग में नो एंट्री के बावजूद भी दिखे चार पहिया वाहन



अक्षय नवमी की परिक्रमा देते श्रद्धालु।

**मथुरा।** अक्षय नवमी पर तीर्थनगरी की परिक्रमा में सुबह से ही भक्तो को भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों की भीड़ से पूरे परिक्रमा मार्ग में कदम रखने तक को जगह नही थी। राधारानी के जयकारों के साथ भक्तो के कदम आगे बढ़ते ही जा रहे थे। ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में अक्षय नवमी पर सोमवार से ही आसपास के इलाके से लाखों भक्तों ने डेरा डाल लिया। सुबह की पहली किरण से ही श्रद्धालुओं ने परिक्रमा शुरू कर दी। वृंदावन से श्रद्धालुओं ने मथुरा छटीकरा समेत 21 किलोमीटर की परिक्रमा शुरू की तो पूरे परिक्रमा मार्ग में भक्तों की मानव श्रृंखला बनी नजर आई। परिक्रमा में बुजुर्ग और बच्चों की भीड़ भी देखने लायक थी। यमुना किनारे पहुंचे भक्तों ने यमुना पूजन किया और कुछ देर विश्राम के बाद आगे बढ़ते रहे। भोर से ही शुरू हुई परिक्रमा में भक्तों की संख्या बढ़ रही थी। वही वृंदावन में जगह-जगह आश्रम के महत्व और समाजसेवी लोगों के द्वारा परिक्रमा कर रहे परिक्रमार्थियों के लिए प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया गया। वही अक्षय नवमी के दिन प्रशासन की लापरवाही भी सामने आई है। जिसमें वृंदावन की पंचकोसीय परिक्रमा मार्ग में चार पहिया वाहन फर्राटा मारते हुए नजर आए। जिसमें की कुछ श्रद्धालुओं के चोटिल होने की भी सूचना प्राप्त हुई है। जानकारी के अनुसार वृंदावन के पानीघाट चौराहे पर एक कर से एक महिला को टक्कर लग गई। जिसमें परिक्रमा कर रही महिला चोटिल हो गई।

# पत्रकारों के ऊपर लगातार हो रहे हमले और विभिन्न प्रकार से उत्पीड़न पर आदर्श प्रेस क्लब ने खोला मोर्चा

**● काम न होने पर पीड़ित ने मांगी रकम तो जान मारने की धमकी**





स्वतंत्र प्रभात

**बलरामपुर /** जनपद में इधर कुछ महीनो से कई पत्रकारों के साथ अप्रिय घटनाएं घट चुकी है । जिसको लेकर पत्रकार संगठन आदर्श प्रेस क्लब बलरामपुर ने संघर्ष करने का आवाहन किया है और पत्रकार को न्याय दिलाने को लेकर आज दिनाक को एक ज्ञापन एसपी केशव कुमार को देते हुए सारे मामले से अवगत कराते हुए न्याय और सुरक्षा की मांग की है जिसको लेकर बिंदुवार अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन एसपी कार्यालय पहुच एसपी बलरामपुर को दी है इसमें हमारी निम्नलिखित मांगे हैं।जिसमे

पत्रकार संपादक समग्र आवाज के साथ हुए घटना पर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और गंभीर रूप से घायल पत्रिका संपादक रमेश गुप्ता पर समान धाराओं में रिपोर्ट को गंभीर धाराओं के मुकदमे में प्रवर्तित किया जाए इसके साथ दिनाक 16 ,11,23 की घटना में गम्भीर रूप से घायल श्री गुप्ता और उनके परिवार और सहयोगियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाय क्योकि घटना में शामिल लोग बहुत ही शातिर संघटित लोग है कभी भी घटना को अंजाम दे सकते है ।

इसी क्रम में पत्रकार तुलसीपुर के निवासी पत्रकार को समाचार संकलन के दौरान मारपीट और मोबाइल छीनने की घटना की गई जिसमे स्थानीय प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की ।इसी क्रम में पचपेड़वा में हमारे पत्रकार साथी बदरुद्दीन चौधरी के साथ हुए घटनाओं में स्थानीय प्रशासन के द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई और पत्रकार पचपेड़वा बदरुद्दीन चौधरी पर ही कथित रूप से झूठे मुकदमे में कार्यवाही कर फसाया गया। जिसको लेकर एसपी बलरामपुर को एक लिखित ज्ञापन दे कर अवगत कराया गया कि पत्रकारों पर हो उत्पीड़न और अत्याचार हम नही सहेंगे जिसको लेकर प्रभावी पुलिस प्रशासन को निर्देशित किया जाए कि पत्रकारों पर उत्पीड़न पर तत्काल प्रभाव से विधिक कार्रवाई करें और समाचार संकलन जिसमें खनन एवं अवैध कटान के मामला होता है ।जिसमे पत्रकारों को समाचार संकलन के लिए सुरक्षा प्रदान की जाए । इस विषय को लेकर आदर्श प्रेस क्लब अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा ने कहा कि अगर उपरोक्त समस्याओं का समाधान एक हफ्ते में नहीं हुआ तो मजबूरन हमें शांति आंदोलन का सहारा लेना पड़ेगा जिसकी सारी जिम्मेदारी स्थानीय जिला प्रशासन होगा।जिसको लेकर एसपी केशव कुमार ने कहा कि डॉक्टरी रिपोर्ट के आधार पर विधिक कार्यवाही को प्रभावी बनाया जाय गा और पत्रकारों को न्याय दिलवाने को लेकर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# बिहार का घोड़ा एकता एक्सप्रेस ने बाजी मारकर हासिल किया प्रथम स्थान।

स्वतंत्र प्रभात



**सोहावल, अयोध्या।** तहसील अंतर्गत रौनाही में हाजी सरफराज़ खान द्वारा आयोजित हाजी ज़ुबेर खान एण्ड सुल्तान खान मेमोरियल घुड़दौड़ प्रतियोगिता में बिहार निवासी सैय्यद फरहान के घोड़े एकता एक्सप्रेस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

ज्ञात हो की रौनाही में पिछले 15 वर्षो से घोड़दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है घोड़दौड़ प्रतियोगिता के संयोजक बीकापुर विधानसभा से समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रत्यशी रहे हाजी फिरोज़ खान उर्फ गब्बर ने बताया कि यह प्रतियोगिता हमारे पिता के समय से ही प्रारंभ है जो अनवरत हो रही है, अब इस प्रतियोगिता को फिरोज खान गब्बर के बड़े भाई हाजी सरफराज़ खान के नेतृत्व में हो रही है।

प्रतियोगिता में बिहार, प्रयागराज, लखनऊ, बाराबंकी, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, गोंडा, सिद्धार्थ नगर, बस्ती, चंदौली, बांस बरेली, फैजाबाद, अंबेडकर नगर, आजमगढ़ सहित अन्य कई जनपदों के घोड़ा मलिक ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता के आयोजक हाजी सरफराज खान ने बताया कि फाइनल प्रतियोगिता के लिए 31 घोड़े ने क्वालीफाई किया था जिन्हें अलग-अलग चार ग्रुपों में दौड़ाया गया उन चार ग्रुपों से 9 घोड़े ने क्वालीफाई कर फाइनल में स्थान बनाया था जिसमें बिहार के सैय्यद फरहान का घोड़ा प्रथम, लखनऊ के मलिहाबाद निवासी मोहम्मद गौस खान का घोड़ा द्वितीय और बिहार निवासी विवेका पहलवान का घोड़ा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 51 हजार नगद व शील्ड, द्वितीय स्थान पर रहे घोड़े को 25000 नगद व शील्ड एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 11000 नगद एवं शील्ड प्रदान की गई। प्रतियोगिता में आयोजकों के घोड़े ने प्रतिभा नहीं किया था। हाजी सरफराज खान के भांजे दाउद अहमद खान के घोड़े ने दर्शकों का खूब मन लुभाया और चौथे राउंड की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भी प्राप्त किया लेकिन दाऊद ने अपनी सुरक्षा से अपने घोड़े को फाइनल में प्रतिभा करने से मना कर दिया उनका मानना था कि बाहर से आए हुए घोड़े को मौका मिलना चाहिए।

प्रतियोगिता का संचालन समाजवादी पार्टी नेता एजाज़ अहमद ने किया। प्रतियोगिता के दौरान बीकापुर विधानसभा से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी रहे हाजी फिरोज खान गब्बर, पूर्व प्रमुख सोहावल हाजी फिरदोस खान, समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एजाज़ अहमद, रौनाही प्रधान खुर्शीद खान, हैदराबाद से आए मोहम्मद अब्दुल्ला, साउथ अफ्रीका से इस प्रतियोगिता का आनंद लेने आए सोहेल अहमद, दिलशाद अहमद ,नान बच्चा पांडेय गोण्डा, अनवर सभासद, विवेकानंद पहलवान, राजा सिंह, बाबुल सिंह, राजकुमार प्रधान, आजाद सिद्दीकी, संतोष यादव ब्लॉक प्रमुख आजमगढ़, शोएब खान, दाऊद खान, मोहम्मद आमिल खान, एशात खान, जावेद खान, प्रमुख रूप से मौजूद रहे।।

# नर सेवा नारायण सेवा अपने-अपने सामर्थय के अनुसार

स्वतंत्र प्रभात



**अयोध्या-** अयोध्या 21 नवंबर चौदह कोशी परिक्रमा में कारसेकपुरम् और मणिराम दास छावनी के गंगा भवन के गेट पर श्रद्धालुओं के बीच भोजन प्रसाद का वितरण किया। मणिराम दास छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास ने कहा अयोध्या में अपनी श्रद्धा निवेदित करने पहुंचे परिक्रमार्थियों के बीच अंश मात्र सामाजिक सेवा से प्रभु स्वयं प्रसन्न होते हैं। कहां भी गया है नर सेवा नारायण सेवा अपने-अपने सामर्थय के अनुसार संगठन विभिन्न प्रकार के सेवा केंद्र इस धार्मिक आयोजन में संचालित करते हैं,श्रीमणि रामदास छावनी ने अपनी शाखा गंगा भवन द्वारा भोजन प्रसाद का वितरण रात्रि से प्रारंभ किया गया जो चौदहकोशी परिक्रमा की समाप्ति तक चलता रहेगा। इस दौरान रामवल्लभा कुंज के अधिकारी राजकुमार दास, शरद शर्मा, संत रामशंकर दास ,उमाशंकर मिश्र ,दीपक वैदिक आदि उपस्थित रहे। कारसेकपुरम् के मुख्य द्वार पर भी मां अन्नपूर्णा रसोई द्वारा पूड़ी, सब्जी वा खीर का वितरण विहिप नेता राजेन्द्र सिंह पंकज की उपस्थिति में किया गया। विहिप नेता ने कहा प्रत्येक वर्ष आज की तिथि पर श्रद्धालुओं की सेवा करने का हमे और संगठन को सौभाग्य प्राप्त होता आ रहा है।जिसे लगातार रखा जायेगा।

# नरसीपुरम में ज्वेलर्स की दुकान पर गन पॉइंट पर दिनदहाड़े लूट

**● मोटरसाइकिल सवार तीन तमंचा धारियों ने दिया घटना को अंजाम**



लूट पाट की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस लोगों से पूछताछ करती हुई।

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** थाना सदर बाजार की नरसीपुरम कॉलोनी में संजीव ज्वैलर्स पर बदमाशों ने गन प्वाइंट पर दिनदहाड़े लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। दिनदहाड़े हुई वारदात से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। लूट की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। मौके पर पहुंचे एसपी सिटी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर बदमाशों की तलाश के लिए चार टीमें लगाई हैं। टीमें आसपास के सीसीटीवी देख रहे ही है। इसमें बदमाश एआरटीओ कार्यालय की तरफ जाते हुए दिखाई दे रहे है। एसपी सिटी एमपी सिंह ने बताया कि नरसीपुरम कॉलोनी में संजीव वर्मा की ज्वेलर्स की दुकान है। यहां मोटरसाइकिल पर सवार तीन बदमाश आये और इनकी दुकान में लूटपाट की। इसके संबंध में हमारे द्वारा सर्विलांस और एसओजी की टीम को लगाया गया है। इंस्पेक्टर रिफाइनरी और एक टीम एसओ सदर बाजार की लगाई जा रही है। लूटपाट कितने की हुई इस बार में पूछताछ की जा रही है। पीडित दुकानदार ने बताया कि तीन लोग मोटरसाइकिल से आये थे। तीनों के हाथ में तमंचा लग रहा था। एक ने मेरे उपर फायरिंग की। ये लोग सोने, चांदी का सामान और 2.5 लाख रुपये रखे थे वह भी ले गये। उस दुकान पर संजीव के पुत्र अभिषेक अपने बेटे माधव के साथ मौजूद थे। बदमाशों ने आते ही पिता पुत्र के ऊपर तमंचा तान दिया और सोने चांदी के आभूषणों को समेटने ले गये। बदमाशों को देखकर आसपास के लोग आए तो बदमाशों ने फायरिंग करना शुरू कर दिया। एक गोली दुकान के शटर को भेद कर पार हो गई। फायरिंग होते ही इलाके में दहशत फैल गई। लोग भयभीत हो गए। बदमाशों की तलाश को जिले में नाकाबंदी करके संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कराई जा रही है। पुलिस टीम सीसीटीवी देख रही है। इसमें बदमाश एआरटीओ कार्यालय की ओर जाते हुए दिखाई दे रहे है।

## चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो पकडे

**मथुरा।** थाना हाईवे पुलिस ने फर्जी नम्बर प्लेट लगी चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना हाईवे उमेश चन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि सीताराम ठाकुर पुत्र पदम सिंह हाल निवासी ग्राम चौमुंहा थाना जैत जनपद मथुरा मूल निवासी शहदपुर सेही थाना शेरगढ तथा रामनिवास ठाकुर पुत्र लोहरे निवासी ग्राम पिपरोठ थाना फरह को गिरफ्तार किया गया है। दोनों को सोमवार को राधावैली बिजली घर के पास से चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया।

# अक्षय नवमी पर मन्दिर परिसर में श्रद्धालुओ की उमड़ी भीड़

स्वतंत्र प्रभात



**अम्बेडकरनगर।** जिले के विकास खण्ड़ जहांगीरगंज अन्तर्गत श्री लल्लन जी ब्रह्मचारी मुमुक्षु आश्रम थान्हेश्वरम इन्दौर पुर उर्फ घिनहापुर मन्दिर परिसर में अक्षय नवमी का व्रत विधि-विधान के साथ आंवला के पेड़ के नीचे मन्दिर पुजारियों ध्दारा पूजा पाठ किया गया।अक्षय नवमी पर मन्दिर में श्रद्धालु ओ की उमड़ी भीड़ भंडारे का किया गया वितरण। क्षेत्रीय एवं दूर दराज से आए हुए श्रद्धालुओं ने मंदिर की परिक्रमा कर प्रसाद और भंडारा किया ग्रहण। अक्षय नवमी का व्रत विधि-विधान के साथ आंवला के पेड़ के नीचे पंडित द्वारा पूजा पाठ कर मनाया गया। जिसमें काफी संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। श्री श्री 1008 सत्यव्रत ब्रह्मचारी जी महाराज ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष नवमी तिथि को अक्षय नवमी के रूप में मनाया जाता है। वहीं कहा कि आंवला वृक्ष में भगवान विष्णु सहित कई देवताओं का वास होता है। सतयुग का आरंभ इसी दिन को माना गया है। इसी दिन आंवले के वृक्ष की पूजा करने का विधान है। ऋग्वेद और आयुर्वेद में भी आंवले के फल का प्रयोग करने से मानव शरीर को आरोग्य प्रदान करता है। साथ ही मानव शरीर में प्रतिरोधक क्षमता में व्यापक रुप से बढ़ोतरी ही होती है। इस मौके पर वरिष्ठ समाज सेवी मनोज जायसवाल, वरिष्ठ समाजसेवी व मास्टर पवन कुमार द्विवेदी, पुजारी दीनदयाल यादव गुलाब यादव सुभाष यादव सुरेंद्र यादव सचिन यादव विकास ग्राम प्रधान महेंद्र यादव राधेश्याम बर्मा अर्जुन यादव जनसेवा केंद्र सोमनाथ अनिल कुमार शिवानंद सुरक्षाकर्मी थाना राजेसुल्तानपुर सहित मंदिर के पुजारी सहयोगी कार्यकर्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# भाजपा ने जिला प्रभारियों की नियुक्ति कर सौपी जिम्मेदारी

स्वतंत्र प्रभात

**अंबेडकरनगर।** भारतीय जनता पार्टी ने लोक सभा चुनाव नजदीक आते देख अपने सांगठनिक ढांचे को मजबूत बनाने का कार्य शुरू कर दिया है।भाजपा प्रदेश नेतृत्व ने सोमवार को प्रदेश की जनपदों के क्षेत्र और जिला प्रभारियों की नियुक्ति कर दिया है।जिसमें भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रुद्र सेन चौधरी को अंबेडकर नगर जनपद,निवर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी को अयोध्या जनपद और जिला प्रभारी रहे भाजपा क्षेत्रीय महामंत्री विजय प्रताप सिंह को अयोध्या महानगर का प्रभारी बनाया गया है।

उपरोक्त नेताओं को जनपद का प्रभारी बनाए जाने पर भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने बधाई देते हुए कहा है कि भाजपा के कुशल संगठनकर्ता प्रभारी के रूप में लोक सभा चुनाव में अयोध्या लोक सभा सीट को पुनः भाजपा की झोली में भारी बहुमत से कमल खिला कर डालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इनके सांगठनिक अनुभवों से जनपद का संगठन और मजबूत होगा।कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार ही देश को विश्व पटल पर नई पहचान दिला रही है।

देश और प्रदेश की जनता का विश्वास भाजपा पर ही है।जिसे जनता आगामी लोक सभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड बहुमत की सरकार बना कर प्रमाणित कर देगी। उपरोक्त नेताओं को प्रभारी के रूप में नई जिम्मेदारी सौंपे जाने पर मुख्य रूप से विधान परिषद सदस्य डाक्टर हरि ओम पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा,पूर्व मंत्री धर्म राज निषाद,पूर्व जिलाध्यक्ष पूर्व भाजपा विधान सभा प्रत्याशी कपिल देव वर्मा,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह मिंटू,चेयर मैन ओमकार गुप्ता, ब्लाक प्रमुख संजय सिंह, गौरव सिंह, अनिल वर्मा मौसम, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि डाक्टर राना वीर सिंह, जिला महामंत्री बाबा राम शब्द यादव, अमरेंद्र कांत सिंह,सुरेश कन्नौजिया,दिलीप पटेल देव, जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय आदि ने बधाई दी है।

# शौचालय निर्माण में घटिया सामग्री एवं दोयम दर्जे की ईट का प्रयोग

**● विकासखंड बसखारी परिसर में ही हो रहा कार्य**



स्वतंत्र प्रभात

**अम्बेडकरनगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की छवि को जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी धूमिल कर रहे हैं। एक तरफ सरकार भ्रष्टाचार को रोकने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कटिबद्ध है। वही दूसरी तरफ ब्लॉक के अधिकारी सत्ता पक्ष के ब्लॉक प्रमुख निधि के रुपए को जमकर पलीता ठेकेदार लगा रहा है।मुख्यमंत्री आदित्यनाथ के कर कमलों के साथ जिलाधिकारी अविनाश सिंह रास्ते पर चल रहे हैं लेकिन कहीं न कहीं जिला अधिकारी अविनाश सिंह की छवि खराब करने पर तुले है। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी एक तरफ स्वच्छ भारत मिशन के तहत घर-घर शौचालय बनवाने का योजना चला रहे है। दूसरी तरफ बसखारी ब्लॉक परिसर में ही स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय का निर्माण कराया जा रहा है जो बिल्कुल घटिया सामग्री और दोयम दर्जे की ईट से कराया जा रहा है।इसकी खबर सोशल मीडिया पर लगातार चल रही है लेकिन कहीं ना कहीं सत्ता पक्ष ब्लॉक प्रमुख होने के नाते जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई करने में हाथ कांप रहे हैं । यह सत्ता की हनक नहीं है तो क्या है??। ब्लॉक प्रमुख एक ऐसा पद है जो विकास के रास्ते को तय करता है और जनता से सरोकार रखने वाला पद है आखिर इस तरीके ब्लॉक परिसर में भ्रष्टाचार किया जा रहा है तो क्षेत्र में ब्लॉक प्रमुख निधि का क्या हाल होगा आप समझ सकते हैं। कहीं न कहीं जिला प्रशासन की छवि खराब करने में अहम भूमिका भी निभा रहे हैं। जब से जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने अंबेडकर नगर की5 कार्यभार संभाला है। तब से भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए कार्यवाही पर कार्रवाई हो रही है।जो क्षेत्र की भ्रष्टाचार को रोकने की बात करते हैं वो अपने ब्लॉक परिषद को नहीं संभाल पा रहे है।दोयम दर्ज की घटिया ईट और मानक विहीन मसाले के दम पर बिल्डिंग



खड़ी हो रही है।आखिरकार बजट के साथ क्यों गंदा खेल खेला जा रहा है।दोयम दर्जे की घटिया ईट को छुपाने के लिए आनन-फानन में प्लास्टर का काम छुट्टी के दिन भी तेजी से किया जा रहा है। खंड विकास अधिकारी को न बजट की जानकारी है और न ही इस्टीमेट की न मानक की और न ही गुणवत्ता की जानकारी है। क्या उच्च अधिकारियों द्वारा शौचालय निर्माण की जांच निष्पक्ष हो पाएगा ।यूपी सरकार की मनसा पर पानी फेरने वाले भ्रष्टाचारी अधिकारियों और नेता पर क्या बाबा का हंटर चलेगा।

# शिव की अमर कथा सुन कर श्रद्धालु हो गये भाव विभोर

**● स्वामी ज्ञान सागर को सुनने बडी संख्या में पहुंच रहे लोग**

**-औरंगाबाद स्थित रामलीला मैदान में चल रही है भगवान शिव की अमर कथा**



स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** औरंगाबाद के रामलीला मैदान में आयोजित भगवान शिव की कथा सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गये। प्रवक्ता अहमदाबाद गुजरात से आये स्वामी ज्ञान सागर महाराज ने अमर कथा का प्रसंग सुनाया। स्वामी ज्ञान सागर महाराज के मुख से अमर कथा सुनने के लिए बडी संख्या में श्रद्धालु औरंगाबाद स्थित रामलीला मैदान पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि सती अमर कथा सुनते सुनते सोई नहीं थी बल्कि अमर कथा में खो गई थीं। जिस तोते की अंडे की बात सभी करते हैं उस गुफा में अंडा ही नहीं था। वहां शिव शक्ति से सुखदेव जी का जन्म हुआ था। स्वामी ज्ञान सागर ने चारों युगों के बारे में भी श्रद्धालुओं के साथ चर्चा की। उन्होंने बताया कि पहला युग सतयुग है जो ब्रह्माजी का युग है। दूसरा युग त्रेता युग है जो शिवजी का युग है। तीसरा द्वापर युग नारायण का युग है। चौथा युग कलयुग है, इस युग में कल्कि अवतार नहीं बल्कि महाशक्ति अवतार होगा। स्वामी ज्ञान सागर ने कथा में बताया कि एक बार नारद जी शिव स्थली कैलाश पर्वत आकर सती माता से कहने लगे कि शिव जी अमर हैं लेकिन उनके गले में पड़ी नर मुंड जिनको शिवजी हमेशा अपने हृदय से लगाये रहते हैं, आप से ज्यादा नरमुंडों से प्रेम करते हैं। सती ने मन में ठान लिया कि शिव जी से नरमुंडों का रहस्य जानना ही होगा। सती ने शिव जी से कहा कि आप मुझसे अधिक नर मुंडों से प्रेम करते हैं। उनको हमेशा से लगाये रखते हैं, इस का रहस्य आपको बताना पडेगा। शिव जी बोले मेरे गले में जो नरमुंड हैं वह आपके ही नर मुंड हैं। आपने साधना कर के नौ अवतार लिये शैलपुत्री से लेकर महागौरी तक ये आपके ही स्वरूप हैं। आपका जो स्वरूप गिरता गया उसे लेकर मैं माला बना कर अपने हृदय से लगाये रखता गया। सती ने शिव जी के मुख से राज जानकर स्वं को धन्य जाना।

# मृत बकरियों का मुआवजा न मिलने पर भाकियू ने तहसील में किया हंगामा

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** नौहझील के गांव चिंतागढ़ी में 26 सितम्बर को मरी छह बकरियों का मुआवजा न मिलने पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने तहसीलदार कार्यालय के सामने जमकर हंगामा काटा। मजदूर चुन्नीलाल की छह बकरियों के ऊपर अज्ञात जानवर ने हमला कर मार डाला था, बकरियों का पोस्टमार्टम हुआ और थाना नौहझील में रिपोर्ट भी लिखाई गई, पर संबंधित लेखपाल व अन्य कर्मचारी मुआवजा देने के नाम पर ताल मटोल करते रहे। सोमवार को भाकियू के कार्यकर्ता चुन्नीलाल को लेकर तहसीलदार कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन पर बैठ गए और जमकर हंगामा किया।तहसीलदार पर अनसुनी का आरोप लगाते हुए धरना स्थल से उठ कर तहसीलदार चौंबर के गेट पर बैठ गए। इसके बाद थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार व तहसीलदार पवन कुमार गुप्ता ने किसानों की बात सुनी और उन्होंने बकरियों के मामले में दो दिन के अंदर जाँच रिपोर्ट देने के निर्देश नायब तहसीलदार जयंती मिश्रा को दिए। इसके बाद किसानों ने तहसीलदार को एक ज्ञापन भी सौंपा जिसमें किसानों की कई समस्याओं का जिक्र किया गया है,भाकियू जिला महासचिव रोहिताश चौधरी ने कहा कि जल्द समस्याओं का निस्तारण नहीं हुआ तो बड़े पैमाने पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# संक्षिप्त ख़बरें

## वीवी गिरी नेशनल इंस्टीट्यूट ने अपर श्रम आयुक्त को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित



**कानपुर।** वी वी गिरी नेशनल इंस्टीट्यूट द्वारा 6 माह के प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपर श्रम आयुक्त को प्रमाण पत्र देते हुए किया सम्मानित है। इस अवसर पर अपर श्रम आयुक्त सोम्या पांडेय ने कहा कि शिक्षा हर कदम पर आवश्यक है, शिक्षा कभी पूरी नहीं होती। अपर श्रम आयुक्त सौम्या पाण्डेय को वी वी गिरी नेशनल इंस्टीट्यूट द्वारा 6 माह का प्रशिक्षण कार्यक्रम( Diploma in Labour Relation and Social Dialogue ) पूर्ण करने के उपरांत उन्हें प्रमाण पत्र देकर नवाजा गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम श्रमिको के हितार्थ एवं उनके उत्थान व सामाजिक परिद्रश्य के सम्बन्ध में था। उन्होंने इस प्रमाण पत्र मिलने के बाद अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा की वह अपनी सम्पूर्ण शिक्षा श्रमिको व अन्य जरूरतमंदो को समर्पित कर दी है साथ ही उन्होंने यह भी कहा सरकार ने उनको जो दायित्व दिए है वह उनको पूरा करने में कटिबद्ध है।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने वोटर चेतना महाभियान में भाग लिया



**कानपुर।** आज कानपुर क्षेत्रीय भाजपा कार्यालय में वोटर चेतना महाअभियान का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा प्रदेशाध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने की। बैठक में उपस्थित क्षेत्र के तमाम भाजपा नेता विधायक पूर्व विधायक व मेयर प्रमिला पांडेय ने माननीय प्रदेश अध्यक्ष श्री भूपेंद्र सिंह चौधरी और कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रभारी अनूप गुप्ता जी का स्वागत किया गया। उक्त बैठक में सभी भाजपा कार्यकर्ताओं से नये वोटरों को जोड़ने पर प्रदेश अध्यक्ष द्वारा जोर दिया गया।

## पुलिस अधीक्षक ने किया बेरिया घाट का निरीक्षण दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**मल्लावां हरदोई** पुलिस अधीक्षक ने व अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी द्वारा कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान के चलते थाना मल्लावां क्षेत्रांतर्गत बेरिया घाट का निरीक्षण कर सुरक्षा के सभी मापदंडों का जायजा लिया गया व संबंधित को उचित व्यवस्था बनाए रखने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए, इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक केशव प्रसाद गोस्वामी सहित एडिशनल एसपी नृपेंद्र सिंह,मल्लावां नगर पालिका अधिकारी ईओ प्रेमनाथ माधोगंज ईओ सहित मल्लावां कोतवाल शेषनाथ सिंह अजीत सिंह सहित तमाम अधिकारी मौके पर पहुंचे।

## एसएमडी महाविद्यालय में क्षेत्र पंचायत सदस्यों का हुआ प्रशिक्षण



**कछौना, हरदोई।** कस्बे के एसएमडी पटेल महाविद्यालय में क्षेत्र पंचायत सदस्यों का प्रशिक्षण व में क्षेत्र पंचायत को क्षेत्र के विकास की हम कड़ी जनप्रतिनिधियों ने बताया। वह प्रतिनिधि के रूप में क्षेत्र का विकास करते हैं। जनप्रतिनिधि गण विधायक अलका अर्कवंशी, विधायक रामपाल वर्मा, सदस्य विधान परिषद अशोक अग्रवाल, नगर प्रमुख राधा रमण शुक्ला उर्फ पंकज, जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बर ने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डाला, उन्होंने बताया देश पीएम मोदी जी के नेतृत्व में विकास की ओर अग्रसर हो रहा है। सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का सीधा लाभ लाभार्थियों को मिल रहा है। बिचौलिए दूर-दूर तक नजर नहीं आ रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा युवा नेता संचित अग्रवाल, भाजपा उपाध्यक्ष सिद्धपाल सिंह, मंडल अध्यक्ष नवीन पटेल, महामंत्री शिवम मिश्रा सहित भाजपा पदाधिकारी व क्षेत्र पंचायत गण मौजूद रहे।

## बुखार के चलते 35 वर्षीय युवक का निधन

**कछौना, हरदोई।** नगर पंचायत कछौना पतसेनी के मोहल्ला कछौना बाजार पूर्वी का 35 वर्षीय युवक रिंकू शुक्ला का बीमारी के चलते समय निधन हो गया। इस घटना से परिवार के सामने दुख का पहाड़ टूट पड़ा। मिली जानकारी के अनुसार कस्बा कछौना के मोहल्ला कछौना बाजार पूर्वी के रिंकू शुक्ला पुत्र उमाशंकर शुक्ला उम्र 35 वर्ष कई दिनों से बुखार से बीमार चल रहे थे। दीपावली के बाद ससुराल गए थे, वहां पर निधन हो गया। मृतक वाहन बीमा का कार्य कर परिवार का भरण पोषण करता था। मृतक की एक मासूम 5 वर्ष की बेटी है। इस असमय घटना से परिवार के ऊपर दुख का पहाड़ टूट पड़ा। इस दुख की घड़ी में लोगों ने पहुंचकर परिवार को ढाढ़स बंधाया।

# प्राइवेट गन्ना खरीददारों से नाराज किसानों ने की सड़क जाम, पुलिस ने दो ट्रैक्टर ट्रालियों को किया सीज

(रामनिवास गुप्त)

स्वतंत्र प्रभात



**महमूदाबाद-सीतापुर।** महमूदाबाद तहसील महमूदाबाद के थाना रामपुर मथुरा क्षेत्र के रेउसा महमूदाबाद मार्ग पर स्थित ग्राम मियापुरवा में कल मंगलवार को किसानों ने कम रेट पर गन्ना खरीदे जाने को लेकर सड़क जाम कर दी गयी। किसानों द्वारा प्राइवेट गन्ना क्रेता पर आरोप लगाते हुए बताया कि मियां पुरवा में एक प्राइवेट गुड़ भठ्ठी लगी हुई है, गुड़ भट्ठी मालिक द्वारा किसानों का गन्ना अपने मनमाने रेट 100 रुपये प्रति कुंटल खरीदा जाता है। किसानों का यह भी कहना है कि आखिर हम लोग अपना गन्ना कहाँ जाकर बिक्री करे। कई किसानों ने यह भी बताया कि महमूदाबाद मिल में जो गन्ना रिजेक्टेड कर दिया जाता है उस गन्ना को लेकर हम लोग आखिर कहां जाए। किसानों ने कहा कि इस समय गन्ने का रेट 250 रुपये प्रति कुंटल होना चाहिए। किसानों द्वारा सड़क जाम किये जाने की जानकारी पुलिस को जब हुई तो आनन फानन में पहुंची रामपुर मथुरा, थान गांव व महमूदाबाद पुलिस ने जाम न हटाने वाले किसानों के कई ट्रैक्टर ट्रालियों को सीज करते हुए सड़क का जाम खुलवाया। रेउसा महमूदाबाद मार्ग जो कई घंटे से बाधित था, उसका आवागमन पुलिस ने चालू करा दिया है। किंतु समाचार लिखे जाने तक किसानों की समस्या का कोई हल नही निकल पाया था।

# कानपुर में लुटेरी दुल्हन को गिरफ्तार, कर भेजा जेल

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** कमिश्नरेट की कल्याणपुर पुलिस ने लुटेरी दुल्हन संगीता देवी उर्फ संगीता पाल पुत्री दयाराम पाल उम्र 24 वर्ष निवासी बटपरू थाना रसूलाबाद जिला कानपुर देहात को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कल्याणपुर पुलिस के अनुसार इस बात की शिकायत 8 नवंबर को शिवम् पाल पुत्र नवाब सिंह उम्र 24 वर्ष निवासी कृष्णा नगर मंडी समिति, पुखरायां, जिला कानपुर देहात ने की थी। इसी शिकायत पर प्रभारी निरीक्षक द्वारा गठित टीम ने दविश देकर लुटेरी दुल्हन को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि यह लुटेरी दुल्हन सोशल मीडिया के माध्यम से पुलिस के सिपाही अथवा अन्य नौकरी करने वाले लड़कों को अपने प्रेम जाल में फंसाकर अपने कल्याणपुर में किराए के कमरे पर बुलाकर उनके स्पाई कैमरे से वीडियो बनाकर उनसे रुपए की मांग करती थी। मांग पूरी न करने पर मुकदमा में फंसाकर जेल भेजने की धमकी देती थी।

अभियुक्त संगीता पाल द्वारा मध्यप्रदेश पुलिस में नियुक्त हैं.का. विनय कुमार यादव को फेसबुक के माध्यम से अपने प्रेम जाल में फंसाया गया एवं उसको कल्याणपुर स्थिति किराए के कमरे में बुलाकर उसके साथ स्पाई कैमरे से वीडियो बनाए गए एवं वीडियो के आधार पर पैसों की मांग की गई जब विनय ने पैसे देने से मना कर दिया तो उसको न्यायालय में धारा 156(3) सीआरसीपी के तहत आवेदन कर दिया गया। जिसके बदले में विनय से एक लाख 90 हजार रुपए लिए और उसकी पढ़ाई के लिए 6 हजार रुपए महीने पर समझौता हुआ। इसके कुछ समय बाद संगीता पाल द्वारा सीतापुर जेल में नियुक्त



आरक्षी शिवम् पाल को फेसबुक के माध्यम से अपने प्रेम जाल फंसाकर वीडियो बनाकर विनय से रुपए मांगने लगी और बोली मुझसे शादी करो या फिर 10 लाख रुपए दो और मेरा खर्चा उठाओ नहीं तो मैं तुम्हारे खिलाफ एफआईआर पंजीकृत कराऊंगी। इस दबाव में आकर शिवम् ने आर्य समाज मंदिर मन्धना में शादी कर ली। शादी के कुछ समय बाद पुनः शिवम से 10 लाख रुपए की मांग करने लगी।

# ट्रैक्टर ट्रॉली के पलटने से युवक की हुई मौत घर में मचा कोहराम

स्वतंत्र प्रभात

**सीतापुर सीतापुर** क्षेत्र में गोबर की खाद लेकर जा रहे एक युवक की दर्दनाक हादसे में मौत हो गई गोबर की खाद से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली अचानक अनियंत्रित होकर एक गहरी खाई में जाकर पलट गई इस दर्दनाक हादसे में ट्रैक्टर पर सवार चालक की ट्रैक्टर के नीचे दबने से मौत हो गई। परिजनों संग ग्रामीणों ने मिलकर युवक के शव को बाहर निकाला और मामले की जानकारी पुलिस को दी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटना तंबौर थाना इलाके की है यहां हादसे में युवक की मौत हो जाने से परिवार में कोहराम मच गया मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम दलपतपुर निवासी राहुल पुत्र अवधराम गांव से गोबर की खाद को ट्रैक्टर ट्राली में भरकर अपने खेतों की तरफ सड़क मार्ग से लेकर जा रहा था इसी दौरान बीच रास्ते में ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे गहरी खाई में जाकर पलट गया स्थानीय राहगीरों ने मामले की सूचना गांव में दी घटना की जानकारी मिलते ही सैकड़ों ग्रामीण और परिजन मौके की ओर दौड़ पड़े खाई के साथ तालाब में ट्रैक्टर पहुंचने से ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद खाद में दबे चालक राहुल



को कड़ी में सकट के बाद बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी घटना की सूचना पर मौके पहुंची पुलिस ने 100 को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृतक युवक परिवार में तीन भाइयों में सबसे बड़ा था।

# शिकायत पर जानकीपुरम इलाके में लगा हाई मास्ट लाइट

स्वतंत्र प्रभात

**राजधानी लखनऊ** में मुख्यमंत्री जन सुनवाई पोर्टल पर शिकायत का संज्ञान लेते हुए लखनऊ नगर निगम के मार्ग प्रकाश विभाग ने जानकीपुरम इलाके में हाई मास्ट लाइट लगवाया। आपको बता दे लखनऊ जनकल्याण महासमिति के उपाध्यक्ष तथा समाज सेवी विवेक शर्मा ने जानकीपुरम इलाके के सेंट मैरी अस्पताल से नहर रोड की तरफ जाने वाली सड़क पर मार्ग प्रकाश की व्यवस्था न होने की शिकायत आईजीआएस के माध्यम से की थी जिसके बाद नगर निगम मार्ग प्रकाश विभाग ने उक्त आईजीआएस का संज्ञान लेते हुए जनहित में सेंट मैरी अस्पताल चौराहे पर हाइ मास्ट लगवाया जिसका उदघाटन समाज सेवी विवेक शर्मा ने नारियल फोड़ कर किया ।। उक्त जगह पर हाई मास्ट लगने से इलाके में स्थित जनेश्वर एन्क्लेव ,जानकीपुरम गार्डन,सृस्टि अपार्टमेंट सहित अस्पताल परिसर के कर्मचारियो ने समाज सेवी विवेक शर्मा का आभार व्यक्त किया।।

### मौके पर पहुँची क्षेत्रीय पार्षद राजकुमारी मौर्या

जानकीपुरम द्वितीय वार्ड की पार्षद राजकुमारी मौर्या भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुई , पार्षद राजकुमारी मौर्या ने कहा योगी सरकार में आम जनता की बात सबसे पहले सुनी जाती है और उसका निस्तारण भी किया जाता है जिसका जीता जागता उदाहरण सबके समक्ष है। पार्षद मौर्या ने क्षेत्र के समाज सेवी विवेक शर्मा को धन्यवाद देते हुए कहा कि वे लगातार मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल के तहत जनहित के मुद्दे उठाते रहते है जिसका सरकार द्वारा तत्काल संज्ञान भी लिया जाता है , आज के हुए जनहित कार्य को लेकर पार्षद ने कहा की सेंट मैरी होस्पिटल वाले चौराहे पर हाइ मास्ट लाइट न होने से यहां अंधेरा पसरा रहता था ,समाज सेवी विवेक शर्मा द्वारा उक्त मामले का आईजीआरएस किया गया उसके बाद नगर निगम मार्ग प्रकाश के अधिकारियों ने इस जनहित कार्य को पूर्ण कराते हुए चौराहे पर हाई मास्ट लाइट लगवा दिया जिसका शुभारम्भ समाज सेवी तथा जनता ने मिलकर नारियल तोड़कर किया।

### क्षेत्रीय निवासियों ने भी समाज सेवी का किया धन्यवाद

इलाके के निवासी अनुपम गुप्ता कहते है कि समाज सेवी विवेक शर्मा लगातार जनहित के कार्य को निःस्वार्थ उठाते रहते है, अनुपम गुप्ता ने बताया कि सृष्टि अपार्टमेंट के बेसमेंट में एअर निकलने की व्यवस्था नही थी जिससे सफाई के वक्त भूतल में धूल भर जाता था और दिन भर भरा रहता था उक्त मामले के निस्तारण के लिए विवेक शर्मा ने प्राधिकरण के दफ्तर का चक्कर काट काट के भूतल में एअर एग्जास्ट लगवाया। सलभ आवास के संतोष गिरी बताते है कि उनके यहां परिसर में बना बाउंड्री वाल गिर गया था जिसके लिए कई बार शिकायत किया गया लेकिन सुनवाई नही हुई उसके बाद विवेक शर्मा ने उक्त मामले की शिकायत मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल तथा ट्वीट पर कर दी जिसके बाद लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष इंद्रमणि त्रिपाठी ने मामले का संज्ञाना लेते हुए सुलभ आवास का दौरा किया और और समय रहते गिरी हुई बाउंड्रीवाल का कार्य कराया ।।



अलीगंज के सेक्टर एल निवासी श्याम जी सिंह बताते है कि कुर्सी रोड स्थित मामा चौराहे से चर्च रोड तक मार्ग प्रकाश की व्यवस्था दशकों से नही थी , क्षेत्र के लोगो ने कई बार मामले की शिकायत की लेकिन यह मार्ग अंधेरे में पड़ा रहा जिससे काफी घटनाये भी कारित हुई, उसके बाद क्षेत्र के निवासियों ने समाज सेवी विवेक शर्मा से मुलाकात कर इस जनहित के मुद्दे को बताया , क्षेत्र के निवासी बताते है कि उक्त मामले को भी विवेक शर्मा ने मुख्यमंत्री जन सुनवाई पोर्टल पर शिकायत किया ,कई महीने बीत जाने के बाद नगर निगम मार्ग प्रकाश ने मामले का संज्ञान लिए और चार सौ मीटर के दायरे में चौदह स्ट्रीट लाइटे लगवा दी जिससे जनता में काफी खुशी है।।

### समाज सेवी ने मुख्यमंत्री का किया धन्यवाद-

समाज सेवी विवेक शर्मा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके द्वारा किये गए सभी जनहित के शिकायत का संज्ञान तत्काल लिया जाता है इससे यह साफ जाहिर होता है कि उत्तर प्रदेश के सभी विभाग मुख्यमंत्री के मंशा अनुरूप ही कार्य कर रहे है।

# पांच दिनों से लापता युवक का कुएं में मिला शव इलाके में फैली सनसनी, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

स्वतंत्र प्रभात

**महोली सीतापुर** महोली थाना क्षेत्र में बीते 5 दिनों से लापता एक युवक का शव कुएं के अंदर बरामद होने से हड़कंप मच गया परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कुएं से शव को निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया पर जिन्होंने अभी तक किसी भी आप से इनकार करते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। परिजनों ने गुमसुदगी दर्ज कराकर युवक की पिछले 5 दिनों से लगातार तलाश कर रहे थे मामला महोली कोतवाली इलाके का है यहां बड़ागांव ढकिया मार्ग पर एक युवक का कुएं से शव बरामद हुआ जानकारी के अनुसार, ग्राम बड़गांव निवासी सचिन सक्सेना पुत्र मनोज सक्सेना पेशे से बस चालक है परिजनों ने बताया कि बीते 15 नवंबर को युवक सचिन घर से बाजार की तरफ निकला था लेकिन वापस घर नहीं पहुंचा दो दिनों तक काफी खोज बीन के बाद जब सचिन का कोई पता नहीं लगा तो परिजनों ने 17 नवंबर को महोली कोतवाली में सचिन की गुमशुदा की रिपोर्ट दर्ज कराकर उसकी तलाश और तेज कर दी परिजनों की खोजबीन के दौरान बड़ागांव ढकिया मार्ग पर एक कुएं के पानी में शव उतरता हुआ दिखाई देने पर मामले की सूचना पुलिस को दी घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को निकाल कर युवक



की सिनाट्रा की और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया सीओ महोली अमन सिंह का कहना है कि परिजनों ने अभी तक किसी भी प्रकार के आरोपों से इनकार करते हुए तहरीर नहीं दी है पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मामले की छानबीन करेगी।

# धारदार हथियार से अधेड़ व्यक्ति को उतारा मौत के घाट, पुलिस ने आरोपी युवक को किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

**मछरेहटा सीतापुर** मछरेहटा थाना क्षेत्र में अधेड़ व्यक्ति की धारदार हथियार से वारकर निर्मम हत्या से हड़कंप मच गया इस वारदात के पीछे जमीनी विवाद और पुरानी रंजिश की बात सामने आई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही एक विपक्षी के खिलाफ केस दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है घटना मछरेहटा थाना इलाके की है यहां खेत से वापस आ रहे युवक की सरेराह फरसे से काटकर मौत के घाट उतार दिया गया। जानकारी के अनुसार, ग्राम बेहड़ा निवासी पृथ्वीपाल का गांव के ही सुंदर नामक युवक से जमीन और नाली के विवाद को लेकर पुराना विवाद चल रहा था परिजनों के अनुसार आज दोपहर पृथ्वीपाल जब खेत से वापस घर आ रहा था तो उसी दौरान रास्ते में ही विपक्षी सुंदर से किसी बात को लेकर विवाद हो गया।

इसी विवाद के दौरान ही सुंदर ने पृथ्वीपाल पर धारदाए हथियार से ताबड़तोड़ प्रहार कर मरणासन्न हालात में छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर घायल को इलाज के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे



मृत घोषित कर दिया घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा पुलिस का कहना है कि पत्नी की तहरीर के आधार पर आरोपी सुंदर के खिलाफ की दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# श्रीराम का आदर्श जीवन चरित्र जन-जन को सही राह पर चलने की सीख देता है

स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई** विचपुरिया नौसहारा गांव के रामलीला में भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक नवनीत गुप्ता ने कहा सदियों से मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की पापनाशिनी कथा भारतीय संस्कृति में रची बसी है। श्रीराम का आदर्श जीवन चरित्र जन-जन को सही राह पर चलने की सीख देता है। उन्होंने कहा कि भगवान रामचंद्र मर्यादा पुरुषोत्तम हैं जिन्होंने एक बेटे के रूप में, एक पति के रूप में और एक राजा के रूप में पूरे देश में एक आदर्श रूप में उदाहरण पेश किया। उन्होंने कहा कि पट्टा अभिषेक के समय भगवान राम का जो मन था वही मन उस समय था जब उन्हें वनवास मिला। उन्होंने समाज के सामने एक आदर्श प्रस्तुत किया।

विचपुरिया नौसहारा गांव में रामलीला मैदान पर चल रही रामलीला में सीता की खोज, लंका दहन की लीला का मंचन किया गया। इस दौरान लोगो ने रावण की लंका दहन का मंचन भी देखा। उधर राक्षस राजा रावण ने हनुमान की पूंछ में आग लगाने का आदेश देते हैं तो हनुमान जी रावण की सोने की लंका को जलाकर उसका अहंकार तोड़ देते है। यह दृश्य देखकर रामलीला आयोजन स्थल पर मौजूद लोग हनुमान जी की और जय श्री राम के जयकारे लगाते हैं। हनुमान जी समुद्र पार कर अशोक वाटिका में मां सीता को भगवान श्रीराम द्वारा दी गई अंगूठी देते है। जिसको देखकर मां सीता की आंखे भर आती है। उन्होंने हनुमान को आशीर्वाद दिया। इस दौरान हनुमान ने अशोक वाटिका में पेड़ उखाड़ कर फेंक दिए। हनुमान और विभीषण के बीच संवाद भी होता है हनुमान की पूछ में रावण ने जब आग लगवा दी, तो उसके बाद हनुमान ने उसी पूछ से रावण की लंका में आग लगा दी। इस का मंचन किया गया।राक्षसों ने मां सीता को डराया। त्रिजटा ने कहा करो सीता की सेवा लंका दहन से पहले अशोक वाटिका में राक्षसी मां सीता को डरा कर कह रही थी कि आप रावण की रानी बन जाओ। इस दौरान त्रिजटा ने राक्षसी को समझाया कि उन्होंने एक सपना देखा है कि एक बानर अपनी पूछ से लगी आग से लंका को दहन कर रहा है। मैंने सुबह यह सपना देखा है। यह सपना सच होगा। इस दौरान मां सीता रोने लगती है ।इस दौरान हनुमान जी वृक्ष से भगवान राम के द्वारा दी गई अंगूठी को नीचे सीता के पास फेंक देते हैं। सीता अंगूठी देखकर अचंभित हो जाती हैं। इस



अवसर पर इस अवसर पर अंबरीष कुमार सक्सेना ने कहा कि अनुशासित जीवन से ही प्रगति पथ प्रशस्त किया जा सकता है मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का जीवन संपूर्ण समाज के लिए प्रेरणा स्रोत है। इस कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद के सभासद प्रतिनिधि रमाकांत मौर्य रचित गुप्ता पूर्व प्रधान मनोज सिंह, व्यवस्थापक रविंदर सिंह चौहान, नागेश्वर सिंह आकाश द्विवेदी डायरेक्टर अरुण कुमार सिंह, संस्थापक प्रताप दिवाकर, कोषाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह रमेश हेम सिंह मंगली कुशवाहा राजपाल कुशवाहा, सनत सिंह राम अवतार मुनेंद्र मुन्नू उर्फ नन्हे चौहान छोटे भैया चौहान सुधीर सिंह हरि सिंह हरिहर सिंह रणजीत सिंह दिनेश जगमोहन जीतू सहित अनेक ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# श्री आभूषणम दीपावली उपहार योजना के कांटेक्ट के परिणाम की निकली गई लॉटरी

**● - बिसवां सीतापुर कस्बे के प्रतिष्ठित ज्वैलरी शोरूम**

स्वतंत्र प्रभात

'श्री आभूषणम' में धनतेरस और दीपावली के अवसर पर आयोजित खरीद पर दीपावली उपहार योजना कॉन्टेस्ट के परिणाम की लॉटरी सोमवार को मंगरहिया बाजार स्थित शोरूम पर उपजिलाधिकारी मनीष कुमार के कर कमलों से निकाली गयी जिसमे प्रथम पुरस्कार के रूप में वाशिंग मशीन मियागंज निवासी मो जुबेर को मिली जबकी द्वितीय पुरुस्कार ट्राली बैग के लखनऊ के अन्नू पाल,को तृतीय पुरुस्कार डिनरसेट मोहल्ला मुराऊ टोला निवासी मो जुनैद को तथा चतुर्थ पुरुस्कार के रूप में पटेल नगर निवासी सरोज कुमार को मिला ब्लैंकेट। सभी विजेताओं को सैकड़ो प्रतिभागियों के समक्ष लाटरी निकाल कर उपजिलाधिकारी मनीष कुमार और शोरूम के प्रोपराइटर मोहित



जायसवाल और कृतिन जायसवाल ने उपहार भेंट कर बधाई दी। इस मौके पर राजू बज पीयूष शर्मा वीरेंद्र विक्रम सिंह आनंद मिश्रा सादिक वरिंदर सिंह इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# महाराजा सल्हीह सिंह अर्कवंशी स्मृति दिवस के रूप में होगा आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई** सुभासपा की समीक्षा बैठक संपन्न कार्यकर्ता अनुशासन में रहकर काम करें पार्टी सर्वोपरि है. सर्किट हाउस में सुभासपा की समीक्षा बैठक संपन्न हुई बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में सुभासपा राष्ट्रीय प्रवक्ता पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री रहे विशिष्ठ अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष मध्यांचल श्री अमरमणि कश्यप जी ने आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि 7 दिसंबर को सुभासपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाशराजभर जी का कार्यक्रम होने के संबंध में उन्होंने कार्यकर्ताओं से वार्ता की एवं कहा कि जो भी लोग पद लेकर बैठे हैं और काम नहीं कर रहे हैं वह लोग पार्टी को अपने समाज को धोखा दे रहे हैं। अनुशासन के दायरे में रहें साथ ही उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है कि कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के लिये आज से ही गांव गांव में जाकर लोगों एक जुट करके पार्टी की विचारधारा को बताने का कार्य करे साथ ही पार्टी ही होने वाले कार्यक्रम की जानकारी घर घर तक पहुचाए.. उन्होंने कहा कि जिस पदाधिकारी को जो जिम्मेदारी दी गई है वह सभी पदाधिकारी जिम्मेदारी के साथ काम करें उन्होंने देश की राजनीति में सुभासपा की अपनी अलग पहचान बना चुकी है कार्यक्रम कैसे भव्य हो इस संबंध में सभी की जिम्मेदारी है उन्होंने कहा कि लगभग सात सौ गांव अर्कवंशी समाज के चिन्हित किए जा चुके हैं कार्यक्रम में पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई जिसमें सभी पदाधिकारियों को लगाया जाएगा युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह अर्कवंशी



जिलाध्यक्ष श्री धर्म सिंह अर्कवंशी जी जिलाध्यक्ष शाह जहापुर सुभाष चन्द्र अर्कवंशी युवा मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष पुनीत अर्कवंशी जी जिला प्रभारी राजीव सिंह अर्कवंशी जी प्रदेश सचिव मनोज अर्कवंशी राममूर्ति अर्कवंशी प्रमुख महासचिव एडवोकेट अजय यादव जी शिवकुमार अर्कवंशी प्रदेश सूचना प्रभारी मोहित अर्कवंशी जी आयुष अर्कवंशी जी जिला महासचिव अलीम खान प्रदेश संगठन मंत्री ओमप्रकाश पाल आदि मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार 48 वर्षीय किसान की दर्दनाक मृत्यु

स्वतंत्र प्रभात

**कछौना, हरदोई।** जिंदगी की रफ्तार के बीच सड़क हादसों में घायलों व मरने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। तेज गति, यातायात नियमों की अनदेखी, सड़कों पर गड्ढे हादसों का कारण है। जिसका दंश प्रभावित व्यक्ति व परिवार को जीवन भर दे जाता है। लखनऊ हरदोई हाईवे मार्ग पर सोमवार की सांय कोतवाली कछौना के अंतर्गत ग्राम पुरा निवासी किसान नरेश पुत्र स्व0 गोविंद उम्र 48 वर्ष घर से मोटरसाइकिल से कछौना खेत में सिंचाई के लिए डीजल लेने आ रहे थे। इसी दौरान पीछे से अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। स्थानीय ग्रामीणों ने सूचना दी, परिजन घायल को निजी हॉस्टल ले आए, जहां पर डॉक्टर ने हालत गंभीर होने पर लखनऊ रिफर कर दिया। रास्ते में घायल की मृत्यु हो गई। इसी घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक के चार बच्चे हैं। मृतक कृषि कार्य कर परिवार का भरण पोषण करता था। इस घटना से परिवार के सामने भरण पोषण का संकट खड़ा हो गया है। रोड सेफ्टी के लिए सरकार द्वारा प्रभावी कदम न उठाए जाने के कारण नाबालिको द्वारा ड्राइविंग करना, तेज गति, शराब पीकर वाहन चलाना, छुट्टा जानवर,



ओवरलोड, सड़कों की जर्जर हालत व गड्ढे बिना हेलमेट आदि अहम कारणों से प्रतिदिन सड़क हादसों में लोगों की जान जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है।

# ऑनलाइन अटेंडेंस के विरोध में शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई।** मल्लावां उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आदेश अनुसार परिषदीय शिक्षकों की महानदेशक स्कूल शिक्षा के पत्र 10 नवंबर 2023 में ऑनलाइन अटेंडेंस के आदेश के विरुद्ध विकास क्षेत्र मल्लावां के सैकड़ो शिक्षकों ने ब्लॉक संसाधन केंद्र पर उपस्थित होकर प्रदर्शन किया तथा संगठन द्वारा प्रेषित प्रारूप पर महानिदेशक स्कूल शिक्षा के आदेश के विरुद्ध अपनी असहमति जता कर हस्ताक्षर किए तथा नारेबाजी की। सभी ने एक स्वर में कहा कि यह आदेश अव्यवहारिक है इसको बिल्कुल लागू नहीं होने दिया जाएगा, तथा संगठन से आंदोलन तेज करने की फरियाद की। उन्होंने कहा कि महानिदेशक द्वारा उक्त आदेश शिक्षकों के लिए काला कानून सा प्रतीत होता है । अधिकांश शिक्षको ने कहा पहले हमारी मांगों को पूरा किया जाए ,हम सभी शिक्षक महानिदेशक जी के प्रतिदिन नए आदेशों से तंग आकर के हस्ताक्षर बनाएं।इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष गजेन्द्र प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष बृजेश अवस्थी संगठन के पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार राघवेंद्र प्रताप सिंह राजेंद्र सिंह राजा रंगेश ,उपेंद्र कनौजिया सुधांशु



मोहन, आदर्श यादव प्रवीण कुमार, अजय कुमार अजय कनौजिया ,आदर्श कुमार निशा यादव रमेश, सीमा कनौजिया, शशि देवी शुभांकर, सत्य प्रकाश शुक्ला आदि सैकड़ो की संख्या में शिक्षक उपस्थित होकर तुगलकी फ़रमान के विरुद्ध असहमति जताई ।

# पुलिस को मिली बड़ी सफलता,अफीम तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ तीन व्यक्ति गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई पिहानी** मे पुलिस ने तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 2.10 ग्राम अफीम बरामद हुई है। सोमवार को पिहानी पुलिस को सूचना मिली थी कि वाइक से तीन अफीम तस्कर करावा तिराहा आने वाले हैं। मुखबिर की सूचना पर तत्काल कोतवाल धर्मदास सिद्धार्थ ने उपनिरीक्षक अरविंद कुमार, उप निरीक्षक मुईन, हेड कांस्टेबल पवन सिंह संदीप कुमार की टीम गठित बाइक रोककर तीन लोगों को पकड़ लिया। आरोपियों से बरामद अफीम की अंतर्राष्ट्रीय कीमत 8 लाख रुपये आंकी गई है। कोतवाल धर्मदास सिद्धार्थ ने बताया कि गुरनाम पुत्र सतनाम सिंह निवासी करावां फॉर्म थाना मझिला हरदोई के पास से अफीम बरामद हुई है। बलजिंदर पुत्र सुखदेव निवासी करावां थाना मझिला सज्जाद अली पुत्र शब्बीर निवासी अंगने पुरवा करावां थाना मझिला जनपद हरदोई क्षेत्र में अफीम बेचने का काम करते हैं। तीनों अफीम



तस्करों के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 677/23 धारा 8/18/29 NDPS ACT मे गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## संक्षिप्त ख़बरें

### नशा मुक्त अमेठी अभियान के अन्तर्गत थाना अमेठी पुलिस द्वारा कुल 55 ग्राम स्मैक के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार



**अमेठी।** जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत उपनिरीक्षक मंजीत सिंह थाना अमेठी मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त सचिन सरोज उर्फ विपिन सरोज पुत्र सुरेश सरोज निवासी ग्राम अगहर थाना व जनपद अमेठी उम्र करीब 21 वर्ष को वियसिया नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 55 ग्राम स्मैक बरामद हुआ । थाना अमेठी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

### ट्रक चालक ने लोडर में मारी टक्कर, लोडर चालक की हुई मौत,दो अन्य घायल



**लालगंज रायबरेली ।** लालगंज बछरावां मार्ग पर चांदा बन्नामऊ के पास एक अनियंत्रित ट्रक ने पिंकअप लोडर में टक्कर मार दी जिससे लोडर ड्राइवर की मौत हो गई है और दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार पिकअप लोडर गुरबक्श गंज की ओर से आकर फतेहपुर जा रहा था तभी चांदा बन्नामऊ के पास सामने से आ रहे ट्रक ने लोडर में टक्कर मार दिया। रास्ते में लिफ्ट लेकर रुकनापुर रहवां निवासी रामबाबू पुत्र रामसहाय और विशाल पुत्र रामदास लोडर में बैठ गए थे।वे दोनों भी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। वही पिकअप लोडर चला रहे ड्राइवर महेश अवस्थी (40)पुत्र काली शंकर निवासी काली मंदिर के पास फतेहपुर की मौत हो गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को लालगंज सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया और ड्राइवर के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा है। दोनों वाहनो को पुलिस ने अपनी सुपुर्दगी में ले लिया है।

### परिवेश श्रीवास्तव कुक्कू ने साथियों के साथ मुलायम सिंह की जयंती की पूर्व संध्या पर फल वितरण कर श्रद्धांजली अर्पित की



**हरदोई** समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की जयंती पर यूथ ब्रिगेड के नि प्रदेश सचिव परिवेश श्रीवास्तव कुक्कू ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल,यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीस राजा के निर्देश पर अपने समाजवादी साथियों के साथ हरदोई के मोहताज खाना मे फल, बिस्कुट, दूध के पैकेट आदि का वितरण कर और फूल माला चढाकार श्रद्धाजली अर्पित की ! परिवेश श्रीवास्तव कुक्कू ने कहा की नेता जी ने हमेशा युवाओं को आगे बढ़ाने का काम किया, हम समाजवादी उनके बताये हुए रास्ते पर चलकर पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे !! नेता जी प्रत्येक समाजवादी के दिलो मे ताउम्र जीवित रहेंगे ! इस मौके पर. यूथ ब्रिगेड के नि महासचिव शराफत अली, नि जिला उपाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड ललित यादव,नि जिला उपाध्यक्ष अमित वर्मा,युवजन सभा के अजय सिंह गोलू,नि जिला सचिव रोहित सिंह, सर्व सिंह, नि जिला सचिव मो इमरान,श्यामाकांत, राजबाबू आदि समाजवादी उपस्थित रहे !!

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वाधान में निशुल्क नेत्र शिविर का किया गया आयोजन

**हरदोई हरियावां।** ग्राम भदेउरा स्थित श्री श्यामा सरस्वती मांटेसरी स्कूल में मंगलवार को स्व. शिव कुमार की पुण्य स्मृति के अवसर पर सेवा भारती (राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ) खण्ड हरियावां के तत्वाधान में नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. सतीश चन्द्र दीक्षित आंख अस्पताल, बिलग्राम हरदोई के नेत्र शिविर में भदेउरा, अहमदी, अलावलपुर, उतरा, मुरवा, कपुरपुर व दुर्जनपुरवा, जोकहिया समेत आसपास के गांवों के 100 रोगियों की जांच की गई व 30 मोतियाबिंद ऑपरेशन के मरीज़ चिन्हित किये गये। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला प्रचारक श्री रवि प्रकाश जी, खण्ड कार्यवाह सिद्धांत जी खण्ड सेवा प्रमुख श्री सत्य प्रकाश दीक्षित, विजय प्रकाश दीक्षित (हन्नू), शैलेंद्र प्रताप सिंह, उमाकांत वर्मा, शशिकांत, रविकांत आदि लोग उपस्थित रहे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल क्रियान्वयन को लेकर संयुक्त सचिव भारत सरकार के द्वारा अधिकारियों के साथ बैठक कर दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

**अमेठी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के जनपद में सफल क्रियान्वयन के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा नामित नोडल अधिकारी श्री शैलेंद्र सिंह डिप्टी डायरेक्टर जनरल,संयुक्त सचिव आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स भारत सरकार ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र व मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा सहित अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर जनपद स्तर पर की गई तैयारी के संबंध में एक प्रेजेंटेशन दिया गया, जिसमें उन्होंने नोडल अधिकारी को अवगत कराते हुए बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर जनपद स्तर पर समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं जिले में 22 नवंबर से 26 जनवरी 2024 के मध्य समस्त ग्राम पंचायत में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तिथि, समय व डे नोडल अधिकारी का रोस्टर जिलाधिकारी महोदय द्वारा जारी किया जा चुका है साथ ही विकास खंडवार प्रभारी अधिकारियों की ड्यूटी भी लगाई जा चुकी है, प्रतिदिन आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की फोटो व वीडियो निर्धारित पोर्टल पर अपलोड किए जाने हेतु कंट्रोल रूम की स्थापना करते हुए अधिकारियों,कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अतिरिक्त विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के प्रचार प्रसार हेतु शासन द्वारा जनपद में 06 एलईडी वैन भेजी गई है जो निर्धारित रोस्टर के अनुसार ग्राम पंचायत में जाकर प्रधानमंत्री का वीडियो,ऑडियो संदेश तथा केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में आम जन को जानकारी उपलब्ध कराएगी। बैठक में नोडल अधिकारी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा केंद्र सरकार का बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जो राज्य सरकार के सहयोग से पूरा होगा इस कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा जो योजनाएं संचालित की गई हैं यदि वे किन्हीं कारणों से पात्र व्यक्तियों तक नहीं पहुंची हैं तो अभियान के दौरान उन योजनाओं को पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाया जाएगा साथ ही जिन लोगों को योजनाओं का लाभ मिला है उनके द्वारा उस योजना का लाभ मिलने से उनके जीवन स्तर में बदलाव की कहानी लाभार्थियों के माध्यम से ग्रामीणों को बताई जाएगी। उन्होंने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है।



उन्होंने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार करने के साथ ही पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिया जाए। उन्होने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में रोस्टर के अनुसार दो महीने तक चलने वाले इस संकल्प यात्रा में लोगो को जोड़ते हुये समाज के अन्तिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाते हुये संतृप्तीकरण किया जाय। उन्होने कहा कि योजनान्तर्गत 17 प्रमुख योजनाएं ग्रामीण क्षेत्र जिसमें आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, दीन दयाल अन्त्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी0एम0 विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पी0एम0 पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, गांव का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रो मे तत्कालिक प्रोद्योगिकी के साथ मानचित्रण स्वामित्व, जन धन योजना, जीवन ज्योति योजना, सुरक्षा योजना, अटल पेंशन योजना, पी0एम0 प्रणाम योजना, नैनो उरवरक योजना महत्वपूर्ण है तथा शहरी क्षेत्रो के लिये अभियान में सम्मिलित योजनाओं में प्रधानमंत्री स्वानिधि योजना, पी0एम0 विश्वकर्मा योजना, पी0एम0 उज्जवला योजना, पी0एम0 मूद्रा योजना, स्टार्ट अप इंडिया, स्टैण्डअप इंडिया, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, स्वच्छ भारत अभियान शहरी, पी0एम0ई0 बस सेवा, कायाकल्प व शहरी परिवर्तन के लिये अटल मिशन अमृत, पी0एम0 भारतीय जन औषधि योजना, उजाला योजना तथा प्रधामंत्री सौभाग्य योजना शामिल किये गये हैं। उन्होने कहा कि इन योजनाओं का गांव में चैपाल आयोजित करते हुये छूटे हुये पात्र लाभार्थियो को शत प्रतिशत आच्छादित किया जाय। चौपाल में एल0ई0डी0 वैन के पहुंचने पर उसका स्वागत करते हुये मा0 प्रधानमंत्री जी का रिकार्ड किया गया संदेश विकसित भारत के लिये संकल्प वीडियो, प्रारम्भिक चलचित्र चलाया जाय तथा चौपाल में योजनाओं के सफल लाभार्थियें से मेरी कहानी मेरी जुबानी आधारित अनुभव भी साझा कराया जाय तथा उनकी रिकार्डिंग करते हुये पोर्टल पर अपलोड भी किया जाय। इस अवसर पर कृषि आधारित गतविधियों पर ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड आदि के बारे में जानकारी देते हुये प्रगतिशील किसानो से वार्ता भी की जाय। उन्होने कहा कि स्थानीय प्राथमिक,उच्च प्राथमिक,माध्यमिक विद्यालयों के आनस्पाट क्वीज तथा उपलब्धी हालिस करने वाली महिलाओं, स्थानीय खिलाड़ियों आदि को पुरस्कृत व अभिनन्दन किया जाय। उन्होंने कहा कि सभी विभागो की अलग-अलग जिम्मेदारियां सौपी गयी है कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु भारत सरकार से विस्तृत दिशा निर्देश भी भेजे गये है उसी के अनुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा का क्रियान्वयन सुनिश्चित कराया जाय। उन्होने यह भी कहा कि इस सम्बन्ध में एक आई0डी0 प्लेट फार्म, बेब आधारित पोर्टल भी भारत सरकार द्वारा विकसित किया गया हैं जिसमें तिथिवार आयोजन से संबंधित फोटो,वीडियो व अन्य गतिविधियों आदि को अपलोड किया ताकि उनके अनुश्रवण के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की जा सके। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु चैपाल लगाये जाने हेतु तथा एलईडी प्रचार वाहन के रूट चार्ट चलाने व उनके रूकने, सुरक्षा आदि की व्यवस्था के लिये अलग-अलग अधिकारियों को नामित किया गया। उन्होने कहा कि जनपद में कार्यक्रम का वृहद प्रचार प्रसार कराते हुये सफल क्रियान्वयन कराया जायेगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, उप कृषि निदेशक डॉ एलबी यादव, डीपीआरओ श्रीकांत यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## पूरे रग्घू में बह रही भक्ति की रसधार भक्त लगा रहे डुबकी

स्वतंत्र प्रभात

**शुकुल बाजार अमेठी।** विकासखंड शुकुल बाजार के पूरे रग्घू शुक्ल में चल रही सात दिवसीय अमृतमई श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन में भक्ति की रसधार बह रही है और भक्त डुबकी लगा रहे हैं। कथा व्यास आशुतोष तिवारी शांडिल्य महाराज के मुखारविंद से भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का बड़ा ही सुंदर और चरित्राथ वर्णन भक्तों को सुनने को मिल रहा है? राम सजीवन शुक्ला लंबरदार की यजमानी में चल रही इस अमृत मई श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन में कथा व्यास द्वारा भगवान कृष्ण की लीलाओं पर विस्तृत प्रकाश डाला गया साथ ही साथ प्रजापति दक्ष के अहंकार के बारे में भक्तों को बताया गया, साथ ही साथ शिव पार्वती विवाह के प्रसंग पर प्रकाश डाला गया। कथा व्यास ने



कहा जब-जब धरा पर असुरों का अत्याचार बढा है तब तब असुरों के विनाश हेतु भगवान विष्णु ने पृथ्वी पर अवतार लिया है तथा भक्तों की रक्षा की है। उन्होंने कहा असत्य पर सत्य की विजय होती है सत्य परेशान हो सकता है किंतु पराजित नहीं उन्होंने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा सुनने से धन, धाम और मोक्ष की प्राप्ति होती है, वही अभिषेक शुक्ल उर्फ विधायक द्वारा कथा व्यास सहित उपस्थित अतिथियों का अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। आयोजन कर्ता अमित शुक्ला ने बताया कि 26 नवंबर को विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है इस दौरान नागेंद्र शुक्ला, रामखेलावन शुक्ला, राकेश शुक्ला, जगजीवन प्रसाद शुक्ला, राममिलन शुक्ला, डॉक्टर श्रीकांत शुक्ला, शिव प्रकाश शुक्ला, रमाकांत शुक्ला, अरुण शुक्ला, अश्वनी शुक्ला, गिरीश चंद्र शुक्ला, सतीश शुक्ला, शुभम शुक्ला, मास्टर सुधीर शुक्ला, सहित हजारों की संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

## आंवला नवमी पर परिवार की सुख समृद्धि के लिए आंवला वृक्ष का पूजन-अर्चन

स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज (रायबरेली)!** मंगलवार को क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर आंवला नवमी पर परिवार की सुख समृद्धि के लिए विधि विधान से आंवला के वृक्ष का पूजन किया गया !संतान प्राप्ति और सुख,समृद्धि व सौभाग्य के लिए रखा जाने वाला यह व्रत व पूजन सरेनी क्षेत्र में पूरे विधि विधान के साथ किया गया !परिवार की सुख समृद्धि के लिए आंवला नवमी पर महिलाओं व युवतियों ने सामूहिक रुप से आंवला वृक्ष की परिक्रमा कर पूजा अर्चना की !साथ ही आंवला वृक्ष के नीचे पकवानों का भोग लगाया और उन्हीं पकवानों से अपना व्रत खोला !उल्लेखनीय है कि कार्तिक माह की नवमी को आंवला नवमी के रूप में मनाया जाता है,जिसे अक्षय नवमी भी कहा जाता है !इस दिन आंवला वृक्ष की पूजा का विशेष महत्व है !अधिकांश व्रतियों ने श्रद्धापूर्वक पूजा अर्चना कर आंवला वृक्ष की परिक्रमा लगाकर सुख,शांति व समृद्धि की मंगलकामना की !मान्यता है कि अक्षय नवमी पर मां लक्ष्मी ने पृथ्वी लोक में भगवान विष्णु एवं भगवान शिव की पूजा आंवले के रूप में



की थी और इसी पेड़ के नीचे बैठकर भोजन ग्रहण किया था !यह भी कहा जाता है कि आंवले के पेड़ के नीचे श्री हरि विष्णु के दामोदर स्वरूप की पूजा की जाती है !

## शराबी एआरएम द्वारा पत्रकार से अभद्रता करने पर परिवहन निगम मुख्यालय ने लिया संज्ञान

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़,।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम अलीगढ़ में निचले स्तर से लेकर उच्च स्तर के अधिकारियों द्वारा भ्रष्टाचार का ताना बाना बुना जा रहा है। सभी एक दूसरे से मिलकर एक से बढ़कर एक भ्रष्टाचार एवम अनियमितताओं को पूर्ण रूप से बढ़ावा दे रहे हैं । कमियां इतनी कि गिनतियां कम पड़ जाए। एक के बाद एक लगातार भ्रष्टाचार के मामले उजागर हो रहे हैं और परिक्षेत्र के मुखिया क्षेत्रीय प्रबंधक के द्वारा मुख्य आरोपियों के विरुद्ध नाम मात्र की कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिससे साफ-साफ प्रतीत होता है कि निचले स्तर से लेकर उच्च स्तर तक मिलीभगत का खेल चल रहा है। बात अगर की जाए उजागर हुए मामलों की तो हाल ही का शनिवार का प्रकरण है जिसमे परिक्षेत्र के पूर्व सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक वित्त राकेश कुमार के द्वारा शराब के नशे में धुत होकर पत्रकार से अभद्रता करने का वीडियो बनाने पर एआरएम साहब के द्वारा पत्रकार का मोबाइल छीना गया था और उसके बाद पत्रकार एवं उसके साथी से अभद्रता एवं बुरी तरह गाली गलौज की गई थी। इसके बाद सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक वित्त महोदय का वीडियो ट्विटर के माध्यम से वायरल हुआ था और लखनऊ से मुख्यालय द्वारा संज्ञान लेकर सेवा प्रबंधक के द्वारा कार्रवाई का आदेश भी हुआ था। किंतु जब इस आदेश के बाद पत्रकारों का एक दल सेवा प्रबंधक से सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक वित्त के मामले में होने वाली कार्रवाई के लिए उनके कार्यालय पहुंचा तो महोदय रीजन वर्कशॉप में थे, जब एक कर्मचारी के द्वारा मीडिया कर्मियों के विजिटिंग कार्ड एसएम साहब के पास पहुंचाए गए तो उसके बाद भी करीब आधा घंटे तक एसएम साहब निकलकर नहीं आए और तो और मीडिया



कर्मियों को क्षेत्रीय कार्यशाला में जाने से मना कर दिया गया जबकि रोडवेज में ठेकेदारी का कार्य कर रहे ठेकेदार का सभी कार्यालय एवं कार्यशाला में भी बेधड़क आना-जाना लगा रहता है । इसके अलावा पिछले कई दिनों में कई ऐसे अनगिनत मामले हैं जिसमे लेश मात्र भी कार्रवाई नहीं हुई । एक डिपो के मुखिया कर्मचारियों का उत्पीड़न कर कोई ना कोई कागज थमा कर मामले को उच्च अधिकारी को प्रेषित करते हैं और उच्च अधिकारी के द्वारा चेक को भुनाया जाता है । समाचार में चैक का मतलब कर्मचारियों से है जिनके द्वारा सेवा शुल्क के रूप में हजारों रुपए दिए जाते हैं।

## सराफा व्यापारी से हुई 65 लाख की लूट, 48 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ रहे खाली

**● व्यापार मंडल ने 72 घंटे का दिया अल्टीमेटम, खुलासा नहीं तो व्यापारी करेंगे प्रदर्शन-विवेक शर्मा**

स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज रायबरेली** नगर में बीच बाजार सर्राफा व्यवसायी से हुई लूट के 48 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ रहे खाली जिसको लेकर व्यापारी व लोगों में आक्रोश लालगंज में आपराधिक घटनाएं चरम पर हैं !लगातार लूट,चोरी,छिनैती व हत्या जैसी घटनाओं से लालगंज थर्राया हुआ है !जानकारी के अनुसार लालगंज थाना समेत लालगंज सर्किल में बीते 6 माह में कई चोरी,लूट व हत्या जैसी की घटनाएं घट चुकी हैं,जिससे लालगंज पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़ा होने लगा है !पिछले 48 घंटे की बात करें तो लालगंज में सर्राफा व्यवसायी के साथ बदमाशों द्वारा असलहे के बल पर बीते रविवार को सरेशाम हुई 65 लाख की लूट के मामले में पुलिस के हाथ खाली हैं !इधर घटनाओं को लेकर लालगंज पुलिस व उच्चाधिकारियों का एक ही रटारटाया जवाब है कि जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा ! लालगंज पुलिस सुस्त पड़ी है तो अपराधी मस्त होकर खुलेआम आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं !ऐसे में जिस तरह से आपराधिक घटनाओं में वृद्धि हो रही है,लालगंज पुलिस पर सवाल उठना लाजिमी है !बता दें कि लालगंज में अपराध पांव पसारता जा रहा है !आए दिन अपराधी बिना किसी खौफ के आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं !जबकि सीएम के सख्त आदेश हैं कि अपराध नियंत्रण में किसी प्रकार की कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी बावजूद जिम्मेदार सीएम के आदेश को पलीता लगाते नजर आ रहे हैं !

**सर्राफा व्यवसायी से हुई 65 लाख की लूट, 48 घंटे तक पुलिस के हाथ रहे खाली**

बीते रविवार की शाम लालगंज निवासी सर्राफा व्यापारी अनंत राम सोनी उर्फ गोलू के साथ उस समय लूट की वारदात हो गई जब वह अपनी दुकान बंद कर सोने चांदी के जेवरातों के बैग सहित पास में ही देना बैंक वाली गली में अपने घर बाइक से जा रहा था ! रास्ते की गली में बाइक सवार बदमाशों ने उसे गिरा दिया और कट्टे की नोक पर उसका 65 लाख रुपए के सोने के जेवरातों से भरा बैग छीन कर फरार हो गए !लुटेरों के फरार होते ही दहशत में आए सराफा व्यापारी ने चीख पुकार मचाई तो थोड़ी ही देर में मौके पर तमाम व्यापारी इकट्ठा हो गए ! मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी,सीओ महिपाल पाठक,कोतवाल शिव शंकर सिंह ने रात में ही घटनास्थल का मुआयना किया था और पीड़ित से तहरीर लेकर पुलिस ने मामला दर्ज किया !रात से लेकर दिनभर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में लगी रही !सीसीटीवी फुटेज को भी पुलिस ने खंगाला है लेकिन अभी 48 घंटे बीतने के बाद भी लालगंज पुलिस के लंबे हाथ बदमाशों तक नहीं पहुंचे हैं !

**लालगंज सराफा मंडी बीच बाजार हुई लूट की गूंज पहुंची राजधानी**

लालगंज में हुई लूट की गूंज प्रदेश की राजधानी तक गूंजी !सोमवार को आईजी रेंज लखनऊ तरुण गाबा जनपद के लालगंज थाने पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करते हुए मातहतों को अल्टीमेटम दिया है और घटना के खुलासे के लिए कई टीमों का गठन किया है !आईजी ने कहा कि सुराग के अनुसार टीमें गठित कर दी गई हैं !पुलिस के लिए यह लूट की घटना अति महत्वपूर्ण है !अलग-अलग पहलुओं के अनुसार जनपद और परिक्षेत्र में टीम में गठित की गई हैं !फॉरेंसिक,एलआईयू,एसओजी सहित कई टीमें लूट की घटना के खुलासे के लिए लगाई गई हैं,जल्द ही खुलासा होगा !




**लालगंज में अब व्यवसाय करना नहीं है सुरक्षित- विवेक शर्मा**

रविवार की सरेशाम सर्राफा व्यवसायी से हुई लाखों की लूट से व्यापारी नेताओं समेत दुकानदारों में आक्रोश व्याप्त है ! व्यापार मंडल नेता विवेक शर्मा ने बताया कि अब नगर में व्यापार करना सुरक्षित नहीं है अभी तक हुई कई बड़ी घटनाओं का पुलिस खुलासा नहीं कर पायी जिसको लेकर व्यापार मंडल आक्रोश में है वही इस बड़ी घटना को लेकर 72 घंटे का पुलिस को अल्टीमेटम दिया खुलासा नहीं हुआ तो व्यापारी करेंगे प्रदर्शन सभी ने आक्रोश जताते हुए शीघ्र ही लूट की घटना का खुलासा करने की मांग की है !रविवार शाम की घटना को लेकर मंगलवार को भी सर्राफा मंडी में अफरा-तफरी का माहौल रहा !हर किसी की जुबान में था कि अब व्यवसाय करना सुरक्षित नहीं है !

**लापरवाह जिम्मेदारों के साथ खड़े दिखाई दिए आईजी तरुण गाबा,नहीं लिया एक्शन**

लालगंज में बीते रविवार को सर्राफा व्यवसायी के साथ बड़ी लूट की घटना हुई बावजूद लापरवाह जिम्मेदारों की कुर्सियां बरकरार हैं !जिला प्रशासन की अनदेखी के बाद लालगंज पहुंचे आईजी तरुण गाबा से आम जनमानस को उम्मीद थी कि इतनी बड़ी लूट की घटना व पूर्व में हुई दर्जनों आपराधिक घटनाओं के मद्देनजर कड़ा फैसला लिया जाएगा लेकिन इस बाबत आईजी तरुण गाबा भी लापरवाह जिम्मेदारों के साथ खड़े दिखाई दिए और जिम्मेदारों को आशिर्वाद देते हुए लखनऊ रवाना हो गए !लूट की घटना में लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदारों पर किसी भी प्रकार का एक्शन लेना मुनासिब नहीं समझा !

## उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर नवीन पेंशन योजना की मांग की

स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी, शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी, एम0एल0सी0 एवं महामंत्री नरेन्द्र कुमार वर्मा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर नवीन पेन्शन योजना से सम्बन्धित शिक्षकों की करोड़ों रुपए की धनराशि को निजी बैकों मे जमा कराये जाने के दोषी व्यक्तियों के विरुद्व कठोर कार्यवाही किए जाने तथा ऐसी धनराशि को नियमानुसार ब्याज सहित एन0एस0डी0एल0 खाते में जमा कराये जाने की मांग की है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रादेशिक उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता डॉ0 आर0पी0 मिश्र एवं प्रदेशीय मंत्री डा0 आर0के0 त्रिवेदी ने बताया कि जानकारी में आया है कि निजी बैकों मे निवेश करने पर 05 प्रतिशत तक कमीशन मिलता है इसलिए उच्चधिकारियों की पत्नियां अथवा उनके निकट रिश्तेदार निजी बैकों/सस्थाओं के एजेन्ट बनकर लाखों रूपये की कमीशन खोरी के चक्कर में अनियमित रूप से निजी संस्थाओं में सम्बन्धित शिक्षकों/कर्मचारियों की सहमति के बगैर उनकी कटौती की धनराशि जिला विद्यालय निरीक्षक तथा उनके कार्यालय के सहायकों से मिलीभगत कर निजी बैकों में निवेशित कराते हैं। शिक्षक नेताओं ने कहा कि



शिक्षा निदेशक द्वारा 01 अप्रैल, 2022 से 7 नवम्बर, 2023 तक की सूचनाओ के आधार पर 25 जनपदों के 4257 शिक्षकों एवं कर्मचारियों के अनियमित निवेश पर सम्बन्धित अधिकारियों/लिपिकों के विरुद्व कार्यवाही के आदेश दिए है किन्तु 01 अप्रैल, 2022 के पूर्व की जांच के आदेश नही दिए गए है। अतएव हमारी मांग है कि सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में 01 अप्रैल, 2022 के पूर्व के साथ ही अद्यतन अवधि तथा राजकीय विद्यालयों में भी विशेष एस0आई0टी गठित कर जांच कराई जाय तथा दोषी व्यक्तियों के विरूद्व दण्डात्मक कार्यवाही की जाय। इसी के साथ ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए जिससे भविष्य में पुनरावृत्ति न हो सके। यह भी सुनिश्चित किया जाय कि जिला विद्यालय निरीक्षक एन0एस0डी0एल0 के अलावा निजी बैकों अथवा अन्य संस्था में कटौती की धनराशि को निवेशित न कर सके। यदि आवश्यक हो तो अभिदाता शिक्षक अथवा कर्मचारी स्वंय निजी बैंकों अथवा अन्य संस्थानों में कटौती की धनराशि निवेशित कर सके ऐसी व्यवस्था भी की जाय। शिक्षक नेताओ ने बताया कि 1 अप्रैल, 2005 के पश्चात नियुक्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए नवीन पेन्शन योजना लागू की गई थी। इस योजना के अन्तर्गत शिक्षकों एव कर्मचारियों के वेतन से 10 प्रतिशत तथा 14 प्रतिषत अंश दान राज्य सरकार द्वारा सम्बन्धित जिला विद्यालय निरीक्षक के माध्यम से एन0एस0डी0एल0 नामक संस्था में जमा किया जाता है। इस धनराशि को एन0एस0डी0एल द्वारा एस0वी0आई0 एल0आई0सी0 एवं यू0टी0आई0 मे निवेशित किया जाता है। इसके पश्चात यह धनराशि सम्बन्धित शिक्षकों एवं कर्मचारियों को आवंटित प्रान नम्बर खाते में प्रदर्शित होने लगती है।

## एनएच हटा पीछे, अब कार्यदायी संस्था भर रही हाईवे के गड्ढे

स्वतंत्र प्रभात

**पीलीभीत।** पूरनपुर-पीलीभीत के बीच हरदोई ब्रांच नहर पुल पर निर्माण कार्य के चलते हाईवे पर गहरे गड्ढे हो गए हैं। इन गड्ढों से हमेशा हादसे की आशंका बनी रहती है। गड्ढों को ठीक करने में अब एनएच पीछे हट गया है। गड्ढों को भरने का काम अब कार्यदायी संस्था करेगी।

वैसे तो पूरे हाईवे पर पीलीभीत से पूरनपुर तक गड्ढे ही गड्ढे हैं। शासन से आदेश आने के बाद एनएच की ओर से निर्माण कराने वाली फर्म से ही गड्ढों को भरवाया गया था। फर्म की ओर से आधा अधूरा काम किया गया। इसके चलते हाईवे के गड्ढे अब तक नहीं भर सके थे। हाईवे पर हरदोई ब्रांच नहर पुल पर इस समय काम चल रहा है। इस कारण पुल के दोनों ओर गड्ढे हो गए हैं। इन्हें भरने में एनएच के पीछे हटने के साथ ही हाईवे बनाने वाली फर्म भी काम नहीं कर रही। अब यहां पर पुल निर्माण कराने वाली फर्म की ओर से गड्ढे भरने का काम शुरू किया गया है। बता दें कि पुल पार होने के बाद मोड पर काफी गहरे गड्ढे हादसे का कारण बने हुए थे।

**तीन वर्षों से जर्जर पड़ी है सड़क, यातायात प्रभावित**

बीसलपुर। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की अनदेखी के चलते



बीसलपुर-फरीदपुर रोड पर गांव रिछुलिया के पास लगभग डेढ़ किलोमीटर सड़क करीब तीन वर्षों से जर्जर पड़ी है। इससे आने जाने वालों को दिक्कत हो रही है। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता शैलेंद्र कुमार ने बताया कि जर्जर सड़क बनवाने के लिए विभाग से बजट मांगा गया है

## समीक्षा बैठक से गायब हुए सचिव, शासन को नहीं भेजी प्रगति रिपोर्ट, वेतन रुका

स्वतंत्र प्रभात

**पीलीभीत।** ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजना की प्रगति रिपोर्ट जानने के बाद मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर इसे दर्ज किया जाता है। प्रगति रिपोर्ट के लिए बुलाई गई बैठक से 11 सचिव गायब हो गए। इससे सूचना शासन को नहीं भेजी जा सकी। लापरवाही पर पीडी की रिपोर्ट पर डीपीआरओ ने सभी का एक दिन का अग्रिम आदेशों तक वेतन रोका है। शासन का फोकस इस वक्त गांवों में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवासों पर है। हर सप्ताह शासन में इसकी रिपोर्ट सीएम डैशबोर्ड पर जाती है। इसके लिए डीएम की ओर से सभी ब्लॉकों में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का रोस्टर तय किया गया है। तय रोस्टर के तहत जब परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण शैलेश ब्यास ने पहले बिलसंडा ब्लॉक की समीक्षा की तो इसमें इब्रार, प्रकाश राम आर्य गायब मिले थे।

बीसलपुर और ललौरीखेड़ा ब्लॉक से अखिलेश गुप्ता, पंकज आर्य, कमल किशोर, विजय तिवारी बैठक से बिना किसी सूचना गायब हो गए। पूरनपुर ब्लॉक की समीक्षा बैठक से मोहम्मद रिजवान, प्रेमशंकर,सुबोध, महेंद्र सिंह, रत्नेश सोनकर और विजय पासवान गायब थे। सचिवों के इस तरह से बिना सूचना गायब होने से ग्राम पंचायतों में आवासों की प्रगति नहीं मिल सकी। लापरवाही पर पीडी ने 11 सचिवों का एक-एक दिन का वेतन रोकने की कार्रवाई करते हुए डीपीआरओ को पत्र भेजा था। इस पर डीपीआरओ ने सभी का एक-एक दिन का अग्रिम आदेशों तक वेतन रोक दिया है। जिला पंचायत राज अधिकारी सतीश कुमार ने बताया लापरवाही पर 11 सचिवों का वेतन रोका गया है। साथ ही स्पष्टीकरण भी मांगा गया है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## फर्जी अंक पत्र के सहारे नियुक्ति के मामले में सीजेएम कोर्ट खीरी ने जारी किया गैर जमानती वारंट




**लखीमपुर खीरी** मामला जिला पंचायत इंटर कॉलेज भीरा में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की नियुक्ति का है जहां पर गत वर्षों पूर्व जिला विद्यालय निरीक्षक खीरी रहे दीपचंद और लिपिक अनुज के साथ मिली भगत करके फर्जी अंक पत्र लगाकर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की नियुक्ति की गई थी।जिसमें मामला प्रकाश में आने पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया था उक्त मामले में तत्कालीन डीआईओएस दीपचंद व अनुज लिपिक जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय खीरी ने एक याचिका माननीय उच्च न्यायालय में अंतर्गत 482 सीआरपीसी के तहत आयोजित की थी ।उच्च न्यायालय द्वारा सुनवाई के दौरानयाचिका खारिज कर दिए जाने के बाद तत्कालीन डीआईओएस दीपचंद व लि पिक अनुज की गिरफ्तारी के लिए मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी खीरी ने गैर जमानतीय वारंट जारी किया है।

## अपर पुलिस महा निदेशक लखनऊ जोन ने एसपी गणेश प्रसाद साहा को साहस व पराक्रम के लिए पराक्रम पदक से किया सम्मानित




**लखीमपुर खीरी** । अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन लखनऊ के द्वारा पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा को साहस व पराक्रम के लिए पराक्रम पदक से सम्मानित किया गया विवरण दिनांक 07.06.2016 को जनपद इलाहाबाद से थाना झूसी क्षेत्र में एक घटना के विरुद्ध लगभग 200-300 लोगों की भीड़ द्वारा रोड जाम कर घेराबन्दी की गयी इसमें कुछ अपराधिक प्रकृति के लोगों द्वारा जान से मारने की नीयत से लाठी डंडा से हमला करते हुए पथराव व फायरिंग शुरु कर दी गयी ऐसी विषम परिस्थिति में कानून-व्यवस्था बनाये रखने हेतु इस आन्तरिक सुरक्षा अभियान में गणेश प्रसाद साहा आईपीएस तत्कालीन सहायक पुलिस अधीक्षक तत्कालीन क्षेत्राधिकारी नगर पंचम इलाहाबाद शत्रु के विरुद्ध सीधी कार्यवाही के परिणामस्वरुप गम्भीर रुप से जख्मी हो गए थे साहस और पराक्रम के क्रम मे भारत सरकार द्वारा प्रदत्त पराक्रम पदक मंगलवार को अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन लखनऊ द्वारा पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा को जोनल कार्यालय लखनऊ में वर्दी पर ससम्मान लगाकर सम्मानित किया गया।

## जन समस्याओं को लेकर भाकियू भानु ने ब्लॉक पर की बैठक



**मथुरा।** किसान समस्याओं की अनदेखी को लेकर सैकड़ों भाकियू भानु गुट किसानों ने बलदेव ब्लॉक पर प्रदर्शन कर बैठक की और प्रशासन द्वारा किसान समस्याओं की अनदेखी पर अपनी नाराजगी व्यक्त की। भाकियू भानु के जिलाध्यक्ष देवेंद्र पहलवान ने खंड विकास अधिकारी की अनुपस्थिति में ब्लॉक के एक प्रतिनिधि अधिकारी को किसान समस्याओं से अवगत कराते हुए मांग रखी कि निराश्रित आवारा गौवंश,सांड लगातार किसानों की फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं गौ शाला में इनकी व्यवस्था कराई जाए तथा किसानों को समय पर खाद,बिजली नहीं मिल रही है ओवर फ्लो हो रहे तालाबों की सफाई कराई जाय किसानों को सिंचाई के लिए समय पर बिजली नहीं मिल पा रही है जिसकी वजह से किसान परेशान और भविष्य को लेकर चिंतित है भाकियू भानु किसानों का शोषण नहीं होने देगी चाहे उन्हें गांव गांव, घर घर जाकर किसान भाइयों को शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए जाग्रत करना पड़ेद्य सीडीओ पर तंज कसते हुए कहा कि सीडीओ साहब अधिकारियों की मीटिंग खूब लेते हैं और किसान समस्याओं पर काम कम करते है। इस दौरान राष्ट्रीय प्रवक्ता हरेश ठेनुआ तहसील अध्यक्ष जगन सिंह एवं जगदीश रावत, जितेंद्र सिंह, मान सिंह, गुड्डा मास्टर, रामप्रकाश पंडित, सत्य प्रकाश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# खीरी टाउन कस्बे में संचालित गैर पंजीकृत व मानक विहीन क्लिनिक को डिप्टी सीएमओ ने किया सीज

**●मानक विपरीत संचालित क्लीनिक सीज होने से बौखलाए डॉक्टर ने लगाई अनर्गल रिश्वत मांगने के आरोप**

**ईमानदार डिप्टी सीएमओ की छवि धूमिल करने का किया जा रहा प्रयास**



**स्वतंत्र प्रभात**

**लखीमपुर खीरी** शासन के आदेश अनुसार तथा कस्बा निवासी एक व्यक्ति द्वारा की गई शिकायत पर कस्बे में संचालित गैर पंजीकृत अस्पतालों एवं क्लिनिको पर छापा मार कार्यवाही अभियान के तहत डिप्टी सीएमओ द्वारा अपनी टीम के साथ खीरी टाउन बाजार में संचालित तरफिया क्लिनिक पर छापा मारा गया।छापे के दौरान क्लीनिक पर मौजूद क्लिनिक संचालक डॉक्टर सलीम खान द्वारा कोई मानक पूर्ण होने के कागज नहीं दिखाए गए ।तथा क्लीनिक पर मौजूद स्टाफ प्रशिक्षित भी नहीं मिला। मानक विहीन क्लीनिक पाए जाने पर उक्त क्लिनिक को डिप्टी सीएमओ द्वारा सीज कर दिया गया। बताते चलें कि कस्बा खीरी टाउन की बाजार में क्लीनिक चला रहे डॉक्टर सलीम खान बी यू एम एस डिग्री धारी हैं और इलाज पूर्णता एलोपैथिक करने की बात जन चर्चा का विषय बनी है। उक्त मामले की लिखित शिकायत एक शिकायतकर्ता द्वारा किए जाने के बाद मामले की जांच करने गए डिप्टी सीएमओ को शिकायतकर्ता द्वारा लगाए गए आरोपों की पुष्टि होने पर उक्त क्लीनिक को सीज कर दिया गया ।अपनी क्लिनिक सीज होने से आक्रोशित डॉक्टर सलीम खान ने डिप्टी सीएमओ पर अनर्गल दबाव बनाने का प्रयास करना शुरू किया और इसी क्रम में डिप्टी सीएम ओ पर?50000 रिश्वत मांगने का आधारहीन अर्नगल आरोप लगाना शुरू किया। जबकि डिप्टी सीएमओ साहब अपनी कुशल एवं निष्ठायुक्त कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं। डॉक्टर सलीम खान द्वारा मनगढ़ंत आरोप प्रत्यारोप लगाकर एक ईमानदार अफसर की छवि धूमिल करने का प्रयास किए जाने के साथ-साथ दबाव बनाने का प्रयास किए जाने की बात जन चर्चा का विषय बनी है।

अपनी क्लिनिक सीज होने के बाद आक्रोशित डॉक्टर सलीम खान का कहना है कि कस्बे खीरी में पचासो क्लीनिके संचालित हैं। जिन पर छापामार कार्रवाई नहीं की गई महज मेरी ही दुकान को सीज किया गया ।क्या अन्य सभी क्लीनिके पंजीकृत और मानक युक्त हैं ।अमूमन देखा गया है कि जब एक क्लीनिक पर छापा पड़ता है तो सभी क्लीनिक बंद करके भाग जाते हैं। ऐसे में सभी क्लिनिको पर एक साथ कार्यवाही हो पाना संभव नहीं है। छापे के दौरान जो क्लिनिक खुला मिलती है उसी की जांच की जाती है। और इस क्लीनिक की आईजीआरएस पर शिकायत भी की गई थी जिसके क्रम में सबसे पहले इसी क्लीनिक की जांच की गई फिलहाल डॉक्टर सलीम खान द्वारा डिप्टी सीएमओ पर रिश्वत मांगने के आरोप लगाए हैं जो जांच का विषय है।

# फर्जी अंक पत्र के सहारे चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर नौकरी कर रहे कर्मचारी पर मेहरबान दिख रहे जिला विद्यालय निरीक्षक खीरी

**●शिकायत दर शिकायत व जांच में आरोपों की पुष्टि के बावजूद कार्यवाही नहीं कर रहे जिम्मेदार**

**फर्जी कक्षा 8 पास अंक पत्र के सहारे नौकरी कर रहे चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के विरुद्ध बर्खास्तगी एवं मुकदमा पंजीकृत कराए जाने की मांग आज।**

**कक्षा 7 पास किए बगैर कैसे पास हो गए कक्षा 8 की परीक्षा जब कक्षा 7 में 3 बार हो चुके फेल।**




**स्वतंत्र प्रभात**

**लखीमपुर खीरी** भीरा जिला पंचायत इंटर कॉलेज खीरी में फर्जी अंक पत्रों के सहारे चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर नौकरी दिए जाने के मामले में हुई कार्रवाई के बावजूद जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में फर्जीवाडाऔर भ्रष्टाचार के मामलों में लिप्त कर्मचारियों को संरक्षण दिए जाने का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है ।बताते चलें कि मामला पब्लिक इंटर कॉलेज ईसानगर खीरी का है। जहां पर फर्जी कक्षा 8 पास का अंक पत्र लगाकर तत्कालीन जिला विद्यालय निरीक्षक एवं प्रबंध समिति को भारी रिश्वत राशि देखकर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर तैनाती हासिल कर ली गई थी ।उक्त मामला प्रकाश में आने पर कई शिकायतें हुई जिसके क्रम में जांच हुई ।जांच में फर्जीबाड़ा होने की पुष्टि हुई हुई थी ।

पर मामला लेन-देन के चलते आज भी जस का तस चल रहा है ।कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई। ना तो उक्त कर्मचारी को बर्खास्त किया गया और ना ही मुकदमा ही पंजीकृत कराया गया है। गौरतलब हो कि मामला अजब गजब है। कि उक्त फर्जी अंक पत्र के सहारे पब्लिक इंटर कॉलेज में चतुर्थ श्रेणी के पद पर नौकरी कर रहे कर्मचारी अनंतराम बाजपेई कक्षा 7 की परीक्षा में तीन बार फेल हुए थे ।और कक्षा 8 का फर्जी अंक पत्र लगा नौकरी हासिल कर ली थी.। जिस विद्यालय में फर्जी कक्षा 8 पास का अंक पत्र लगाया इस स्कूल में कक्षा 7 तीन बार फेल हुए थे।अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब कक्षा 7 में तीन बार फेल हुए तो बगैर कक्षा 7 पास किए कक्षा 8 की परीक्षा कैसे पास कर ली? और क्यों नहीं देखी गई इनकी कक्षा 7 पास की मार्कशीट नियुक्ति करते समय ?कहां से और किस वर्ष पास की कक्षा 7 की परीक्षा? मामले की जांच में जहां से कक्षा 8 उत्तीर्ण का अंक पत्र लगाया गया है वहां भी इनका रिकॉर्ड मौजूद नहीं है ।जो इनके द्वारा कारित फर्जीवाडा की पुष्टि करने को काफी है। इन सब के बावजूद उक्त फर्जी अंकपत्र पर नौकरी कर रहे अनंत राम बाजपेई के विरुद्ध कार्रवाई न किया जनचर्चा का विषय बना है ।देखना यह है कि क्या वर्तमान जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा कार्रवाई की जाएगी ।या फिर मामले में पूर्व की भांति दोषी को क्लीन चिट दे दी जाएगी।

# कुख्यात अपराधी के विरुद्ध कार्यवाही की मांग

**●थाना खीरी पुलिस पर लग रहे कुख्यात आरोपी को संरक्षण देने व कार्रवाई न करने के गंभीर आरोप**

**हत्या व पशु क्रूरता अधिनियम, चोरी ,समेत कई जिलों में लगभग आधा दर्जन अपराध दर्ज होने के बावजूद बेखौफ कर रहे गौ मांस की तस्करी थाना खीरी पुलिस जानकर बनी अनजान**

**स्वतंत्र प्रभात**

**लखीमपुर खीरी** थाना खीरी के अंतर्गत कस्बा खीरी टाउन के मो कटरा कस्बा व थाना खीरी टाउन निवासी आरोपी पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक खीरी से शिकायत किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। बताते चलें कि कस्बा खीरी टाउन के मोहल्ला कटरा निवासी हसीब अंसारी पुत्र अजीज अंसारी व उनके साथी जो एक शातिर किस्म अपराधी हैं जिन पर लगभग आधा दर्जन अभियोग विभिन्न जनपदों के थानों में पंजीकृत हैं ।उक्त मुकदमे हत्या चोरी पशु क्रूरता अधिनियम जैसे संगीन अपराधों की श्रेणी के दर्ज हैं ।जिसके बाद भी इनकी खीरी थाना पुलिस के साथ अच्छी साथ गांठ है। उक्त व्यक्ति अपने अन्य साथियों के साथ खुलेआम गोवध करके कस्बे में धड़ल्ले से गौ मांस की बिक्री कर रहे हैं ।खीरी पुलिस की नजर इनके इन काले कारनामों पर क्यों नहीं पड़ रही है ?यह एक अहम सवाल बना हुआ है ।तथा खीरी पुलिस की छवि पर भी सवालिया निशान लग रहे हैं ।पुलिस अधीक्षक खीरी को प्रेषित शिकायती प्रार्थना पत्र पर गौर किया जाए तो मुकदमा अपराध संख्या 138/23 थाना थानगांव जिला सीतापुर मुकदमा अपराध संख्या 355/22 खाना हरगांव जिला सीतापुर मुकदमा अपराध संख्या 204/19 थाना हैदराबाद जिला खीरी मुकदमा 1510/2018 थाना कोतवाली सदर जिला खीरी मुकदमा अपराध संख्या 3140/2014 थाना हजरतगंज लखनऊ मुकदमा अपराध संख्या 221/2016 थाना फरधान जिला खीरी सहित आधा दर्जन मुकदमे संगीत धाराओं में दर्ज हैं ।फिर भी आज तक इनके ऊपर गैंगस्टर व हिस्ट्रीसीट की कार्यवाही पुलिस थाना खीरी द्वारा न किया जन चर्चा का विषय बना है ।इतना ही नहीं उक्त अपराधी किस्म लोग पुलिस की नाक के नीचे बेखौफ गोवध करके धड़ल्ले से गोमाश की बिक्री कस्बा खीरी सहित आसपास के क्षेत्र में करते देखे जा सकते हैं ।उक्त लोग गोबध के लिए व गौ-तस्करी को वाहन संख्या यूपी 34 टी 6614 व यूं पी 31 ए टी 6924 वाहन संख्या यूपी 32 नंबर की आर्टिका कार व स्विफ्ट डिजायर कार सहित यूपी 31ए टी 2461 टाटा मैजिक तथा बगैर नंबर प्लेट की एक काले कलर की पल्सर बाइक का प्रयोग करते देखे जा रहे हैंपुलिस थाना खीरी से अच्छी साठ गांठ होने के चलते कोई कार्यवाही नहीं होती है। जिससे हौसले बुलंद आरोपी गणों पर बेखौफ गो तस्करी जैसी घटनाओं को अंजाम देने के गंभीर आरोप लग रहे हैं। इसी क्रम में दिनांक 9 ,11, 2023 को दिए गए प्रार्थना पत्र में उपरोक्त आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक खीरी से उपरोक्त आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की गई थी ।अब देखना यह है कि थाना खीरी पुलिस द्वारा उनके विरुद्ध कोई कार्यवाही की जाएगी या फिर अपनी कुंभकरणी नींद में सोते हुए अपराधी गणो को अपराध करने के लिए खुला छोड दिया जाएगा।

## कृषक समाज इंटर कॉलेज मे जनपद स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन।

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** कृषक समाज इंटर कॉलेज में जनपद स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन कालेज प्रधानाचार्य डॉ एल आर वर्मा की अध्यक्षता में एवम् मुख्य अतिथि प्रभु नाथ वर्मा शारीरिक शिक्षा शिक्षक केंद्रीय विद्यालय (अरुणाचल प्रदेश) के कर कमलों द्वारा प्रारंभ हुआ अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच प्रारंभ कराया। 14 एवं 19 वर्षीय बालक वर्ग की प्रतियोगिता कृषक समाज इंटर कॉलेज एवं गांधी उत्तर माध्यमिक विद्यालय के मध्य संपन्न हुआ जिसमें कृषक कृषकसमाज इंटर कॉलेज में प्रथम स्थान गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोला द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बास्केटबॉल बालिका वर्ग की 14 वर्षीय एवं 19 वर्षीय प्रतियोगिता संपन्न कराई गई जिसमें गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं कृषक समाज के मध्य मैच हुआ। कृषक समाजइंटर कॉलेज प्रथम और गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की बालिकाओं ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया मैच में निर्णायक अतुल कुमार गुप्ता मकसूद अली रहे टेक्निकल टेबल पर कपिल कुमार वर्मा कबीर अहमद तथा स्कोर पर सुमित यादव और सरोज कुमार वर्मा रहे। जनपद स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता श्याम मूर्ति शुक्ला खेल एवं शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता के निर्देशन में कराई गई इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्य अनन्त प्रकाश सरोज डॉ अनिल कुमार श्याम सिंह तथा कुश्रागिनी कुमारी ,मनीषा आदि शिक्षक शिक्षाएं एवं छात्र और छात्राएं उपस्थित रहीं।

# राष्ट्रीय बजरंग दल के दोबारा जिला अध्यक्ष बनाए गए राकेश कनौजिया

**●अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष प्रदीप कुमार बनाए गए।**




**स्वतंत्र प्रभात**

**गोला गोकर्णनाथ खीरी** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल की बैठक ग्राम सभा अहमदनगर में विधानसभा उपाध्यक्ष चंचल कश्यप के आवास पर की गई। जिसमें मुख्य अतिथि प्रांतीय संगठन मंत्री वेद प्रकाश सचान जी व अतिथि विभाग संगठन मंत्री रमाकांत अवस्थी रहे। बैठक कि अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राकेश कनौजिया ने व संचालन जिला महामंत्री प्रदीप जायसवाल ने किया। बैठक में प्रांतीय संगठन मंत्री वेद प्रकाश सचान ने बताया कि जिला लखीमपुर की कार्यकारिणी बंद कर दी गई थी जो अब वह पुनः गठित कर दी गई है। जिसमें जिला अध्यक्ष राकेश कनौजिया के संगठन के प्रति कार्यभार को देखकर दोबारा जिला अध्यक्ष व प्रदीप जायसवाल को जिला महामंत्री बनाया गया। जिससे जिले में संगठन के लोगों में खुशी की उत्साह नजर आई। जिला अध्यक्ष का माल्यार्पण कर लोगों ने दोबारा जिला अध्यक्ष बनने की हार्दिक बधाई दी। वहीं बैठक में प्रदीप कुमार अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष बनाए गए। बैठक में जिला अध्यक्ष राकेश कनौजिया ने घोषणा करते हुए बताया कि गोला नगर से जितेंद्र कुमार नगर उपाध्यक्ष विकास कनौजिया नगर मंत्री अनुज वर्मा तहसील उपाध्यक्ष ऋतुराज शर्मा जिला उपाध्यक्ष वा जिला मीडिया प्रभारी पंकज शुक्ला व अनुराग मिश्र गोला विधानसभा उपाध्यक्ष आकाश कुमार बिजुआ ब्लॉक से कुलविंदर सिंह ब्लॉक अध्यक्ष (बिजुआ) अनिरुद्ध कुमार ब्लॉक वरिष्ठ उपाध्यक्ष (बिजुआ) दीपू ब्लॉक कनिष्ठ उपाध्यक्ष (बिजुआ) दुर्गेश ब्लॉक महामंत्री (बिजुआ) अनिल ब्लॉक मंत्री (बिजुआ) अलीगंज से पंकज गुप्ता नगर अध्यक्ष(अलीगंज) रामकुमार गुप्ता नगर उपाध्यक्ष (अलीगंज) भीरा से राम वर्मा नगर अध्यक्ष (भीरा) विपिन कुमार नगर उपाध्यक्ष (भीरा) पालिया से दिनेश गुप्ता विधानसभा अध्यक्ष (पलिया) चंचल कश्यप विधानसभा उपाध्यक्ष (पलिया) राजेंद्र अग्निहोत्री कनिष्ठ विधानसभा उपाध्यक्ष (पलिया) कमलेश कुमार विधानसभा महामंत्री (पलिया) कृष्ण कुमार (अवधेश) निघासन ब्लॉक अध्यक्ष बनाए गए। बैठक के बाद ग्राम अहमदनगर से जन जागरूक विशाल बाइक रैली भरगवा चौराहा तक निकली गई।

# ना डिग्री ना पंजीकरण धड़ल्ले से संचालित हो रही है अवैध क्लिनिके

**●मामला बेहजम सी एच सी क्षेत्र के अंतर्गत जगह-जगह संचालित अवैध क्लिनिको एवं नर्सिंग होम का है**

**बेहजम नीमगांव सहित कई अन्य जगहों पर सजी देखी जा सकती हैं झोलाछापों की दुकाने**

**स्वतंत्र प्रभात**

**लखीमपुर खीरी** बेहजम सी एच सी क्षेत्र के अंतर्गत कुकुरमुत्ता की तरह जगह-जगह चल रही अवैध क्लिनिक के और गैर पंजीकृत अस्पताल। कुछ अस्पताल और क्लीनिक के ऐसी भी हैं जिनके बोर्ड गायब हैं वहां पर बाकायदा ऑपरेशन से लेकर प्रसव तक कराए जाते हैं और जिन अस्पतालों पर बोर्ड लगे भी हैं तो उन पर लिखे डॉक्टर के नाम वाले डॉक्टर शायद ही कभी आ जाते हो मुख्य रूप से अस्पतालों की नैया के वास्तविक खेवनहार यह झोलाछाप डॉक्टर ही है। जनपद में कई बार इलाज के दौरान जच्चा बच्चा की जान तक जा चुकी है ।आखिर किसकी सह पर यह अवैध अस्पताल और फर्जी क्लीनिके संचालित हैं? इन झोलाछाप डॉक्टरों का पैथोलॉजी से कमीशन बंधा होने के चलते यह मरीज को पहले जांच के नाम पर लूटते और लुटवाते हैं फिर इलाज के नाम पर उनकी जीवो पर डाका डालते हैं। आपको अवगत कराते चलें कि नीमगांव कस्बे में अवैध अस्पताल के साथ-साथ लोन पूरवा बेहजम रोड नीमगांव मे कई दुकानें झोलाछापो की सजी देखी जा सकती हैं। और इनमें दो-तीन डॉक्टर तो बगैर लाइसेंस के मेडिकल स्टोर भी चला रहे हैं ।आखिरकार किन जिम्मेदार साहब के रहमों करम से अस्पताल व अवैध क्लिनिके संचालित हो रही हैं। इस यक्ष प्रश्न का उत्तर कहीं किसी जिम्मेदार के पास ढूंढे नहीं मिल पा रहा है ।और ना ही इन झोलाछापों पर कार्यवाही ही हो पा रही है। जिम्मेदार अंजान की भूमिका में नजर आ रहे हैं ?।जिसके चलते इन अवैध अस्पतालों व फर्जी क्लिनिको पर कार्यवाही नहीं हो पा रही है। शायद किसी अनहोनी घटना घटित होने के बाद ही साहब का ध्यान इस ओर जाएगा और की जाएगी कार्यवाही।

# बडी वीवीआईपी हलचलः प्रधानमंत्री ,मुख्यमंत्री और राज्यपाल का कल होगा आगमन

**●-वीवीआईपी को लेकर लागू किया गया है यातायात प्लान, कई मार्गों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेंगे वाहन**



वीवीआईपी मूवमेंट को लेकर तैयारियों का जायजा लेते पुलिस अधिकारी।

**स्वतंत्र प्रभात**

**मथुरा।** प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का 23 नवम्बर को ब्रज तीर्थ विकास परिषद के कार्यक्रम ब्रज उत्सव में आगमन हो रहा है। वीवीआईपी मूवमेंट को देखते हुए मथुरा को आने वाली से भी रास्तों और मथुरा शहर के अंदर पार्किंग और रूट डायवर्जन प्लान लागू किया गया है। जिसके तहत कार्यक्रम वाले दिन गौशाला तिराहा (महावन) एवं बिचपुरी तिराहा (राया) से लक्ष्मी नगर चौराहा की ओर सभी प्रकार के भारी एवं कमर्शियल वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। लक्ष्मी नगर चौराहे से सभी प्रकार के भारी एवं कॉमर्शियल वाहन, रोडवेज बस टैंक चौराहे की ओर प्रतिबन्धित रहेंगे। ये वाहन गोकुल वैराज और टाउनशिप होते हुए गुजारे जाएंगे। सदर रामलीला ग्राउंड से एनसीसी तिराहा, टैंक चौराहा की ओर सभी प्रकार के वाहन उक्त दिनांक को पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगे। थाना हाईवे कट से धौली प्याऊ की ओर सभी प्रकार के भारी वाहन, कॉमर्शियल, ई रिक्शा, टैम्पो प्रतिबन्धित रहेंगे। ये वाहन एनएच 19 होकर अपने गंतव्य को जायेगे तथा वीवीआईपी कार्यक्रम के समय सभी प्रकार के वाहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। पुराना आरटीओ कट से मोतीकुंज की ओर समस्त समस्त प्रकार के वाहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगे। गोवर्धन चौराहा, मंडी चौराहा से सभी प्रकार के भारी वाहन, कॉमर्शियल वाहन तथा रोडवेज बस प्रतिबंधित रहेंगी। रोडवेज बस मालगोदाम तक ही आयेगी तथा मालगोदाम से ही वापस अपने गंतव्य को जायेगी। आवश्यकतानुसार चार पहिया वाहनों को भी नये बस अड्डे की ओर प्रतिबन्धित किया जायेगा। मालगोदाम की ओर से नये बस अड्डे की ओर ई रिक्शा टेम्पो पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगे। कृष्णा नगर बिजलीघर तिराहा, फायर सर्विस तिराहा से भूतेश्वर तिराहा की ओर सभी प्रकार के वाहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगे। पानीगांव चौराहा से सौ सैया की तरफ एवं सौ सैया तिराहा से मसानी चौराहा की तरफ समस्त प्रकार के भारी कमर्शियल वाहन पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेंगे। गोकुल रेस्टोरेन्ट से मसानी की ओर जाने वाले सभी प्रकार के भारी कमर्शियल वाहन प्रतिबन्धित रहेंगे तथा मसानी चौराहा से डींग गेट की ओर सभी प्रकार के वाहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगे। यह वाहन एनएच 19 होकर अपने गंतव्य को जायेगे। गोकरन तिराहा से चौक बाजार की ओर चार पहिया वाहन एवं चौक बाजार से मिलन तिराहा की ओर उक्त दिनांक को सभी प्रकार के वाहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगे। चौक बाजार से मिलन तिराहा की ओर सभी प्रकार के वाहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगे। भैंस बहोरा से अमरनाथ कट की ओर समस्त प्रकार के वाहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। स्टेट बैंक चौराहा से बृजरज उत्सव हनुमान तिराहा धौली प्याऊ की ओर सभी प्रकार के वाहन इस दिन को पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। एफसीआई तिराहा महोली रोड से बस अड्डा की ओर समस्त प्रकार के वाहन को प्रतिबंधित किया गया है। इस तिथि को सभी प्रकार के वाहन पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेंगे। वहीं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से हनुमान तिराहा धौली प्याऊ की ओर को सभी प्रकार के वाहन पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेंगे। गोकुल वैराज मोड तिराहा से पुलिस लाइन की ओर सभी प्रकार के भारी वाहन, कॉमर्शियल वाहन प्रतिबन्धित रहेंगे तथा कैनरा बैक कच्ची सड़क से तहसील तिराहा की ओर समस्त प्रकार के वाहन पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेंगे।


यह वाहन टाउनशिप एनएच 19 लक्ष्मीनगर चौराहा होकर अपने गन्तव्य को जाएंगे। डाक खाना तिराहा से पुलिस लाइन की तरफ एवं राजीव तिराहा से तहसील तिराहा की तरफ समस्त प्रकार के वाहन उक्त दिनांक को पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेंगे। इसके अलावा वीवीआईपी रूट गोकुल वैराज तिराहा से टैंक चौराहा से मछली फाटक से धौली प्याऊ तक एवं टैक चौराहा से स्टेट बैंक चौराहा से नया बस स्टैंड से भूतेश्वर तिराहा से केजेएस फाटक से मसानी चौराहा तक समस्त प्रकार के टैम्पो एवं ई रिक्शा पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे।

### यहां बनाए गए हैं पार्किंग स्थल

बृज तीर्थ विकास परिषद मथुरा के कार्यक्रम से सम्बन्धित वाहन पार्किंग व्यवस्था की गई है। इसके तहत सदर रामलीला ग्राउंड पार्किंग में खडे वाहन, जीआईसी ग्राउंड पार्किंग में बडी बस, बीएन पोद्दार पार्किंग पर हल्के व भारी वाहन, थाना हाईवे के सामने इन्द्रप्रस्थ कॉलोनी के बराबर में पेट्रोल पंप के सामने खाली भूमि पार्किंग में बडे व छोटे वाहन, माल गोदाम रोड पर पार्किंग में बडे वाहन व बस, कैंट स्टेशन गेट पार्किंग में छोटे वाहन, 10, 11 बीएन एनसीसी मैदान पार्किंग में छोटे वाहन, धौली प्याऊ रेलवे स्टेशन गेट तीन पर छोटे वाहन, मल्टीलेवल पार्किंग विकास बाजार में छोटे वाहन, कलेक्ट्रेट परिसर पार्किंग में छोटे वाहन खडे कराये जाएंगे। इसके अलावा वीवीआईपी के मूवमेंट के समय वीआईपी मार्ग पर सभी प्रकार के छोटे, बडे वाहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। ये वाहन वीवीआईपी कार्यक्रम समाप्ति के उपरान्त अपने अपने गन्तव्य को जा सकेंगे। एम्बुलेंस तथा फायर सर्विस जैसे आपातकालीन वाहनों को सभी प्रतिबंधों से मुक्त रखा गया है।

# प्रधानमंत्री के स्वागत में सजी ब्रजभूमि, तैयारी में जुटा प्रशासन

**मथुरा।** ब्रज उत्सव में पहली बार प्रधानमंत्री का आगमन हो रहा है। 23 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मथुरा दौरा प्रस्तावित है। इससे पहले प्रशासन मथुरा को सजाने संवारने में जुट गया है। नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने नगर निगम के अधिकारियों के साथ मछली फाटक, मयूर विहार, धोली प्याऊ रेलवे ग्राउंड, बीएसए कॉलेज रोड आदि सभी प्रस्तावित रूटों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण में मार्ग पर सभी अवैध हार्डिंग हटाने, समुचित प्रकाश व्यवस्था रखने एवं उच्च कोटि की सफाई व्यवस्था रखने के निर्देश सम्बंधित अधिकारी एवं विभागाध्यक्षों को दिये। मथुरा स्वास्थ्य विभाग ने भी प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर तैयारियों को युद्धस्तर पर अंजाम देना शुरू कर दिया है। वीवीआईपी मूवमेंट के लिए एम्बुलेंस और विशेषज्ञ चिकित्सक आने शुरू हो गये हैं। जिला अस्पताल की ओटी, कार्यक्रम स्थल, सेना क्षेत्र में सेफ हाउस बनाये जा रहे हैं। चिकित्सा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अलर्ट पर रहने को कहा गया है। डा.भूदेव सिंह को कंट्रोल रूम प्रभारी बनाया गया है



जो लगातार निगरानी रखे हुए हैं। आधुनिक एम्बुलेंस और विशेषज्ञ चिकित्सक मांगे गये हैं। सेफ हाउस भी बनाया जा रहा है। बुलंदशहर, हाथरस, कासगंज, फिरोजाबाद, आगरा आदि जनपदों से आधुनिक एम्बुलेंस मांगी गई हैं। एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस मांगी गई हैं। विशेषज्ञ चिकित्सकों की मांग मुख्यालय भेजी गई है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## पूर्व जिला पंचायत को भातृ शोक

**सीखड संवाद।** पूर्व जिला पंचायत सदस्य तपेश यादव के छोटे भाई व पूर्व प्रधान आशा देवी के पति समाज सेवी राजेश यादव खन्ना का असमायिक निधन हो गया। उनके निधन की सूचना पर क्षेत्र के सैकड़ों चाहने वालों में शोक की लहर दौड़ गई। उनका अंतिम संस्कार रुदौली गंगा घाट पर किया गया। मुखाग्नि पुत्र सिद्धार्थ यादव ने दिया। शोक प्रकट करने वालों में पूर्व विधायक जगदंबा सिंह,कल्याण यादव, रामराज सिंह, पटेल सुनील, सिंह, पूर्व प्रधान अजय सोनकर ,राम सुरत यादव, जिला पंचायत सदस्य संजय सिंह,पवन यादव, संतोष यादव, सुनील यादव बोनी, छोटू यादव,चंद्रशेखर यादव सहित सैकड़ो लोगों ने शोक संवेदना प्रकट किया।

## नाबालिग को बहला फुसलाकर भगाने व दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना को0देहात, जनपद मीरजापुर थाना को0देहात क्षेत्रांतर्गत निवासिनी एक महिला द्वारा अज्ञात अभियुक्त के विरूद्ध वादी की नाबालिग पुत्री को भगा ले जाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई । जिसके आधार पर थाना को0देहात पर मु0अ0सं0-279/2023 धारा 363 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई । पुलिस अधीक्षक मीरजापुर 'अभिनन्दन' द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक को0देहात को निर्देश दिए गए । उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना को0देहात पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग की विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में मंगलवार को अपराध निरीक्षक संदीप कुमार राय मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना को0शहर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-279/2023 धारा 363,376,504,506 भादवि व ङ पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त वीरेन्द्र कुमार सोनकर पुत्र खेलावन सोनकर निवासी जसोवर पहाड़ी थाना को0देहात जनपद मीरजापुर को थाना को0देहात क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया ।

## नाबालिग को बहला फुसला कर भगाने का आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना चिल्ह, जनपद मीरजापुर पर थाना चिल्ह क्षेत्रांतर्गत निवासी एक व्यक्ति द्वारा नामजद अभियुक्त के विरूद्ध वादी की नाबालिग पुत्री को बहला फुसला कर भगाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई । जिसके आधार पर थाना चिल्ह पर मु0अ0सं0-152/2023 धारा 363 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई । पुलिस अधीक्षक मीरजापुर 'अभिनन्दन' द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी करने हेतु थानाध्यक्ष चिल्ह को निर्देश दिए गए । उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना चिल्ह पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग की विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में मंगलवार को उप निरीक्षक हरिकेश सिंह मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना चिल्ह पर पंजीकृत मु0अ0सं0-152/2023 धारा 363 भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सिराज पुत्र दिनई निवासी गोबरहा थाना चिल्ह जनपद मीरजापुर को थाना चिल्ह क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया ।

## हलाल प्रमाणन वाले खाद्य पदार्थ किये गये जब्त

**मथुरा।** खाद्य सुरक्षा विभाग ने हलाल प्रमाणित खाद्य पदार्थ को लेकर खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापा मार कार्यवाही की। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने मुख्यालय से मिले निर्देशों के क्रम में ऐसे खाद्य पदार्थ जिन पर एफएसएसएआई के प्रमाण के अलावा हलाल प्रमाणन भी को तलाशा। हलाल प्रमाणन वाले खाद पदार्थो को प्रतिबंधित किए जाने के उपरांत विभाग ने खाद्य प्रतिष्ठानों तथा शॉपिंग मॉल पर छापामार कार्यवाही करते हुए साल्टेड पीनट, माउथ फ्रेशनर, हिमालयन पिंक साल्ट तथा अरहर दाल के चार सैंपल जांच के लिए संग्रहित किए। जिन पर हलाल सर्टिफिकेशन का सिंबल अंकित था। साथ ही 120 किलोग्राम पैक्ड दाल 640 पैकेट साल्टेड पीनट एवं विभिन्न नमकीन तथा तीन गत्ता माउथ फ्रेशनर को सीज कर दिया है। संचालक को सख्त हिदायत दी गई है कि भविष्य में हलाल सर्टिफाइड खाद्य पदार्थो का भंडारण क्रय विक्रय कतई न करें। सभी नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। कार्रवाई के दौरान टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी एसपी तिवारी तथा देवराज सिंह, एस एस निरंजन, दलबीर सिंह एवं अरुण कुमार खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।रुसभी खादय कारोबारियो से अपील है।

# 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने की सीडीओ ने दिलायी सबको विकसित भारत की प्रतिज्ञा

**● ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' अभियान के दूसरे दिन विशेष वैन के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचितों को किया गया लाभान्वित**

**केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जनपद के अन्तिम व्यक्ति तक लाभ पहुॅचाने के लिए समर्पित है ''विकसित भारत संकल्प यात्रा''-उप निदेशक कृषि**

**विकास खण्ड डीघ के मेलौना व बेल्हुआ, अभोली के हरपट्टी, भदोही के मूॅसी बनियापुर पाही, में आयोजित हुआ ग्रामीण संवाद यात्रा**

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही 21 नवम्बर, 2023:-** योजनाओं की संतृप्तीकरण के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने के लिए ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' आधारित विशेष वैन जिलाधिकारी गौरांग राठी के मार्गदर्शन व पयर्वेक्षण में अपने पूर्व आधारित रूट चार्ट के अनुसार विकास खण्ड डीघ में ग्राम पंचायत/प्राथमिक विद्यालय मेलौना व बेल्हुआ, विकास खण्ड अभोली के ग्राम पंचायत हरपट्टी में सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों के साथ ग्रामीणों में एवं विकास खण्ड भदोही के मूॅसी बनियापुर पाही, नवयुवक मंगलदल मैदान पर मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह की उपस्थिति में जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों द्वारा वैन पर पुष्प वर्षा करते हुए विकसित भारत संकल्प की प्रतिज्ञा ली गयी।

मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह ने बताया कि केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को जनपद के अंतिम व्यक्ति तक पहुॅचाने एवं जनपदवासियों को उपलब्ध लाभों व विभिन्न सुविधाओं के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प योजना विषयक विशेष वैन द्वारा जनपद के समस्त 546 ग्राम पंचायतों व सातों नगरीय निकायों में रूट चार्ट के अनुसार निर्धारित तिथि व समय पर पहुॅचकर प्रचार-प्रसार करेंगी।

जनपद में ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' के रूट चार्ट/कार्यक्रम के क्रम में सर्वप्रथम खण्ड विकास अधिकारी डीघ में धनराज कोटार्य के नेतृत्व में ग्राम पंचायत/प्राथमिक विद्यालय मेलौना व बेल्हुआ, इसी क्रम में खण्ड विकास अधिकारी अभोली इरफान मिर्जा के नेतृत्व में ग्राम पंचायत हरपट्टी में विशेष वैन द्वारा ग्रामीण संवाद यात्रा कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये।

इसी तरह मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह की उपस्थिति में खण्ड विकास अधिकारी भदोही विनोद कुमार के नेतृत्व में मूॅसी बनियापुर पाही, नवयुवक मंगलदल मैदान पर ग्रामवासियों ने सूचना, शिक्षा व संचार विषयक विशेष वैन के आगमन पर स्वागत करते हुए पुष्प वर्षा किया गया। मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थित ग्रामवासियों को पंचप्रण की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मा0 प्रधानमंत्री जी का रिकार्ड किया गया वीडियों संदेश एवं विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियों का प्रसारण उपस्थित लोगों ने देखा व आत्मसात किया। विभिन्न योजनाओं के सफल लाभार्थियों ने ''मेरी कहानी,मेरी जुबानी''/सफलता की कहानी कार्यक्रम के अन्तर्गत अपने अनुभव साझा करते हुए दूसरे लोगों को प्रेरित किया। इसी क्रम में श्रीमती विजयादेवी ने पीएम आवास योजना, श्री इन्द्रजीत यादव ने स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत शौचालय योजना, श्रीमती उजाला देवी ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत शक्तिमाता आजीविका समॅूह से मिले आर्थिक सहयोग से भैंस खरीदकर आत्मनिर्भर, श्री संजय राय द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि योजना से उनकी जीवन में आये साकारात्मक बदलाव व परिवर्तन को लोगों से साझा किया।

सतत् कृषि गतिविधियों के अन्तर्गत ड्रोन प्रदर्शन प्राकृतिक खेती व मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर प्रगतिशील किसानों के साथ विशेषज्ञयों द्वारा जानकारी देते हुए उन्हें जैविक खेती व मिलेट्स अनाज उत्पादन हेतु प्रोत्साहित किया गया। उपस्थित महिला स्वयं समूह की सदस्यों, स्कूल छात्र/छात्राओं व स्थानीय कलाकारों द्वारा धरती कहे पुकार के सांस्कृतिक प्रस्तुति देते हुए स्वच्छता गीत से लोगों को जागरूक किया गया। विकसित भारत पर आधारित ऑन-स्पॉट क्विज में स्थानीय बेसिक माध्यमिक, डिग्री कालेज के छात्र/छात्राओं के द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं व खिलाड़ियों व अन्य लोगों को अभिनन्दन करते हुए पुरस्कृत किया गया। ग्राम पंचायत की उपलब्धियों का जश्न मनाते हुए भूमि रिकार्ड का शत्-प्रतिशत डिजिटलीकरण, ओ0डी0एफ0 प्लस स्थिति, जल जीवन मिशन की संतृप्ति पर बल दिया गया। ऑन-स्पॉट सेवाओं के अन्तर्गत स्वास्थ्य शिविर (टीबी स्क्रीनिंग, एनीमिया) पीएम उज्वला नया नामांकन और बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण, पीएम किसान योजना में नया पंजीकरण, ई के0वाई0सी0, मेरा भारत स्वयं सेवक नामांकन की सुविधाओं से ग्रामवासियों को आच्छादित किया गया।

राजस्व विभाग के अन्तर्गत लाभार्थियों को घरौनी का वितरण/स्वामित्व योजना से संतृप्त किया गया। ग्राम विकास विभाग के अन्तर्गत पक्का गॉव, पक्का घर का उत्सव मनाते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं समूह सखियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। मनरेगा जाब-कार्ड धारकों सहित अन्य योजनाओं के लाभार्थियों ने अपनी जुबानी में अपने लाभ/सफलता की कहानी सुनाकर लोगों को प्रेरित किया। सहकारिता विभाग के अन्तर्गत ग्रामीणों को सहकारी समिति का सदस्य बनाकर प्रमाण पत्र देते हुए उन्हें लाभान्वित किया गया। रासायनिक उर्वरकों के वैकल्पिक उर्वरकों जैसे ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के प्रयोग का प्रदर्शन व प्रचार-प्रसार किया गया। बेसिक शिक्षा विभाग के छात्रों द्वारा ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' विषयक प्रभात फेरी निकालते हुए ग्रामीण संवाद यात्रा कार्यक्रम पर सरस्वती बन्दना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गयी। अमृत काल का भारत शिषर्क आधारित निबन्ध पेटिंग प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए निपुण उत्सव मनाया गया।

अग्रणी जिला प्रबन्धक के द्वारा बैंक स्टॉल के माध्यम से कृषकों की ईकेवाईसी, आधार से लिंक, किसान क्रेडिट कार्ड, मुद्रा लोन, व्यवसायिक लोन से वंचित लोगों को संतृप्त करते हुए प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कृषि विभाग द्वारा जागरूकता स्टॉल लगाते हुए विभिन्न कृषि/कृषक आधारित योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत प्रमाण पत्र वितरित किया गया। प्रगतिशील कृषकों को स्थानीय ग्राम स्तर पर किसानों को जागरूक करने हेतु पुरस्कृत किया गया। कृषि विभाग द्वारा मृदा परीक्षण, प्राकृतिक खेती, श्रीअन्न/मिलट्स की उपयोगिता, स्थानीय कृषि उत्पादन संगठनों के उत्पादन के प्रति प्रदर्शनी रबी अभियान के अन्तर्गत प्रगतिशील कृषकों द्वारा उच्च उत्पादकता प्राप्त करने हेतु संवाद कार्यक्रम किया गया।

स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत स्टॉल के माध्यम से चिकित्सा परीक्षण एवं आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया। पशुपालन विभाग के स्टॉल के अन्तर्गत पशुओं सामयिक टीकाकरण व रोगों के बारे में कृषकों को जागरूक किया गया। आपूर्ति एवं विपणन विभाग के स्टॉल के अन्तर्गत पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के अन्तर्गतन निःशुल्क राशन एवं पीएम उज्वला योजना पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने शासनादेश का अनुपालन करते हुए पॉच प्रकार के स्टॉल-पेंशन योजनाओं, स्वास्थ्य सेवाओं, कृषि स्टॉल, स्वयं सहायता समूह स्टॉल, बैकिंग क्षेत्र के स्टॉल को सम्बन्धित जिलास्तरीय अधिकारियों को सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया। नेहरू युवा केन्द्र के युवक मंगलदल एवं पुलिस कर्मियों के द्वारा ग्रामीण संवाद रथ यात्रा को सकुशल व शान्तिपूर्वक संचालित करने में सहयोग प्रदान किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस अभियान द्वारा प्रमुख योजनाओं का लाभ, लक्षित लाभार्थियों, खास तौर से वंचित व असंतृप्त लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचे, जनसामान्य को जागरूक करते हुए वंचितों तक योजनाओं का लाभ पहुॅचाना, नागरिकों से सीखना-लाभार्थियों के व्यक्तिगत कहानियों, अनुभव साझा करने के माध्यम से सरकारी योजनाओं के माध्यम से जानकारी एकत्रित करना। स्वच्छता सुविधाएं, आवश्यक वित्त पोषण सुविधाएं, एलपीजी कनेक्शन, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य सुविधाएं, स्वच्छ पेयजल, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आदि बुनियादी सुविधाएं जैसे प्रमुख योजनाओं का संतृप्तिकरण।

वैन प्रभारी/जिला सूचना अधिकारी डॉ0 पंकज कुमार ने जनपद में विकसित भारत संकल्प यात्रा के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम जनपद भदोही में 20 नवम्बर, से जनपद के समस्त 06 विकास खण्ड के अन्तर्गत कुल 546 ग्राम पंचायतों व सातों नगरीय निकायों में सूचना, शिक्षा और संचार विषयक विशेष वैन द्वारा केन्द्र व राज्य सरकार की ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में आयोजित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर व्यापक प्रचार-प्रसार ऑडियो, विजुअल एड, ब्रोशर, पैम्फलेट, बुकलेट आदि के माध्यम से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आज 21 नवम्बर से आगामी 26 जनवरी तक केन्द्र सरकार से प्राप्त 05 विशेष वैन के माध्यम से प्रत्येक विकास खण्ड में एक दिन में 02 ग्राम पंचायतों में दो शिफ्टों में प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक, दोपहर 02 बजे से 4.30 बजे तक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विकास खण्ड के कलस्टर वाईज नामित नोडल अधिकारी ग्राम पंचायत स्तर पर सचिव एवं डे आफिसर/पर्यवेक्षणीय अधिकारी की ड्यूटी लगायी गयी है। पूर्व निर्धारित तिथि व समय जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधान, सचिव, ग्रामीण समिति के सदस्यों, ग्रामवासियों की उपस्थिति में विशेष एलईडी वैन द्वारा मा0 प्रधानमंत्री जी का रिकार्ड किया गया संदेश विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियो, प्रारंभिक फिल्म प्रसारण, मेरी कहानी मेरी जुबानी, योजनाओं के सफल लाभार्थी अपने अनुभव साझा कर रहे है।

नगरीय क्षेत्रों के नोडल अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 कुंवर वीरेन्द्र मौर्य ने बताया कि जनपद के सभी सातों नगरीय निकायों में वैन संचालन के लिए निर्धारित तिथि व समय पर रूट की कार्ययोजना बना ली गयी है। शासनादेश के अनुपालन में शहरी क्षेत्रों में आयोजित अभियान में सम्मलित लगभग 17 योजनाओं जैसे-पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा, पीएम उज्वला, पीएम मुद्रा लोन, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन अभियान आदि से अवशेष व्यक्तियों को संतृप्त किया जायेगा।

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संतोष कुमार चक, उप कृषि निदेशक डॉ0 अश्वनी कुमार सिंह, उपायुक्त मनरेगा राजाराम, उपायुक्त स्वतः रोजगार श्यामजी, डीपीआरओ राकेश कुमार यादव, जिला सूचना अधिकारी डॉ0 पंकज कुमार, खण्ड विकास अधिकारी-डीघ-धनराज कोटार्य, भदोही-विनोद कुमार, अभोली ईरफान मिर्जा, जिला उद्यान अधिकारी ममता सिंह यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी शत्रुघ्न कन्नौजिया, सहायक निबन्धक सहकारिता राघवेन्द्र शुक्ल, सम्बन्धित समस्त सहायक विकास अधिकारी, ग्रामीण समिति के सभी सदस्य, ग्राम प्रधान, जनप्रतिनिधिगण, ग्रामवासी सहित समस्त सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## ध्रुव के चरित्र का वर्णन कर, भक्त और भगवान की महिमा का गुणगान

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही-** कोनिया क्षेत्र के भुर्रा में 20 नवम्बर सोमवार से 26 नवम्बर रविवार तक प विजय तिवारी परिवार द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के द्वितीय दिवस के अवसर पर श्रीमद भागवत कथा के कथा व्यास पं. आनन्द मिश्रा (पाराशर) ने द्वितीय दिवस की कथा के दौरान ध्रुव चरित्र का वर्णन किया। पं. आनन्द मिश्रा व्यास ने कहा कि नारद के शिष्य ध्रुव ने अटल तपस्या से भगवान का मनमोह लिया। जिससे अपना और अपने परिवार का नाम अमर कर लिया।

भागवत कथा के महामात्मय के प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए पाराशर महाराज ने कहा कि भागवत ही भगवान विष्णु का वांगमय स्वरूप है। श्रीमदभागवत भगवान का ही अक्षरावतार है। भक्त भगवान, वक्ता श्रोता के धर्म की विवेचना करते हुए कथा व्यास ने बताया कि वक्ता का चरित्र स्वच्छ होना चाहिए, वहीं श्रोता भगवान के प्रति समर्पित होना चाहिए। वक्ता प्रेरणा का पुंज होना चाहिए। व्यास ने कहा कि भगवान ही जीव का उद्धार करते हैं। द्वितीय दिवस के प्रथम सत्र में पांडवों के वंशावली का सुन्दर वर्णन किया। व्यास आनन्द मिश्रा पाराशर ने अपने व्याख्यान में बताया कि जैसा आप खाओगे अन्न, वैसा ही होगा आपका मन।

कथा को आगे बढ़ाते हुए युधिष्ठिर द्वारा प्रश्न प्रसंग का भी सुंदर वर्णन किया। कथा के दौरान कोनिया क्षेत्र से बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे। कुलगुरु नारायणदास केशवदास जी, कुलपुरोहित प ओंकार नाथ शुक्ला, मुख्य यजमान गीता देवी,विजय शंकर तिवारी के साथ रामराज तिवारी, चक्रधर, लल्लू उपाध्याय, छोटेलाल कोटेदार , बलन सिंह,प्रदीप तिवारी, अभय शंकर तिवारी सहित बड़ी संख्या में सनातनी भक्त मौजुद रहे।

## घटना में शामिल अपचारी सहित 03 आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर भेजा गया है जेल

**●पुरानी रंजिश को लेकर आरोपियों द्वारा युवक की धारदार हथियार से की गई थी हत्या**

स्वतंत्र प्रभात

**दिनांक-13.10.2023** को प्रातः श्रीमती सहीदुन्निशा पत्नी स्व0 अकबर अली निवासिनी काशीपुर थाना व जनपद भदोही द्वारा सूचना दिया गया कि मेरे पुत्र सौदागर उम्र करीब 35 वर्ष जो अपने दोस्त इरफान के साथ मोटरसाइकिल से थाना स्थानीय क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घमहापुर गया था। रात्रि में ग्राम घमहापुर पोखरा के पास कासिम व हासिम पुत्रगण मोबिन तथा आमीन उर्फ डीजल पुत्र निसार अहमद निवासीगण ग्राम घमहापुर थाना व जनपद भदोही द्वारा मेरे पुत्र को धारदार हथियार से गंभीर चोट पहुंचाकर मृत्यु कारित कर दिया गया है। उक्त सूचना पर तत्समय ही थाना स्थानीय पर आरोपियों के विरुद्ध मु0अ0सं0-254/23 धारा-302/34 भा0द0वि0 का अभियोग पंजीकृत करते हुए हत्या की घटना में शामिल अपचारी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है एवं शेष वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा था।

डॉ0 मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्समय ही घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया। हत्या के घटना में शामिल वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा 10 हजार रुपए पुरस्कार घोषित किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा घटना में शामिल अपचारी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है ।फरार चल रहे शेष वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु प्रयास के क्रम में आज दिनांक-21.11.2023 को प्रभारी निरीक्षक भदोही के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयास कर वांछित /10 हजार रुपये पुरस्कार घोषित अभियुक्त हासिम पुत्र मोबिन निवासी घमहापुर थाना व जनपद भदोही उम्र करीब 38 वर्ष को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। अभियुक्त का नाम व पता- हसीम पुत्र मोबिन निवासी ग्राम घमहापुर थाना व जनपद भदोही उम्र करीब 38 वर्ष।

## नाबालिग लड़के के साथ दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** थाना को0शहर, जनपद मीरजापुर थाना को0शहर क्षेत्रांतर्गत निवासी एक व्यक्ति द्वारा नामजद अभियुक्त के विरूद्ध वादी की नाबालिग पुत्र के साथ दुष्कर्म के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई । जिसके आधार पर थाना को0शहर पर मु0अ0सं0-167/2023 धारा 377 भादवि व 5/6 पाक्सो एक्ट पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई । पुलिस अधीक्षक मीरजापुर 'अभिनन्दन' द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना को0शहर को निर्देश दिए गए । उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना को0शहर पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग की विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में मंगलवार को उप निरीक्षक हरिशंकर यादव मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना को0शहर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-167/2023 धारा 377 भादवि व 5/6 पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त लक्ष्मण उर्फ निरहू पुत्र विजय सोनकर निवासी तरकापुर सोनकर बस्ती थाना को0शहर जनपद मीरजापुर को थाना को0शहर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया ।

## नाबालिग को बहला फुसलाकर भगाने व दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** थाना राजगढ़, जनपद मीरजापुर थाना राजगढ़ क्षेत्रांतर्गत निवासी एक व्यक्ति द्वारा नामजद अभियुक्त के विरूद्ध वादी की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई । जिसके आधार पर थाना राजगढ़ पर मु0अ0सं0-144/2023 धारा 363 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई । पुलिस अधीक्षक मीरजापुर 'अभिनन्दन' द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक राजगढ़ को निर्देश दिए गए । उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना राजगढ़ पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग की विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांकः 21.11.2023 को प्रभारी निरीक्षक राणा प्रताप यादव मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना राजगढ़ पर पंजीकृत मु0अ0सं0-144/2023 धारा 363, 366, 376 भादवि व ङ पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त लल्लू उर्फ रामविलास पुत्र राजेन्द्र विश्वकर्मा निवासी दरवान थाना राजगढ़ जनपद मीरजापुर को थाना राजगढ़ क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया ।

## जनपद स्तरीय कृषक परीक्षण, तिलहन मेला, कृषक जागरूकता कार्यक्रम में कृषकों को किया गया जागरूक

**● कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं से जनपद के कृषक उठाये लाभ-उप कृषि निदेशक**

**प्राकृतिक खेती व श्री-अन्न की उपयोगिता पर वैज्ञानिक विशेन्दु त्रिवेदी ने कृषकों को किया प्रोत्साहित**

**रबी गोष्ठी/कृषि निवेश मेला में कृषकों को शियाटस के कृषि वैज्ञानिक ने कृषि तकनीकी पर दिया बढ़ावा**



स्वतंत्र प्रभात

**भदोही 21 नवम्बर, 2023:-** उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद स्तरीय कृषक परीक्षण, राष्ट्रीय खादय सुरक्षा मिशन एडीएल ऑयल शीड्स योजना अन्तर्गत जनपद स्तरीय तिलहन मेला, कृषि उत्पादन में वृद्धि के लिए कृषि प्रसार, सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम, कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम एक दिवसीय जनपद स्तरीय रबी गोष्ठी/कृषि निवेश मेला का आयोजन कृषि विभाग के द्वारा विकास खण्ड भदोही के मूॅसी बनियापुर पाही, नवयुवक मंगलदल मैदान पर किया गया। जिसका मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर किसानों को जागरूक करने हेतु विभिन्न सम्बन्धित विभागों-उद्यान विभाग, वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, मत्स्य विभाग, सहकारिता विभाग, द्वारा स्टॉल लगाकर प्रोत्साहित किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह ने कृषकों को संबोधित करते हुए बताया कि केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाएं किसानों के समग्र विकास के लिए समर्पित है। उन्होंने प्राकृतिक खेती से होने वाले पर्यावरणीय व मानवीय लाभों पर प्रकाश डाला, साथ ही किसान भाईयों को नगदी फसलों जैसे मसरूम उत्पादन आदि की खेती के लिए सरकार द्वारा दी जा रही अनुदान पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अभी मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा जनपद के पीएम किसान सम्मान निधि खाता धारकों के खाते में रबी फसलों की बुवायी हेतु 2000 रू0 की सहायता राशि भेजी गयी है। जनपद में बीज उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने में नवीनतम तकनीकी ज्ञान के समावेश के साथ-साथ उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगतिशील कृषकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने श्रीअन्न मिलट्स की उपयोगिता के सम्बन्ध में कृषकों को जागरूक किया। साथ ही स्थानीय उत्पादन संगठनों के उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए उनकी सराहना किया। उन्होंने कृषि के क्षेत्र में जैविक/प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देते हुए नवाचार तकनीकों पर बल दिया।

उप कृषि निदेशक डा0 अश्वनी कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि किसान दिवस किसानों की समस्याओं एवं विभागीय जानकारी देता है। उप कृषि निदेशक द्वारा संचालित योजनाओं कृषि यंत्रीकरण, कस्टम हायरिंग सेन्टर, कृषि निवेश, आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत पात्र कृषक जिनका ई-केवाईसी न हुआ हो, वे कृषक सहज जन सेवा केन्द्र पर जाकर ई-केवाईसी जरूर करा लें। जिन कृषकों के स्टेट्स में पी0एफ0एम0एस0 रिजेक्टेड वाले कालम के सामने खाते को आधार से लिंक अथवा एन0पी0सी0आई0 सीडिंग हेतु बैंक से सम्पर्क करना लिखा हो वे कृषक अपने संबंधित बैंक शाखा में जाकर खाते को आधार से लिंक एवं एन0पी0सी0आई0 पोर्टल पर आधार/खाता की सीडिंग करा लें। कृषि विज्ञान केन्द्र बेजवॉ औराई के वैज्ञानिक डॉ0 विशेन्दु त्रिवेदी ने कृषकों को नवीन तकनीकी के साथ वैज्ञानिक पद्धति पर खेती करने के लिए कृषकों को जागरूक किया। उन्होंने भारत की जलवायु के लिए सार्वकालीन फसल उत्पादन मोटे अनाजों के उत्पादकता पर कृषकों को प्रोत्साहित किया। शियाट्स प्रयागराज के डॉ0 शिशिर कुमार रबी फसल के अन्तर्गत विभिन्न फसलों के खेती पद्धति व उसमें किये जा रहे नवाचार प्रयोगों को अपनाने पर बल दिया। मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह ने जनपद में कृषि व सहायक विभागों के अन्तर्गत अनुदान या लाभान्वित होने वाले कृषकों व लाभार्थियों को प्रतिकात्मक चेक/प्रमाण पत्र/प्रशस्ति पत्र देकर उनका हौसला आफजाही किया। इसी क्रम में जिला उद्यान अधिकारी ममता सिंह के नेतृत्व में प्रधानमंत्री सूक्ष्म, खाद्यय उद्योग, उन्नयन योजनान्तर्गत चावल उद्योग प्रारम्भ करने हेतु लाभार्थी रामकृष्ण पाण्डेय को 29 लाख रू0, अंकित कुमार दूबे को 25 लाख रू0, अनुज मिश्रा को 22 लाख रू0, मैक्रोनी चाउमीन उद्योग हेतु महेश हलवाई को 8 लाख रू0, सौरभ मोदनवाल को बेकरी उद्योग हेतु 8 लाख रू0, वैदिक एग्रो प्रोडूसर कम्पनी को मसरूम उत्पादन हेतु 27 लाख रू0 का प्रतिकात्मक चेक मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्रदान करते हुए उनको प्रोत्साहित किया गया। इसी क्रम में सहायक निबन्धक राघवेन्द्र शुक्ल के नेतृत्व में बहुउद्श्यीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति बी-पैक्स/बहु-उदेश्देशीय लैम्पस लिमिटेड के अन्तर्गत अजयपुर समिति से अमरनाथ यादव को सदस्य बनाकर प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इसी क्रम में कुल 10 लोगों को सदस्य बनाया गया। उप कृषि निदेशक डॉ0 अश्वनी कुमार सिंह के नेतृत्व में पीएम किसान सम्मान निधि योजना एवं प्रगतिशील कृषकों-अमरनाथ यादव, विशाल, बृजलाल, विजय शंकर, शिवराम आदि को प्रशस्ति पत्र देकर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया।

डा0 राजेश कुमार उपाध्याय उप पशु चिकित्साधिकारी द्वारा बताया गया कि सार्टेन सीमेन अब 100रू0 में उपलब्ध है। इन्होंने बताया कि जनपद में शासन द्वारा सचल पशु चिकित्सा इकाई का संचालन किया जा रहा है. जिससे पशुओं की देखभाल ठीक से हो सके। कमलजीत सिंह भूमि संरक्षण अधिकारी द्वारा बताया गया कि विभाग में खेत तालाब योजना और पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना संचालित है, जिसमे कृषकों की भूमि पर तालाब की खुदाई एवं मेडबंधी का कार्य अनुदान पर किया जाता है। उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी रत्नेश कुमार सिंह द्वारा कृषक निवेश मेला में प्राकृतिक/जैविक खेती का प्रचार-प्रसार मोटे अनाजों की पोषकता व स्थानीय कृषि उत्पादों के प्रोत्साहन हेतु कृषकों को जागरूक किया गया। नरेन्द्र कुमार त्रिपाठी जिला कृषि अधिकारी द्वारा कृषि निवेश के बारे विस्तृत जानकारी दी गयी। कृषि निवेश मेला में लघु सिंचाई, सहकारिता आदि विभागों द्वारा अपने विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। कृषक प्रतिनिधियों/किसान संघ के पदाधिकारियों द्वारा भी अपनी मॉगों, आवश्यकताओं को रखते हुए कृषक हितार्थ पर बल दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कृषकों द्वारा उठायी गयी समस्याओं/जिज्ञासाओं को 01 सप्ताह के अन्दर निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

# संक्षिप्त ख़बरें

## ट्रक ड्राइवर को गोली मारकर लूटने का प्रयास, छानबीन में जुटी पुलिस



**प्रयागराज।** गंगानगर के थरवई थाना क्षेत्र में पंजाब से धागा लादकर बांग्लादेश जा रहे ट्रक को लूटने में नाकाम बदमाशों ने ड्राइवर को गोली मार दी। मंगलवार भोर में प्रयागराज के थरवई इलाके में हुई इस वारदात में ट्रक ड्राइवर बृजेश कुमार के कंधे में गोली धंसी है। उसने गोली मारने वाले बदमाशों के भागने के बाद घटनास्थल से एक किलोमीटर आगे हाईवे किनारे पेट्रोल पंप पर ट्रक रोककर सूचना दी। थरवई पुलिस ने उसे बेली अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसका इलाज हो रहा है। उसके साथ मौजूद दूसरे ड्राइवर मनोज ने पुलिस को घटनाक्रम की जानकारी दी। गोली से घायल ड्राइवर बृजेश कुमार जौनपुर जनपद में सरपतहिया इलाके का रहने वाला है। ट्रक मालिक और ड्राइवर के पारिवारी जन अस्पताल पहुंच रहे हैं। पुलिस और एसओजी की टीम गोली मारकर फरार बदमाशों की तलाश में लगी है। थरवई थाना छेत्र में प्रायः लूट की घटनाएं होती रही है।पहले तो पुलिस लिखती नही लिखती है तो सही तरीके से पर्दाफाश नही हो पाता।जिससे असली गिरोह बच जाता है और पुनः वारदात कर बैठते है

## पुलिस आयुक्त ने यातायात गोष्ठी का आयोजन किया




**कानपुर।** यातायातद्रमाह नवम्बर में जागरूकता अभियान के अन्तर्गत पुलिस आयुक्त आर.के. स्वर्णकार द्वारा थाना क्षेत्र नजीराबाद स्थित कानपुर अंध विद्यालय जूनियर हाई स्कूल में दृष्टिबाधित बच्चों के साथ यातायात जागरूकता गोष्ठि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डी.सी.पी. ट्रेफिक सलमान ताज पाटिल, ए.सी.पी. स्वरूपनगर- शिखर, अंध विद्यालय के प्रधानाचार्य इन्द्रजीत सिंह, वार्ड नं0 37 के पार्षद पवन गुप्ता, विकलांग एसोसिएशन कानपुर के अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार तथा अन्य सम्भ्रांत व्यक्ति व पत्रकार बंधुओं ने उपस्थित दर्ज की।

## रोवर रेंजर इकाई के पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन

**नैनी, प्रयागराज।** मंगलवार को हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नैनी- प्रयागराज के रोवर रेंजर इकाई के पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह पर कैम्प फायर कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। महाविद्यालय के रोवर्स रेंजर्स प्रभारी डॉ .दीपक ने बताया कि इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षक के रूप में भारत स्काउट गाइड से सुश्री ऊषा कुशवाहा को आमंत्रित किया गया जिन्होंने छात्र छात्राओं को स्काउट गाइड के इतिहास ,मार्चपास्ट, स्काउट नियम, प्रतिज्ञा ,स्काउट गीत, झंडा गान, गठबंधन, पुल निर्माण ,स्काउट तालियां, कलर पार्टी की तैयारी, बिना बर्तन के भोजन संबंधी कार्यक्रम का आयोजन, प्राथमिक चिकित्सा ,टेंट निर्माण आदि के संबंध में प्रशिक्षण दिया एवं नवप्रवेशी रोवर्स रेंजर्स को दीक्षा प्रदान की। कैम्प फायर कार्यक्रम के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने लोकगीत, लोकनृत्य, झांकियां तथा समसामयिक सामाजिक समस्याओं पर नाटक प्रस्तुत किया। कैंप फायर की मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर ओम प्रकाश रहे, जिन्होंने छात्र-छात्राओं रोवर रेंजर छात्र छात्राओं को प्रशिक्षण लेने एवं उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में प्रतिभाग कर महाविद्यालय के खेल मैदान को जीवंतता प्रदान करने पर बधाई दी ।तथा प्रशिक्षण प्राप्त रोवर्स रेंजर्स को एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में समाज में भी अपने कर्तव्यों के निर्वहन हेतु आशीर्वचन दिया। शिविर का संचालन रोवर रेंजर प्रभारी डॉ .दीपक ने किया तथा अतिथियों एवं प्रशिक्षकों का धन्यवाद ज्ञापन रेंजर प्रभारी डॉ. मीनाक्षी राठौर ने किया।

## पुलिस लाइन से बैट्री चोरी करता दबोचा




**अलीगढ़,।** ऑपरेशन प्रहार के तहत थाना बन्नादेवी पुलिस टीम ने एक शातिर चोर को ट्रेफिक लाईन सुरक्षा बिहार

से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की बैट्री बरामद की है। पुलिस टीम द्वारा राशिद पुत्र मासूक अली निवासी जीवनगढ़ गली न0 3 थाना क्वार्सी को ट्रेफिक लाईन सुरक्षा बिहार से एक सीज शुदा वाहन मे से बैट्री निकाल कर चोरी करते हुए गिरफ्तार किया गया है।

# पुलिस की पाठशाला में ड्रोन संबंधी नियम एवं कानून के बारे में दिया गया व्याख्यान

स्वतंत्र प्रभात





**प्रयागराज।** 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी के बहुउद्देशीय हाल पिनाक मंडपम में वहिनीं के जवानों को सेनानायक डॉ0 राजीव नारायण मिश्र, आईपीएस द्वारा वर्तमान में सुरक्षा के प्रत्येक आयामों की सुदृढ़ता को बनाये रखने के साथ-साथ सुरक्षा की महत्ता एवं संवेदनशीलता के दृष्टिगत वर्तमान में ड्रोन के प्रयोग, ड्रोन टेक्नोलॉजी, एटीं-ड्रोन टेक्नोलॉजी, ड्रोन फॉरेंसिक तथा ड्रोन के संबंध में नियम एवं कानून के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई ।

डॉ मिश्र ने जवानों को बताया कि ड्रोन एक मानव रहित विमान है जो कि स्वतंत्र रुप से अथवा किसी जमीनी संचालक द्वारा रिमोट के माध्यम से संचालित किया जाता है। वायु में संचालित विमानों के तर्ज पर ही संचालित होता है। आज बढ़ते आधुनिकीकरण के दौर में ड्रोन तकनीकी विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग कार्यों हेतु प्रयोग में लाया जा रहा है। ड्रोन का प्रयोग किसी विशेष क्षेत्र के मानचित्रण एवं उसके सर्वेक्षण, कृषि फसलों की निगरानी एवं उनमें दवाओ एवं कीटनाशकों का छिड़काव करने, आपातकाल के समय आपात स्थिति में खोजबीन एवं बचाव राहत कार्य हेतु उपयोग, शिकारियों की निगरानी, बॉर्डर क्षेत्र में घुसपैठ एवं आतंकवादी गतिविधियों की निगरानी करने के साथ-साथ मल्टीस्पेक्ट्रल/थर्मल/एनआईआर कैमरे, एरियल फोटो/वीडियोग्राफी और लाइव स्ट्रीमिंग इवेंट आदि हेतु भी उपयोगी है।

ड्रोन का उपयोग सुरक्षा के दृष्टिगत भीड़भाड़ वाले स्थान पर नजर बनाए रखने, किसी रैली अथवा भीड़ जमाव पर पैनी नजर रखने हेतु, बड़े एवं सुप्रसिद्ध तीर्थ स्थलों, मेलो आदि में अराजक तत्वों पर नजर रखने हेतु सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत उपयोगी भी सिद्ध हो रहा है। विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों जैसे राज्य पुलिस एवं केंद्रीय सुरक्षा बलों के साथ-साथ विभिन्न खुफिया एजेंसियों के लिए भी यह तकनीकी अत्यंत उपयोगी एवं महत्त्वपूर्ण सिद्ध हो रही है। डीजीसीए द्वारा विभिन्न प्रकार के ड्रोनों को पांच प्रकार - नैनो, माइक्रो, मिनी, लघु एवं बृहद् में वर्गीकृत किया है। ड्रोन का सकारात्मक पहलुओं से अनुप्रयोग जितना फायदेमंद है, गलत हाथों में पहुंचने पर इसका प्रयोग उतना ही नुकसानदायक या विध्वंसक भी हो सकता है। प्रजेंटेशन के माध्यम से ड्रोन तकनीकी के सकारात्मक पहलुओं व चुनौतियों पर प्रस्तुत, सेनानायक डॉ मिश्र का यह व्याख्यान, पीएसी कर्मियों की व्यावसायिक दक्षता बढ़ाने की दृष्टिकोण से अत्यंत उपयोगी एवं महत्वपूर्ण रहा।

# घर में अधेड़ का मिला शव, ठाट से लटक रही थी रुमाल

स्वतंत्र प्रभात



**कोरांव प्रयागराज।** कोरांव थाना क्षेत्र के उल्दा गांव में बीती रात्रि को एक अधेड़ का मुख्य घर से थोड़ी दूरी पर स्थित भुसौल के घर में शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। सुबह 5 बजे के आसपास जैसे ही घटना की जानकारी आम हुई वैसे ही घटनास्थल पर परिजनों व ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक राजेंद्र प्रसाद आदिवासी (50) पुत्र अंगनू का अपनी विवाहित पत्नी राजकुमारी से लगभग 10 वर्ष से संबंध खराब चल रहा था। गांव की ही पुष्पा देवी पत्नी बिहारी लाल के साथ रहता था। पुष्पा देवी गांव की कोटेदार भी हैं। बीती रविवार की रात्रि राजेंद्र अपनी दूसरी पत्नी पुष्पा देवी से किसी बात को लेकर झगड़ा भी किया था। वह रात्रि 12 बजे के आसपास घर के दरवाजे की कुंडी बाहर से बंद कर चला गया। पत्नी पुष्पा ने बताया कि थोड़ी ही देर में आकर कुंडी खोल दिए। उसके बाद वे कहां गए किसी को कोई कुछ अता-पता नहीं चल सका। सुबह 5 बजे के आसपास पत्नी पुष्पा ने भुसौल के घर में देखा तो वह अपनी ही रुमाल से मड़हे के ठाट से फांसी के फंदे पर लटक रहा था। जिसे पत्नी ने ही खोल दिया तब तक ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। मृतक राजेंद्र को विवाहित पत्नी से दो पुत्र और दो पुत्रियां हैं। जिनमें एक पुत्र और एक पुत्री की शादी भी हो चुकी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जैसे थाने पहुंची वैसे परिजनों व ग्रामीणों का भी थाने पर जमावड़ा लग गया लोग राजेंद्र की मौत को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे थे।

### परिजनों व ग्रामीणों ने मौत को लेकर जताया संदेह

मृतक की माता कल्ली देवी भुसौल के घर में सबसे पहले पहुंची थी। जहां वह देखा कि 6 फिट का बेटा 4 फिट के ऊंचे ठाट से फांसी के फंदे पर लटक कर कैसे जान दे सकता है। इसको लेकर वह दंग रह गई। तब तक दूसरी पत्नी पुष्पा भी पहुंच गई और गले में बंधी रुमाल को खोल दिया। जिसके बाद पुलिस व अन्य ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। थाने पर जुटी भीड़ में लोग आपस में चर्चा कर रहे थे कि 6 फिट का आदमी 4 फिट की ऊंचाई से फांसी के फंदे पर कैसे लटक कर आत्महत्या कर लेगा। यह संदेहास्पद है। हालांकि मामला हत्या का है या आत्महत्या का यह तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल राजेंद्र की मौत को लेकर ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही थी।

# भगवान श्री सत्य साई बाबा का 98वा जन्मोत्सव प्रभात फेरी के साथ होगा

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** भगवान श्री सत्य साई बाबा का 98वा जन्मोत्सव कार्यक्रम 23 नवंबर को धूमधाम से अशोकनगर स्थित साई कृपा मंदिर एवं दुर्गा पूजा पार्क में मनाया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभात फेरी के साथ प्रारंभ होगा। श्री सत्य साई सेवा समिति प्रयागराज झूसी व नैनी ने विभिन्न आध्यात्मिक व सेवा कार्या को संपादित करने का निर्णय लिया गया है। 23 नवंबर 1926 को जन्मे भगवान श्री सत्य साई बाबा में संपूर्ण विश्व में आध्यात्मिक सेवा की ज्योति प्रज्वलित की है जिसे आप पूरा संसार सामालित हो रहा है। और करोड़ों भक्त भगवान बाबा की भक्ति करके निस्वार्थ सेवा कार्य अपने अंदर आध्यात्मिक उन्नति महसूस कर रहे हैं।

महिला व पुरुष भक्तों द्वारा प्रभात फेरी नगर संक्रितन का आयोजन होगा प्रातः कालीन कार्यक्रम व बाबा के जन्मदिन भजन का केक वितरण के साथ संपन्न होगा प्रातः 9ः30 बजे से श्री साई कृपा मंदिर अशोकनगर में प्रार्थना कार्यक्रम के अंतर्गत एक लाख बार भगवान बाबा का नाम जब उनके चित्र पर अझत हल्दी कुमकुम विभूति पुष्प आदि को समर्पित कर किया जाएगा। इस कार्यक्रम का समापन 1ः00 बजे बाबा की महाभजन आरती के साथ होगा जिसमें शहर भर के अनाथालय आश्रम के बच्चे व कुष्ट रोगियों की सेवा की जाएगी और नए वस्त्र कंबल आदि उपहार देकर किया जाएगा और साथ ही उनकी नारायण सेवा के लिए तहत महाप्रसाद भी ग्रहण कराया जाएगा।

सायकालीन कार्यक्रम में दुर्गा पूजा पार्क अशोक नगर में भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के अंत में 21 महिलाओं को साई समिति नई सिलाई मशीन प्रदान की जाएगी जिनका प्रशिक्षण पिछले 5 महीने से श्री साई कृपा केंद्र में हो रहा है ताकि वे इस कार्य में सिलाई कड़ाई के कार्य में दक्ष हो और स्वावलंबी बन सके तथा अपने पैरों पर खड़ी हो सके।

# मण्डलायुक्त ने सिंचाई, खाद्य एवं रसद पंचायतीराज, जलनिगम से सम्बंधित शिकायतो का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारणका निर्देश

● - स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन आर सी0 की वसूली में लापरवाही पर कौशाम्बी, फतेहपुर एवं प्रतापगढ़ के पूर्व अपर जिलाधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा।



स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में मंगलवार को आईजीआरएस, विकास प्राथमिकता कार्यो की मण्डलीय समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मण्डलायुक्त ने आईजीआरएस पोर्टल की शिकायतों के निस्तारण एवं उसकी गुणवत्ता की समीक्षा करते हुए सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समयसीमा में अनिवार्य रूप से किया जाये। उन्होने कहा कि आईजीआरएस से सम्बंधित शिकायतों का निर्धारित समयसीमा में निस्तारण हो। समीक्षा में अधीक्षण अभियंता सिंचाई, संयुक्त उपायुक्त खाद्य एवं रसद विभाग, उपनिदेशक पंचायतीराज, अधीक्षण अभियंता जलनिगम से सम्बंधित शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता का फीडबैक खराब पाये जाने पर मण्डलायुक्त ने निस्तारण की गुणवत्ता पर नाराजगी व्यक्त करते हुए शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराये जाने का निर्देश दिया है। साथ ही साथ यह भी निर्देशित किया है कि अगली समीक्षा बैठक में यदि शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता का फीडबैक में सुधार नहीं पाया गया, तो सम्बंधित अधिकारियों के विरूद्ध एडवर्स की कार्रवाई की जायेगी।

मण्डलायुक्त ने ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी से सम्बंधित इकाईयों/निवेशकों से सम्बंधित आवेदनों को शीघ्रता से निस्तारण किए जाने। सम्बंधित अधिकारियों को निवेशकों/उद्यमियों के साथ बातचीत करते रहने व उनकी समस्याओं का शीर्ष प्राथमिकता पर समाधान सुनिश्चित कराये जाने के लिए कहा है।

योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है। पशु पालन विभाग की समीक्षामें मण्डलायुक्त ने छुट्टा घूमने वाले निराश्रित गोवंशों को गो-आश्रय स्थलों में अनिवार्य रूप से संरक्षित किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने मण्डल के सभी मुख्य पशुचिकित्साधिकारियों को निराश्रित गो-आश्रय स्थलों की क्षमता वृद्धि करने एवं नए गो-आश्रय स्थलों के निर्माण कार्य को शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशों को ठण्ड से बचाव हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थायें समय से सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है।

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा करते हुए हर घर जल योजना के अन्तर्गत पाईप लाइन बिछाने, कनेक्शन दिए जाने, ओवर हेड टैंक के निर्माण, पम्प लगाने सम्बंधी कार्यों में तेजी लाये जाने का निर्देश कार्यदायी संस्था को दिया है। उन्होंने कार्यदायी संस्था को कर्मियों की संख्या बढ़ाकर कार्य को शीघ्रता से पूरा कराये जाने के लिए कहा है। पाईप लाइन बिछाते समय सड़कों/सम्पर्क मार्गो की खुदाई करने एवं उसमें पाईप लाइन बिछाने के बाद अनिवार्य रूप से सड़कों को पुनः उसी स्थिति में बनाये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि यदि कहीं से भी ऐसी शिकायत पायी गयी कि खुदाई करने के बाद सड़क को ठीक ढंग से नहीं बनाया गया है, तो सम्बंधित के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। मण्डलायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य विभाग से सम्बंधित चल रही योजनाओं/कार्यक्रमों जिसमें बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं से सम्बंधित योजनाओं के क्रियान्वयन में विशेष ध्यान दिए जाने का निर्देश दिया है। आशाओं के भुगतान, बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण, डिस्चार्ज होने वाले बच्चों की मानीटरिंग, एएनसी, जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत प्रसूताओं को मिलने वाले इंसेंटिव सहित कई अन्य योजनाओं/कार्यक्रमों की प्रगति ठीक न पाये जाने पर मण्डलायुक्त ने सभी मुख्य चिकित्साधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कार्यो में प्रगति लाये जाने का निर्देश दिया है साथ ही साथ उन्होंने लापरवाही बरतने वाले प्रभारी चिकित्साधिकारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने सभी मुख्य चिकित्साधिकारियों को हिदायत दी है कि यदि लापरवाह प्रभारी चिकित्साधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई नहीं की जाती है, तो मुख्य चिकित्साधिकारियों के विरूद्ध ही कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

मण्डलायुक्त ने गड्ढ़ा मुक्ति अभियान के कार्यो की समीक्षा करते हुए उन्होंने मुख्य अभियंता पीडब्लूडी से गड्ढ़ा मुक्त अभियान के तहत कितनी सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जाना था, कितनी सड़के गड्ढ़ा मुक्त हुई, कितना बजट आवंटित था तथा कितना बजट खर्च किया गया, से सम्बंधित विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। उन्होंने नई स्वीकृत सड़कों के निर्माण की प्रगति के बारे में भी जानकारी प्राप्त करते हुए मानक के अनुसार निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्यो को पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है। सड़कों के अनुरक्षण एवं रख-रखाव की समीक्षा करते हुए प्रयागराज, फतेहपुर एवं प्रतापगढ़ का कार्य संतोषजनक न पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अनुरक्षण एवं रख-रखाव के कार्यो को ठीक ढंग से कराये जाने का निर्देश दिया है।

राजस्व वसूली की समीक्षा में खनन एवं वाणिज्यकर विभाग की आर0सी0 के सापेक्ष वसूली कम पाये जाने पर मण्डलायुक्त ने कौशाम्बी, फतेहपुर एवं प्रतापगढ़ के पूर्व अपर जिलाधिकारियों से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने एवं वर्तमान समय में तैनात अपर जिलाधिकारियों को सचेत करते हुए वसूली में तेजी लाये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने खनन अधिकारियों को खनन स्थलों पर लगाये गये कैमरों को अनिवार्य रूप से क्रियाशील बनाये रखने एवं प्रत्येक दशा में रसीद काटा जाना सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने सम्भागीय परिवहन अधिकारी एवं खनन अधिकारी को ओवर लोडिंग पर विशेष सकर्तकता एवं निगरानी बनाये रखने के निर्देश दिए है। चकबंदी अधिकारियों को 5 साल से ऊपर के लम्बितवादों को शीघ्रता से निस्तारित किए जाने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर सभी मुख्य विकास अधिकारीगणों के साथ-साथ अपर आयुक्त एवं संयुक्त उपायुक्त सहित सम्बंधित विभागों के मण्डलीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट जज के रूप में दो सिख उम्मीदवारों की नियुक्ति न होने पर केंद्र से किया सवाल

जे.पी.सिंह

स्वतंत्र प्रभात

**सुप्रीम कोर्ट** ने एक बार फिर केंद्र सरकार से जजों के तबादलों में 'पिक एंड चूज़' दृष्टिकोण पर सवाल उठाया।इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में दो सिख वकीलों की नियुक्ति न करने पर भी केंद्र सरकार से सवाल किया। जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस सुधांशु धूलिया की पीठ ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति के लिए अधिवक्ता हरमीत सिंह ग्रेवाल और दीपिंदर सिंह नलवा के नामों को मंजूरी देने में केंद्र की विफलता का स्पष्ट रूप से जिक्र करते हुए कहा द्यद्ध जिन उम्मीदवारों को मंजूरी नहीं दी गई है, उनमें से दोनों सिख हैं। ऐसा क्यों उठना चाहिए? पिछले मुद्दों को मौजूदा लंबित मुद्दों से न जुड़ने दें। ग्रेवाल और नलवा को तीन अन्य वकीलों के साथ 17 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम द्वारा नियुक्ति के लिए अनुशंसित किया गया था। हालाँकि, केंद्र ने 2 नवंबर को पाँच की सूची में से केवल तीन वकीलों की नियुक्ति को अधिसूचित किया।

सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के कुछ न्यायाधीशों के तबादले को अधिसूचित करने में देरी पर केंद्र सरकार से सवाल किया जिनमें से अधिकांश गुजरात हाईकोर्ट से है, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से कहा कि यहां तक कि उसने अन्य हाईकोर्ट के जजों का तबादला करने की कॉलेजियम की सिफारिश को भी मंजूरी दे दी। जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस सुधांशु धूलिया की पीठ बेंगलुरु एडवोकेट्स एसोसिएशन द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें कॉलेजियम प्रस्तावों को मंजूरी देने के लिए 2021 के फैसले में न्यायालय द्वारा निर्धारित समय-सीमा का पालन नहीं करने के लिए केंद्रीय कानून और न्याय मंत्रालय के खिलाफ अवमानना कार्रवाई की मांग की गई थी।

7 नवंबर, 2023 को गैर-सरकारी सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन द्वारा न्यायिक नियुक्तियों में देरी का मुद्दा उठाने वाली एक रिट याचिका को भी अवमानना याचिका के साथ सूचीबद्ध किया गया था। पिछली सुनवाई में पीठ ने मौखिक रूप से कॉलेजियम की सिफारिशों को 'अलग करने' की केंद्र की प्रथा की निंदा की, जिसके परिणामस्वरूप न्यायिक नामांकित व्यक्तियों की पारस्परिक वरिष्ठता में गड़बड़ी हुई। अदालत ने कहा कि न्यायाधीशों की नियुक्तियों के लिए कॉलेजियम प्रस्तावों से नामों को चुनिंदा रूप से स्वीकार करने में केंद्र सरकार द्वारा अपनाए गए 'पिक एंड चूज' दृष्टिकोण को रोका जाना चाहिए। इसने हाईकोर्ट के न्यायाधीशों के स्थानांतरण के लिए कॉलेजियम द्वारा किए गए कुछ प्रस्तावों के लंबित होने पर भारत के अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी को भी अपनी चिंताओं से अवगत कराया।

**कोर्ट ने चेतावनी दी थी,** "तबादलों को अधिसूचित किया जाना चाहिए, अन्यथा, यह प्रणाली में एक विसंगति पैदा करता है। एक बार एक न्यायाधीश नियुक्त हो जाने के बाद, जहां वे अपना न्यायिक कार्य करते हैं, यह सरकार के लिए कोई चिंता का विषय नहीं है। कल, कॉलेजियम सामूहिक रूप से एक विशेष पीठ को न्यायिक कार्य नियुक्त न करने की सलाह दे सकता है। हमें यह कदम उठाने के लिए मजबूर न करें, लेकिन ऐसा करना हमारी शक्तियों से परे नहीं है। यह कोई अनायास टिप्पणी नहीं है, बल्कि कुछ ऐसा है जिस पर हमने कॉलेजियम के साथ चर्चा की है '

सोमवार की सुनवाई के दौरान एक बार फिर शीर्ष अदालत ने तबादला प्रस्तावों को 'चयनात्मक' मंजूरी देने पर अटॉर्नी-जनरल को फटकार लगाई। हालांकि अंततः अटॉर्नी-जनरल के आदेश पर सुनवाई स्थगित कर दी गई,

जस्टिस कौल ने संक्षिप्त अदालती बातचीत के दौरान उनसे कहा - "हमारी जानकारी के अनुसार, आपने पांच लोगों के लिए स्थानांतरण आदेश जारी किए हैं, लेकिन छह अन्य के लिए नहीं - उनमें से चार गुजरात से हैं, एक दिल्ली से और एक इलाहाबाद से है। यह एक अच्छा संकेत नहीं भेजता है। चयनात्मक कार्य न करें। यह अपनी स्वयं की गतिशीलता बनाता है। आप क्या संकेत देते हैं जब अनुशंसित स्थानांतरणों में से, गुजरात के चार न्यायाधीशों को बिल्कुल भी स्थानांतरित नहीं किया जाएगा?

देखिए, किसी स्तर पर क्या होगा कि आप उन न्यायाधीशों को अनुमति नहीं दे सकते जिनके बारे में हम सोचते हैं कि उन्हें अदालत में काम नहीं करना चाहिए और वहां काम करना जारी रखें। इसका मतलब कुछ अप्रिय हो सकता है... मैं कहना नहीं चाहता लेकिन आप परिणाम को समझते हैं। अगर ऐसा हुआ, तो इन न्यायाधीशों को शर्मिंदा होना पड़ेगा और उनके अधिकार कमजोर हो जाएंगे। कृपया ऐसा न करें और ऐसा न होने दें।

" कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि स्थानांतरण के लिए अनुशंसित शेष ग्यारह नामों में से पांच का स्थानांतरण हो चुका है और छह स्थानांतरण लंबित हैं।इसमें यह भी कहा गया कि हाल ही में दोहराए गए नामों में से आठ उम्मीदवारों की नियुक्ति नहीं की गई है और पांच नामों के लिए सरकार ने अपनी टिप्पणियों का जवाब नहीं दिया है। कोर्ट ने कहा कि इनमें से कुछ नियुक्त किए गए अन्य लोगों से वरिष्ठ हैं। यह कुछ ऐसा है जिस पर हम पहले भी बात कर चुके हैं, कि फिर उम्मीदवारों को बेंच में शामिल होने के लिए राजी करना मुश्किल हो जाता है।एजी द्वारा अदालत को आश्वासन दिए जाने के बाद कि वह निराश नहीं होंगे, मामले को 5 दिसंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया था।

एडवोकेट्स एसोसिएशन बेंगलुरु ने तर्क दिया है कि नियुक्ति के लिए कॉलेजियम द्वारा अनुशंसित नामों पर कार्रवाई करने में केंद्र सरकार की विफलता दूसरे न्यायाधीशों के मामले में शीर्ष अदालत के फैसले का सीधा उल्लंघन है। सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले नवंबर में कहा था कि केंद्र सरकार जजों की नियुक्ति को सिर्फ इसलिए नहीं रोक सकती क्योंकि उसके द्वारा मंजूर किए गए नामों को कॉलेजियम ने मंजूरी नहीं दी थी।पीठ ने यह स्पष्ट कर दिया था कि जब कॉलेजियम जजशिप के लिए किसी नाम को स्वीकार नहीं करता है, तो यही इसका अंत होना चाहिए।

न्यायालय ने न्यायाधीशों की नियुक्ति में "चुनें और चुन" दृष्टिकोण के लिए केंद्र सरकार को भी फटकार लगाई थी, यह देखते हुए कि यह न्यायाधीश पद के लिए अनुशंसित लोगों के बीच वरिष्ठता को परेशान कर रहा था।उच्च न्यायालय के जजशिप के लिए कॉलेजियम द्वारा अनुशंसित मेधावी वकील अक्सर पीछे हट जाते हैं क्योंकि केंद्र सरकार चुनिंदा नामों पर कार्रवाई करती है, जिससे उम्मीदवारों की संभावित वरिष्ठता प्रभावित होती है, सुप्रीम कोर्ट ने पिछली सुनवाई के दौरान इस बात पर अफसोस जताया था।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कांग्रेस सांसद के खिलाफ 23 साल पुराना मामला रद्द करने से इनकार किया

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पिछले हफ्ते कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला की वह याचिका खारिज कर दी, जिसमें कथित राजनीतिक आंदोलन, दंगा, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के 23 साल पुराने मामले में आपराधिक कार्यवाही रद्द करने की मांग की गई थी, जब सुरजेवाला युवा कांग्रेस नेता के रूप में कार्यरत थे। सुरजेवाला ने इस आधार पर अदालत का रुख किया कि मामले में एफआईआर वर्ष 2000 में दर्ज की गई थी, लेकिन मामला वर्ष 2022 में सत्र न्यायालय को सौंप दिया गया। इस प्रकार, मुकदमे में लंबी और अनुचित देरी हुई है। इस तथ्य के साथ कि मामले के कुछ मूल रिकॉर्ड अभियोजन पक्ष के पास उपलब्ध नहीं हैं।

जस्टिस राज बीर सिंह की पीठ ने उनकी याचिका खारिज करते हुए कहा कि यद्यपि मुकदमे में देरी एक प्रासंगिक कारक है, लेकिन ऐसा कोई कानूनी प्रस्ताव नहीं है कि यदि मुकदमा विशिष्ट अवधि के भीतर समाप्त नहीं हुआ तो मामले की कार्यवाही आवश्यक रूप से समाप्त हो जाएगी। मुकदमे में देरी के कारण रद्द किया जाए।

कोर्ट ने यह भी कहा कि इस मामले में मुकदमे में देरी सुरजेवाला की वजह से हुई, क्योंकि वह खुद अपने खिलाफ प्रक्रिया जारी होने के बावजूद लगभग दो दशकों तक अदालत में पेश नहीं हुए। इसलिए मुकदमा शुरू होने में देरी के आधार पर कार्यवाही रद्द करने का कोई औचित्य नहीं था। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि सुरजेवाला को वर्ष 2001 से लगातार कोर्ट द्वारा तलब किया जा रहा था। हालांकि, उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए कोई दंडात्मक प्रक्रिया जारी नहीं की गई।

आखिरकार, अगस्त 2022 में कोर्ट ने उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया। वह अदालत में पेश हुए और मामला नवंबर 2022 में सत्र न्यायालय को सौंप दिया गया। तब से सुरजेवाला इस मुद्दे पर नाराज हैं कि आरोप पत्र की पूरी और सुपाठ्य प्रतियां अदालत द्वारा उपलब्ध नहीं कराई गई हैं।

महत्वपूर्ण बात यह है कि न्यायालय का यह भी विचार था कि केवल इसलिए कि सुरजेवाला द्वारा मांगे गए कुछ मूल दस्तावेज अभियोजन पक्ष के पास रिकॉर्ड पर उपलब्ध नहीं हैं, यह विवादित कार्यवाही रद्द करने का आधार नहीं हो सकता, खासकर तब जब उक्त दस्तावेज किसी का हिस्सा नहीं हैं। इसके अलावा, अभियोजन पक्ष द्वारा सीआरपीसी की धारा 173(2) के तहत रिपोर्ट पर भरोसा नहीं किया जा रहा है। अपने आदेश में हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट को आरोप पत्र की सुपाठ्य और पढ़ने योग्य प्रतियां उन्हें उपलब्ध कराने का निर्देश देने से भी इनकार कर दिया, क्योंकि यह नोट किया गया कि उन्हें पहले ही इसकी आपूर्ति की जा चुकी है।

ट्रायल कोर्ट ने पहले ही प्रतियों के बारे में अपनी संतुष्टि दर्ज कर दी है। उसे आपूर्ति की गई पुस्तकें सुपाठ्य हैं। न्यायालय ने कहा कि केवल इसलिए कि कुछ शब्द यहां-वहां सुपाठ्य या पढ़ने योग्य नहीं हैं, यह प्रतियों की आपूर्ति के संबंध में ट्रायल कोर्ट को फिर से कोई निर्देश देने का आधार नहीं हो सकता है। कोर्ट ने कहा कि आरोप पत्र के सुपाठ्य न होने का मुद्दा उनके द्वारा केवल मामले की कार्यवाही में देरी करने के लिए उठाया जा रहा है। इसके अलावा, मामले में सुरजेवाला के खिलाफ आरोपों के संबंध में अदालत का मानना था कि एफआईआर में लगाए गए आरोपों और जांच के दौरान एकत्र की गई सामग्री को देखते हुए यह नहीं कहा जा सकता कि उनके खिलाफ प्रथम दृष्टया कोई मामला नहीं बनता है।

अदालत ने ट्रायल कोर्ट के आदेश (10 अगस्त, 2023) को चुनौती देने वाली उनकी प्रार्थना भी खारिज कर दी, जिसमें उनकी सीआरपीसी की धारा 91 के तहत आवेदक-अभियुक्त के बयानों के साथ-साथ उनकी मेडिकल जांच रिपोर्ट और अन्य सबूतों की प्रतियां मांगी गई थी। अपने आदेश में अदालत ने कहा कि आमतौर पर आरोप के चरण में बचाव साक्ष्य पर विचार नहीं किया जा सकता और आरोप के चरण में आरोपी के कहने पर सीआरपीसी की धारा 91 के तहत आवेदन सुनवाई योग्य नहीं है।

अदालत ने कहा, "इस प्रकार, आरोपी को सीआरपीसी की धारा 91 के प्रावधानों को लागू करके कथित दस्तावेजों के उत्पादन की मांग करने का कोई अधिकार नहीं है।



अन्यथा भी ट्रायल कोर्ट ने पाया कि पुलिस स्टेशन की रिपोर्ट के अनुसार, आवेदक द्वारा तलब किए जाने के लिए मांगे गए कोई भी दस्तावेज पुलिस स्टेशन में उपलब्ध नहीं है। इस प्रकार, उक्त दस्तावेज़ प्रस्तुत करने के लिए पुलिस स्टेशन को कोई निर्देश देने का कोई औचित्य नहीं है। ट्रायल कोर्ट ने संपूर्ण तथ्यों पर सही परिप्रेक्ष्य में विचार किया और तर्कसंगत आदेश द्वारा आवेदन को खारिज कर दिया।

" उपरोक्त के मद्देनजर, विवादित कार्यवाही रद्द करने का कोई मामला नहीं पाते हुए अदालत ने सीआरपीसी की धारा 482 के तहत उनका आवेदन खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार (09.11.2023) को निर्देश दिया कि इस मामले में सुरजेवाला के खिलाफ जारी गैर-जमानती वारंट को अगले पांच सप्ताह तक निष्पादित नहीं किया जाएगा।सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने सुरजेवाला को चार सप्ताह में उनके खिलाफ वारंट रद्द करने के लिए आवेदन के साथ ट्रायल कोर्ट में जाने की छूट दी थी।

# संक्षिप्त ख़बरें

## डीवीसी द्वारा अधिगृहीत भूमि से सम्बंधित मामलों के निष्पादन के लिए कल पंचमाधव पंचायत भवन में लगेगा शिविर

**बरही** प्रखंड के पंचमाधव पंचायत भवन में बुधवार को डीवीसी द्वारा अधिगृहीत भूमि से सम्बंधित कागजी मामलों के निष्पादन हेतु विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। इस सम्बंध में बरही सीओ राम नारायण खलखो ने पत्र जारी किया। उन्होंने कहा कि 22 नवम्बर को बसरिया पंचमाधव पंचायत भवन में डीवीसी द्वारा अधिगृहीत भूमि से सम्बंधित मामलों के निष्पादन के लिए सुबह 11बजे मौजा पंचमाधव के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस शिविर में वैसे रैयत जिन्हें डीवीसी द्वारा पर्चा प्राप्त है एवं जिनकी जमीन एनएचएआई में अधिगृहीत की गई है। वैसे सभी रैयत आवश्यक कागजातों के साथ शिविर में निर्धारित समय में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे। इस सम्बंध में उन्होंने ने सम्बधित क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य, मुखिया, अंचल अमीन, राजस्व कर्मचारी एवं अंचल निरीक्षक को उपस्थित रहने का निर्देश दिया।

## केदारुत मुखिया सरिता देवी ने स्कूली बच्चों के बीच ड्रेस, जूता, मौजा एवं स्वेटर का किया वितरण

**बच्चे देश का भविष्य, इन्हें सुरक्षित व बेहतर शिक्षा मिलनी चाहिए- सरिता देवी**

**बरही** प्रखंड अंतर्गत केदारुत पंचायत मुखिया सरिता देवी द्वारा उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय देवचंदा में 55 विद्यार्थियों के बीच ड्रेस, जूता, मौजा एवं स्वेटर का वितरण किया गया। इस अवसर पर पंचायत के मुखिया सरिता देवी ने कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य है। इन्हें सुरक्षित व बेहतर तरीके से शिक्षा मिलना चाहिए। बच्चों के नियमित स्कुल आने से ही वे अच्छी शिक्षा बेहतर भविष्य को जान पाएंगे। बच्चें प्रतिदिन स्कूल आवे और मन अच्छे से लगाकर पढ़ें। इस बीच पोशाक, जूता व गर्म कपड़े पाकर बच्चे बहुत खुश हुए। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव, वार्ड सदस्य सुषमा देवी, रेखा देवी, विद्यालय प्रधानाध्यापक फुलेश्वर सिंह एवं अविभावक गण उपस्थित रहे।

## पुलिस ने बेटी की हत्यारोपी मां को गिरफ्तार कर जेल भेजा



**शिकोहाबाद-** थाना पुलिस ने बेटी की हत्या के आरोप में पिता के बाद पुलिस ने मां को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि 25 दिसंबर को बोझिया के समीप खाली पानी भरे प्लाट में एक चार वर्षीय बालिका का शव पड़ा मिला था। जानकारी होने पर थाना पुलिस ने शव को निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पुलिस ने बालिका की शिनाख्त की। इसके बाद पुलिस ने अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्रकाश में बालिका के पिता और माता का नाम आया। पुलिस ने हत्यारोपी पिता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मंगलवार को थाना पुलिस ने हत्या में वांछित चल रही बालिका की मां रेखादेवी को पुलिस ने सुभाष तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़ी गई महिला का नाम रेखा देवी निवासी नगला खेरी मौजा कुढ़ीना सिरसागंज बताया है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत




**फिरोजाबाद-** थाना सिरसागंज क्षेत्र के गुंजन चौक के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से एक पुलिस भर्ती के लिए लिखित परीक्षा देने जा रहे युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा। जनपद मैनपुरी थाना करहल के गांव नगला प्रेमी निवासी 23 वर्षीय विकास यादव पुत्र विद्याराम सोमवार की शाम मोटरसाइकिल से आगरा दिल्ली पुलिस की परीक्षा देने जा रहा था। जब वह गुंजन चौक के समीप पहुंचा ही था तभी तेज गति से आरहे किसी वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसा होते ही लोगों की भीड़ एकित्रत हो गई। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए फिरोजाबाद मेडिकल कॉलेज भेज दिया। मंगलवार को युवक के परिजन जिला अस्पताल पहुंचे और उसकी शिनाख्त की। परिजनों ने मृतक की शिनाख्त विकास यादव के रूप में की। शव देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया किमृतक विकास का बड़ा भाई मोहित उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही के पद पर था। एक वर्ष पहले उसकी हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। एक वर्ष में परिवार में दो मौत से परिवार में सन्नाटा पसर गया। मंगलवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद मृतक के शव को परिवरीजनों के सुपुर्द कर दिया।

# पक्की सड़क हुई जर्जर आवागमन में ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

**● -ग्रामीणों ने की विधायक से पथ सुदृढ़ीकरण की मांग**

स्वतंत्र प्रभात



**पाकुड़िया/पाकुड़/झारखण्ड-** अच्छी चमचमाती सड़कें प्रगति का वह निर्मल दर्पण है जिसमें ग्राम्य जन जीवन के प्रतिबिम्ब देखें जा सकते हैं। हालांकि झारखण्ड प्रदेश गठन के उपरांत पाकुड़िया प्रखण्ड में पथों की मरम्मती तथा सड़कों के निर्माण में वृद्धि हुई है और महेशपूर विधान सभा क्षेत्र के विधायक प्रोफेसर स्टेफन मरांडी के सफल प्रयास से विगत 9 सालों में पथों की पूर्ण मरमती तथा नयी सड़कों के निर्माण में काफी तेजी आई है।इसके साथ ही बड़े सड़क पुलों का निर्माण होने से ग्रामीणों के आवागमन में समय की कमी व यातायात सुविधा बढ़ी है।परन्तु बंगाल के रामपुरहाट नगर व रेलवे स्टेशन से सीधे जोड़ने वाला लखीजोल व नारायणपुर के बीच सदियों से प्रवाहित होने वाली चौड़ी नदी पर पुल नहीं बनने से प्रखण्ड वासियों को मलाल रहा लेकिन वर्तमान विधायक प्रो स्टेफन के सराहनीय प्रयास से उक्त नदी पर बड़ा पुल का निर्माण सम्भव हो सका। पुल के निर्माण होने से लोग आसानी से कम समय में रामपुरहाट, बड़ा सरकारी अस्पताल, बड़ा बाजार, रेल, बस सुविधा से लाभान्वित हो रहे हैं। इसी साल पाकुड़िया प्रखण्ड में ग्रामीण जन जीवन को प्रखण्ड व जिला से सीधे जोड़ने वाली पथों की स्वीकृति तथा पथों के निर्माण होने से विधायक स्टेफन मरांडी के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है। यद्यपि प्रखण्ड के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में अब भी सड़कें जीर्णावस्था में पडी है जिसका जीर्णोद्धार व नये शिरे से निर्माण करना जन हित में है।

बीते दिन लागडूम तथा चिरुडीह टोला के लोगों ने बताया कि लागडुमहाट समर्थित सड़क पुलिया से चिरुडीह टोला के महेशपुर सीमा तक।पथ बुरी तरह जीर्ण होने से लोगों को आवागमन में बड़ी कठिनाइयां होती हैं। पथ के निकट धान की फसल काट रहे ग्रामणों ने कहा कि सड़क पर बिखरे स्टोन मेटल पर चलना विशेष कर नंगे पांव चलना जोखिम भरा है। लोगों ने एक स्वर? में बताया कि रोड बढ़िया होने पर आटो, टोटो से हम कहीं विशेष पाकुड़िया पाकुड़ मुख्य पथ पर पहुंच कम समय में बाहर आना जाना कर सकेंगे। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने विधायक स्टेफन मरांडी से उक्त पथ की स्वीकृति दिलाने की मांग की है। ग्रामीणों ने पूरे विश्वास भरे शब्दों में कहा, हमें विश्वास है कि हमारे विधायक पथ का नव निर्माण करा कर हमें यातायात की सुविधा प्रदान करेंगे।

# पूल निर्माण में भारी अनियमितता, जांच में पहुंचे विधायक लोबिन हेंब्रम

स्वतंत्र प्रभात

**साहेबगंज, झारखंड-** बोरियो विधायक लोबिन हेंब्रम के द्वारा मंडरो प्रखंड क्षेत्र में बन रहे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत चल रहे सड़क एवं पुल निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। बताते चले की कौड़ी खुटाना पंचायत अंतर्गत भगैया बिशनपुर चौक के रास्ते गड़रा, बड़ा लक्ष्मी, घटियारी, गोसाईचक गांव तक लगभग 22/23 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण लगभग 1 करोड़ 80 लाख रूपये की राशि से कराया जाना हैं। उससे पूर्व तमाम पुल-पुलिया निर्माण कार्य को दुरुस्त किया जा रहा है। पुल निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। उक्त बात का खुलासा विधायक विधायक लोबिन हेंब्रम के द्वारा जांच के दौरान पता चला। जिसको लेकर वहीबेहद चिंतित दिखें। उन्होंने योजना स्थल से ही विभाग के कार्यपालक अभियंता को फोन लगाकर जमकर फटकार लगाया। और कार्य के गुणवत्ता में सुधार लाने का निर्देश भी दिया। निरीक्षण के दौरान विभाग के कोई भी कर्मी एवं संवेदक का मुंशी उपस्थित नहीं थे। योजना स्थल पर कार्य कर रहे मजदूर से विधायक ने पूछा कि सीमेंट और बालू का मात्रा कितना है तो कार्य कर रहे मजदूर ने बताया कि 100 सेप्टी बालू में 3 बोरी सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है। इस बात को सूनकर विधायक आग बबूला हो उठे। उपयोग किया जा रहा मिश्रित सीमेंट और बालू का मसाला को देखने से सिर्फ बालू ही बालू नजर आ रहा था। अब देखना दिलचस्प होगा विधायक के हिदायत के बाद भी कार्य में सुधार होता है या नही या फिर जिस तरह पहले कार्य कराया जा रहा था उसी प्रकार कार्य कराया जाता है। हालांकि ग्रामीणों के द्वारा पूर्व में गुणवत्ता को लेकर अंगुलियां भी उठाई जा चुकी है। और ग्रामीणों ने विरोध भी किया है ग्रामीणों का कहना है कि जिस तरह से संवेदक मानक का उलंघन कर रहे हैं इससे यह साफ जाहिर होता है कि यह निर्माण के बाद ज्यादा दिनों तक चलने वाला नहीं है। मालूम हो की राजमहल लोकसभा के सांसद विजय कुमार हांसदा ने उक्त योजना का विधिवत नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर 4 सितंबर को शिलान्यास किया था। और बोरियो



विधानसभा के विधायक लोबिन हेंब्रम ने 16 सितंबर 2023 को नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर विधिवत शिलान्यास किया था। उन्होंने संवेदक एवं विभागीय जेई को उस वक्त कहा था सड़क एवं पुल निर्माण में किसी भी प्रकार का गुणवत्ता से समझौता नहीं होना चाहिए और स्थानीय मजदूर ही कार्य करेंगे लेकिन विधायक का तमाम निर्देश को ताक पर रखकर विभागीय पदाधिकारी की लापरवाही के कारण घटिया किस्म के मैटेरियल से पुल का निर्माण कराया जा रहा है। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि जब्बार अंसारी, प्रेम मुर्मू,मंजर अंसारी, खिजूर अंसारी, जुलियस मुर्मू, अनील मुर्मू समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आंवला वृक्ष की पूजा कर सुहागिनों ने मांगा सुख समृद्धि का वरदान

**● - आंवला वृक्ष की छाया में पूजे गए श्री लक्ष्मी नारायण**

स्वतंत्र प्रभात

**बरही** में जगह जगह हिदू धर्मावलंबियों ने कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि यानी मंगलवार को को अक्षय नवमी मनाया। इस अवसर पर विभिन्न आंवला वृक्ष के छांव में बैठकर श्री लक्ष्मी नारायण का पूजा अर्चना की गई। बरही प्रखंड परिसर में स्थित सावर्जनिक पार्क में आंवला वृक्ष के पास बरही शहर व उसके आसपास के कई मोहल्ले के लोग पूजा अर्चना करने पहुंचे। कार्यक्रम में सबसे अधिक सुहागिनों की संख्या देखने को मिली। जहां आंवला वृक्ष की पूजा कर सुहागिनों ने सुख समृद्धि और अक्षय वरदान मांगा। यहां महिलाओं ने परिक्रमा करते हुए आंवला वृक्ष में रक्षा सूत्र बांधा। साथ ही सुहागिनों ने एक दूसरे के मांग में सिंदूर भरते हुए एक दूसरे को सदा सुहागन रहने का कामना किया। आंवला वृक्ष की सामूहिक रूप से पूजा किया गया।मौके पर राम लखन शर्मा, महेंद्र पांडे, परमानंद पांडे, राजेंद्र पांडे, कृष्णा पांडे, गौतम पांडे आदि आचार्य व विद्वान पंडितों के सानिध्य में पूजा किया गया और आंवला वृक्ष के नीचे अक्षय नवमी की कथा सुनी गई। पूजा व कथा सुनने के बाद वहीं वृक्ष छाया में बैठकर सामूहिक भोजन भी ग्रहण किया गया। मौके पर महेंद्र पांडे ने कहा कि ऐसा मान्यता है कि इसी दिन से द्वापर युग का प्रारंभ हुआ था। इस दिन महिलाएं आंवला के पेड़ के नीचे बैठकर संतान की प्राप्ति व उसकी रक्षा के लिए भी पूजा करती हैं।लखन शर्मा ने बताया कि आंवले के वृक्ष में माता लक्ष्मी व भगवान विष्णु का वास होता है। यह त्योहार पर्यावरण संरक्षण का भी बड़ा संदेश देता है। परमानंद पांडे ने कहा कि साल भर के बुरे कर्मों से मुक्ति के लिए कार्तिक महीने की शुक्ल पक्ष की नवमी को आंवला के वृक्ष की पूजा की जाती है।

# सांसद जयंत सिन्हा ने झारखण्ड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से की मुलाकात

**● - सेंटर फॉर ट्राइबल स्टडीज के उद्घाटन का दिया निमंत्रण और हज़ारीबाग में नॉलज सिटी बनाने पर की चर्चा**

स्वतंत्र प्रभात

**हज़ारीबाग** सांसद सह अध्यक्ष वित्त सम्बन्धी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा ने 20 नवंबर को रांची स्थित राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल महोदय से विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। जयंत सिन्हा ने राज्यपाल महोदय को हज़ारीबाग में सेंटर फॉर ट्राइबल स्टडीज का उद्घाटन करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि झारखण्ड की आदिवासी संस्कृति व परम्पराओं को संजोने एवं उन पर शोध करने के लिए हज़ारीबाग में हमने सेंटर फॉर ट्राइबल स्टडीज का निर्माण करवाया है। इस भवन का डिजाइन झारखण्ड के पहाड़ों के स्वरूप से लिया गया है। यहां विशाल संग्रहालय समेत प्रशासनिक भवन इत्यादि भी होंगे। यहां क्षेत्रीय व लोक कलाओं पर रिसर्च कर उनका संरक्षण व प्रचार-प्रसार किया जाएगा। आदिवासी संस्कृति के संरक्षण व विस्तार की दृष्टि से यह हज़ारीबाग लोकसभा समेत झारखण्ड के लिए अत्यंत ही महत्वपूर्ण परियोजना है। अगले 1-2 माह में यह निर्माण पूरा हो जायेगा। हज़ारीबाग की जनता की यह इच्छा है कि इस केंद्र का उद्घाटन आपके करकमलों से हो। मैं आपको इस शुभ कार्य के लिए समस्त क्षेत्रवासियों की ओर से सादर आमंत्रित करना चाहता हूँ।

जयंत सिन्हा ने इसके साथ ही कहा कि झारखण्ड के सबसे बड़े विश्वविद्यालयों में से एक विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग में स्थित है। यहां संत कोलंबा महाविद्यालय, कृष्ण वल्लभ महिला महाविद्यालय व मार्खम कॉलेज ऑफ कॉमर्स जैसे अन्य प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान भी हैं। यहां शिक्षा का स्तर इतना अच्छा है कि इस प्रमंडल के साथ अन्य जिलों से भी हजारों छात्र-छात्राएं यहां पढ़ने आते हैं। मेडिकल कॉलेज के निर्माण से हजारीबाग शिक्षा के हब के रूप में उभर रहा है। इन विद्यार्थियों व उद्यमियों की प्रतिष्ठा को दिशा मिल सके और उन्हें सभी साधन व एक सहायक माहौल दिया जा सके, इसके लिए हजारीबाग में इनोवेशन पार्क सह नॉलेज सिटी का निर्माण करना उचित होगा। यहां कंपनियों व बीपीओ को लाकर बड़ी संख्या में युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध करवाया जा सकता है। साथ ही इसके माध्यम से युवाओं में कौशल विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके लिए विनोबा भावे विश्वविद्यालय व मेडिकल कॉलेज के मध्य 50 एकड़ की जमीन उपलब्ध है। 2 शिक्षा संस्थानों के बीच इस परियोजना की नींव रखना सबसे उपयुक्त होगा। यह इस प्रकार की झारखंड की पहली परियोजना होगी और अन्य राज्यों के लिए एक मिसाल बनेगी। मैंने विनोबा भावे विश्वविद्यालय व मेडिकल कॉलेज के प्रबंधनों समेत हजारीबाग के स्थानीय हितधारकों से भी इस विषय पर चर्चा की है और सभी में अपार उत्साह है। वे सब पूर्ण सहयोग देना चाहते हैं। जयंत सिन्हा ने राज्यपाल महोदय से इन महत्वपूर्ण विषयों पर विचार कर अपनी स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि यह संस्था शिक्षा के क्षेत्र में अहम भूमिका निभाएगी। हज़ारीबाग लोकसभा में हम विभिन्न माध्यमों से शिक्षकों, विद्यार्थियों व क्षेत्रीय कलाओं की उन्नति हेतु प्रयासरत हैं।

# खेल जितना मनोरंजक होता है, उतना ही संघर्षपूर्ण भी होता है - मनोज यादव

स्वतंत्र प्रभात

**चौपारण हजारीबाग झारखंड-** चौपारण प्रखंड के गोविंदपुर पंचायत के लराही में आयोजित रात्रि सर्किल प्रतियोगिता का समापन हुआ। बतौर मुख्यातिथि बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव व विशिष्ट अतिथि के रूप में मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि दसरथ यादव सहित अन्य उपस्थित रहे। खिताबी भिंड़त मेजबान लराही और चौपारण के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले चौपारण की टीम ने लराही को 7 रनों से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओभर में चौपारण की टीम ने 80 रन बनाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लराही की टीम निर्धारित 8 ओभर में 73 रन ही बना सकी। फाइनल मुकाबले में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए चौपारण के अजय कुमार को मैन ऑफ दी मैच व प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए लराही के कुलदीप यादव को मैन ऑफ दी सीरीज से पुरुस्कृत किया। खिताबी भिंड़त का शुभारम्भ करते हुए बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने खिलाड़ियो का मनोबल बढ़ाया। कहा ग्रामीण क्षेत्र में प्रतियोगिता का आयोजन खिलाड़ियो में छिपी प्रतिभा का निखार करता है। खेल जितना मनोरंजन होता है, उतना ही संघर्षपूर्ण होता है। 10 दिनों तक चले प्रतियोगिता में कुल 16 टीमो ने भाग लिया था। मौके पर पंचायत समिति सदस्य अशोक यादव, वार्ड सदस्य संजय यादव, समाजसेवी विजय यादव, समाजसेवी त्रिलोकी यादव, रामधारी यादव, सकलदेव यादव, विजय यादव, भुनेश्वर यादव, नरेश यादव, महावीर यादव, डेबो के उमेश गुप्ता, देवधारी यादव आदि शामिल हुए। आयोजन को सफल बनाने में अजय यादव,4 सुनील यादव, सिंटू यादव, कुलदीप यादव, विकास व दीपक यादव, विजय यादव आदि ने महती भूमिका निभाया।

## टायर फटने से पलटी बोलोरो गाड़ी, चार हुए घायल, दो रेफर

**बरही** थाना क्षेत्र अन्तर्गत श्रीनगर के नजदीक बोलेरो का अगला टायर फटने से अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमे सवार चार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में कौशल्या देवी उम्र 30 वर्ष, दुर्गा देवी उम्र 60 वर्ष, कंचन देवी उम्र 35 वर्ष एवं बाबूलाल महतो उम्र 52 वर्ष सभी बरकट्ठा निवासी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी अपने किसी नजदीकी रिश्तेदार से मिलने हजारीबाग कारागार जा रहे थे। घायलों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाने में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने मुख्य भूमिका निभाई। जहां सभी घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद कौशल्या देवी एवं दुर्गा देवी को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

# अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ

स्वतंत्र प्रभात

**करीमगंज।** यह पहली बार है कि असम करीमगंज जिले के अनीपुर में अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ. कार्यक्रम का आयोजन एकल धारा की रजत जयंती के अवसर पर प्रकाशिका छबि पाल द्वारा किया गया था। विश्व कविमंच की पहल और सिंगला प्रवाह धारा के प्रबंधन के तहत इस कार्यक्रम में बांग्लादेश, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, गुवाहाटी, शिवसागर, कछार, करीमगंज और हैलाकांडी के प्रमुख कवि और लेखक उपस्थित थे। विश्व कवि मंच की पहल और सिंगला प्रवाह के प्रबंधन के तहत 18 नवंबर (शनिवार) शाम को एक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व शिक्षक एवं इस विद्यालय प्रबंधन संघ के वर्तमान अध्यक्ष सुदर्शन सेन ने स्थानीय कलाकारों द्वारा संगीत, नृत्य एवं सिलहट क्षेत्र के प्रसिद्ध धमैल नृत्य की सुंदर प्रस्तुति की. कलाकार थे अंतिका पाल अर्नवी पाल वर्नाली दास, ऋषिता दास, स्नेहा रॉय, चंदवीना पाल, तन्मय पाल। उसके बाद त्रिपुरा की कवयित्री-कलाकार शाश्वती दास, रीता पाल, देवांजना सेन ने एक-एक कर अपना मनमोहक संगीत प्रस्तुत किया. 19 नवंबर (रविवार) कि सुबह ग्यारह बजे नीलमणि दास के नेतृत्व में विशिष्ट आमंत्रित कवियों की उपस्थिति में अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन एवं पुरस्कार समारोह शुरू हुआ.

सुदूर बांग्लादेश से विश्व कवि मंच की केंद्रीय समिति के संयोजक और प्रख्यात कवि पुलक कांति धर, कवि अमिता वर्धन, हीरा मोहन रॉय, त्रिपुरा से प्रख्यात कवि सुमिता वर्धन, कवि स्वाशति दास, कवि नंदिता भट्टाचार्य, कवि रीता पाल, कवि देबंजना सेन थे. कार्यक्रम में कवि संजीव डे, कवि संघमित्रा नियोगी अरुण चाकमा, गोपाल चंद्र दास, मंटू दास, निवा चौधरी मौजूद थे।

पश्चिम बंगाल से कवयित्री जया मुस्तफी रॉय, कवि देवांजलि सेन, श्रमण रॉय, प्रियंका सेनगुप्ता, नंदा दासगुप्ता। गौहाटी से कवि-गीतकार छत्रधर दास। सिबसागर के कवि शशिकांत सिन्हा, और मॉडल डांसर तापसी सिन्हा। तापसी सिन्हा डांस कर कार्यक्रम में मौजूद गणमान्य लोगों की सराहना बटोरने में सफल रहीं. सिलचर के कवि थे कस्तूरी होम चौधरी, शर्मी डे, मीरा पाल, रूना पाल सप्तमिता नाथ, मानसी सिन्हा, शुक्ला भट्टाचार्य, पूरवी नाथ, डॉली सेनगुप्ता। फुलेताल के कवियों में शिल्पाजीत पाल, गौतम रुद्र पाल, सुमिता दास, दिव्येंदुनाथ दास, सियाराम यादव और निहा पाल हैं। हैलाकांडी के कवि थे सुशांत मोहन चाटार्जी, अनामिका शर्मा, सुष्मिता अधिकारी, रफी अहमद मजूमदार, रियाजुल हक लस्कर, शंकरी चक्रवर्ती, शिप्रा



शर्मा, रवींद्रनाथ कश्यप, बिधुभूषण दास, कल्लोल चौधरी, माधवी शर्मा, रजत पाल, आशुतोष दास, अचिया मजूमदार। करीमगंज से आए कवियों में सुदीप भट्टाचार्य, चंद्रायी देव, चंदा दाम, रंजीता चक्रवर्ती, नारायण मोदक, रंजीता चक्रवर्ती, परिमल कर्मकार, जयंती नाथ, रामकृष्ण नगर से असित चक्रवर्ती, दुल्लभछड़ा से कवि संतोष सिन्हा, अनिपुर से कवि फुजैल अहमद, छवि पाल, चंदवीना पाल, तन्मय पाल, जबरूल हक, अलफतुन्नेस खानम आदि। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक एवं सामाजिक कार्यकर्ता सुदर्शन सेन एवं निरंतर कुमार पाल को सम्मानित किया गया। अनीपुर बेराटुक मध्य बंग विद्यालय में ऐसे असाधारण आयोजन में पूर्व शिक्षक निरंत कुमार पाल, सुदर्शन सेन और उपस्थित बराक घाटी के तीन जिलों के कवियों ने स्वस्फूर्त होकर पड़ोसी राज्यों और राज्यों से आये अतिथियों के मनोरंजन में सहयोग किया।

# किसानों का बिजली घर पर अनिश्चितकालीन धरना

विवेक शर्मा

स्वतंत्र प्रभात

**टूण्डला-** भाकियू भानू पदाधिकारीयों व किसानों द्वारा बिजली विभाग के भ्रष्टाचार के खिलाफ किसानो की बिजली समस्याओं को लेकर मोहम्मदाबाद बिजली उपकेंद्र पर धरना दिया गया जहां कोई सुनवाई व समाधान न होने पर किसान यूनियन पदाधिकारीयों ने अनिश्चितकालीन धरना जारी रखने की घोषणा की है। मगंलवार को भारतीय किसान यूनियन भानु के टूण्डला तहसील अध्यक्ष शीलू सिकरवार के नेतृत्व में मोहम्मदाबाद बिजली घर पर किसानों की बिजली समस्याओं को लेकर धरना दिया गया जहां किसान संगठन पदाधिकारीयों ने बिजली विभाग कर्मचारियों पर मनमानी का आरोप लगाते हुए कहा कि किसानो का बिजली का बिल बहुत बढ़ा चढ़ा कर भेजा जा रहा है,वहीं समय से बिजली के बिल न भेजकर विभागीय कर्मचारी उल्टी सीधी रीडिंग निकाल कर ज्यादा बिल बना कर भेज रहें है।

जिसकी शिकायत करने पर बिजली विभाग के अधिकारी व कर्मचारी कोइ सुनवाई नहीं करते हैं। बिजली विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के चलते किसान बिजली से परेशान हैं। इस दौरन टूण्डला तहसील अध्यक्ष शीलू सिकरवार ने बताया कि पूरा दिन धरना देने के बावजूद विधुत अधिशाषी अभियंता एवं एसडीओ द्वारा किसी भी समस्या का समाधान नहीं किया गया इसलिए अब धरना प्रदर्शन अनिश्चितकालीन तक दिया जायेगा, जहां उन्होनें सभी क्षेत्रीय किसानों से धरने में ज्यादा से ज्यादा संख्या में मोहम्मदाबाद बिजली घर पर पहुंचने की अपील की और कहा अगर विधुत



विभाग के अधिकारी जल्द ही कोइ समाधान नहीं करेंगे तो बहुत बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। धरना प्रदर्शन में राष्ट्रीय महासचिव करतार सिंह पौनिया, जिला उपाध्यक्ष घनश्याम सिसोदिया मंडल उपाध्यक्ष कुलदीप ठाकुर तहसील प्रमुख महासचिव नरेंद्र यादव तहसील वरिष्ठ उपाध्यक्ष सोनवीर धाकरे तहसील मीडिया प्रभारी पुष्पेंद्र परमार मंडल उपाध्यक्ष कपिल ठाकुर आदि पदाधिकारीयों सहित क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे।

# संयुक्त चिकित्सालय में राम भरोसे है जच्चा-बच्चा की जान

**● - महिला चिकित्सक की गैर मौजूदगी में स्टाफ करा रहा प्रसव**

स्वतंत्र प्रभात

**शिकोहाबाद-** शासन और प्रशासनिक अधिकारी गर्भवती महिलाओं को प्रसव के दौरान संयुक्त चिकित्सालय में प्रसव कराने के लिए लोगों को जागरूक कर रही हैं। लेकिन अस्पताल में विगत 20 दिन से महिला डॉक्टर नहीं है। उनकी गैर मौजूदगी में अस्पताल में तैनात स्टाफ ही प्रसव करा रहा है। एसी हालत में जच्चा-बच्चा दोनों की जिंदगी भगवान भरोसे है। ज्यादातर केशों को यहां तैनात स्टाफ परचित डॉक्टरों द्वारा खोले गये अवैध अस्पतालों में भेज देते हैं। जिनसे उन्हें सुविधा शुल्क भी मिलता है।संयुक्त चिकित्सालय का महिला अस्पताल इन दिनों बिना डॉक्टर के संचालित हो रहा है। यहां प्रतिदिन लगभग 5 महिलाओं की डिलेवरी होती है। ऐसे में गर्भवती महिलाओं की जान का खतरा हर समय बना रहता है। अस्पताल में तैनात एएनएम और स्टाफ नर्स ही प्रसव करा रही हैं। आरोप है कि ज्यादातर केशों को यहां तैनात स्टाफ और आशा बहुओं की साठगांठ से प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों को भेज दिया जाता है। जहां आए दिन कोई न कोई घटना सुनने को मिलती है।सोमवार को मेलावाला बाग स्थित एक अवैध अस्पताल में प्रसव के दौरान नवजात की मौत हो गई। जिसको लेकर मृतक बच्ची के परिजनों ने शिकायत की। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने अस्पताल को सील कर दिया है। उधर पीड़ित ने थाने में एक तहरीर भी दी है। अब देखना है कि अधिकारी इन लालची भेड़ियों के खिलाफ क्या कार्यवाही करते हैं।

**सील होने के कुछ दिनों बाद ही खुल जाते हैं अस्पताल**



नगर में कई अस्पताल एसे हैं, जिनमें प्रसव के दौरान प्रसूता अथवा नवजात की मौत हो चुकी हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इन अस्पतालों के खिलाफ कार्यवाही की जाती है। प्रशासनिक अधिकारी उन्हें सील कर देते हैं। लेकिन चंद दिनों बाद ही यह अस्पतालों की सील खुल जाती है और ये लोग दोवारा काम शुरू कर देते हैं। नगर क्षेत्र में बड़ी संख्या में घरों और अंडरग्राउंड मकानों में इस तरह के अवैध अस्पताल संचालित हो रहे हैं,लेकिन स्वास्थ्य विभाग कुंभकर्णीय निंद्रा में सो रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को जनता की मौत से कोई सरोकार नहीं है। उन्हें तो बस मोटी कमाई करनी है।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर मेंस यूनियन टूण्डला ने अनिश्चितकालीन हड़ताल हेतु मतदान किया

स्वतंत्र प्रभात

**टूण्डला-** एनपीएस हटाओ ओपीएस लाओ हड़ताल के लिए मतदान रेलवे की एनसीआरएमयू शाखा टूण्डला के पदाधिकारियों एवं रेल कर्मचारियो ने मंगलवार को प्रथम दिन 12 केन्द्रों पर मतदान किया ,इसी क्रम मे नॉर्थ सेंट्रल रेलवे मेंस यूनियन टूण्डला द्वारा लॉबी टूण्डला पर पुरानी पेंशन बहाली के लिए मंगलवार को हजारो कर्मचारियों ने मतदान किया। नॉर्थ सेंट्रल रेलवे मेंस यूनियन टूण्डला ने रेलवे के अलग - अलग पॉइंटो जैसे रेलवे अस्पताल, रेलवे स्टेशन, आईओडबल्यू ऑफिस, डीटीएम ऑफिस, आरडीआई ऑफिस, कै0 एंव वै0 ऑफिस, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक ऑफिस, ड्राइवर-गार्ड लॉबी ऑफिस आदि स्थानों पर जा कर बढ़-चढ़कर मतदान कराया 7 इस दौरान रेलवे के अन्य कई स्थानों पर डोर टू डोर जाकर रेल कर्मचारियों से मतदान करवाया।

इस अवसर पर एनसीआरएमयू के मंडल अध्यक्ष बलराम ने मतदाताओं को जागरुक करते हुए बताया कि एआईआरएफ, एनसीआरएमयू के आव्हान पर 21नंबर 2023 ऑल इंडिया रेलवे में पुरानी पेंशन बहाली को लेकर कर्मचारियों से मतदान हड़ताल के पक्ष में करवाया जा रहा है कि कर्मचारी कितने प्रतिशत हड़ताल के पक्ष में यह डाटा भारत सरकार को दिया जाएगा यदि भारत सरकार इस पर भी नहीं मानती है तो हमारा ऊपर का नेतृत्व भारत सरकार को अनिश्चितकालीन हड़ताल के लिए देश भर में हड़ताल के लिए नोटिस देगा और सभी कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जायेंगे तथा शाखा मंत्री जयकिशन अजवानी ने कहा की पुरानी पेंशन बहाली को लेकर रेल कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है इसके लिए हमारे ऊपर के नेतृत्व ने विगत कई वर्षो से ओपीएस बहाली को लेकर अनेकों कार्यक्रम चलाये है चाहे व लखनऊ की रैली हो या दिल्ली की रामलीला मैदान की रैली हो या जुलूस का कार्यक्रम हो या अन्य प्रदर्शन हो सभी कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर अपना



योगदान दिया इस लड़ाई को कर्मचारियों के हित में आगे भी लड़ते रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बलराम ने की तथा संचालन शाखा मंत्री सरदार सिंह एवम जयकिशन अजवानी ने किया। इस मौके पर शाखा मंत्री अमित पाल सिंह परमार, जयकिशन अजवानी, सुनील कुमार, शैलेश वर्मा,संजीव यादव, प्रवीण यादव, कैलाश चंद्र ,मनोज मीना ,देवेश गोतम, दिनेश कुमार, राम कुमार, कृष्णा मीना, रोहित कुमार,दीपक शर्मा . बी .एल.मीना .मधुलता,गौरव पाल, विनोद कुमार, प्रवीन कुमार, संजीव कुमार, वशी अहमद, अशोक कर्दम, वरुण तौमर आदि मौजूद रहे।

# विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 के अन्तर्गत विशेष अभियान 25 व 26 नवम्बर को

स्वतंत्र प्रभात

**फिरोजाबाद-** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0, लखनऊ के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01.01.2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 का कार्यक्रम दिनांक 27.10.2023 से 09.12.2023 तक चलेगा जिसमें मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में परिवर्धन/अपमार्जन / संशोधन करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त दिनांक 25 नवम्बर, 2023 (शनिवार) तथा दिनांक 26 नवम्बर, 2023 (रविवार) को समस्त बी0एल0ओ0 अपने-अपने मतदेय स्थल पर प्रातः 10¬00 बजे से सांय 04¬00 बजे तक उपस्थित रहेंगे। जिनकी उम्र दिनांक 01. 01.2024 को 18 वर्ष पूर्ण हो रही है वह अपने मतदान केन्द्र पर पहुंच कर अपना नाम मतदाता सूची में फार्म-6 भरकर सम्मिलित करा सकते हैं तथा जिनको अपने मतदाता पहचान पत्र में किसी प्रकार का संशोधन कराना है वह भी अपने मतदान केन्द्र पर सम्बन्धित बी0एल0ओ0 द्वारा फार्म-8 भरकर करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त आप अपना फार्म-6, फार्म-7, फार्म-8 https://voters.eci.gov.in पर लॉगिन करके ऑनलाइन कर सकते हैं। आयोग द्वारा मतदाता सूची में नाम देखने के लिए निम्न प्रकार की सुविधा भी उपलब्ध करायी गयी हैं।

1.वेब,साइटwww.ceouttarpradesh.nic.in पर Search Your Name Electoral Roll बटन पर क्लिक करके मतदाताओं द्वारा अपने से संबंधित विवरण की पुष्टि की जा सकती है।

2.मतदाता https://electoralsearch.in एवं https://voters.eci.gov.in पर भी



अपना नाम मतदाता सूची में देख सकते हैं।

3. अपने मोबाइल में Voter Help Line app डाउनलोड करके भी उक्त सेवायें प्राप्त की जा सकती है।

4. मतदाताओं को ऑनलाइन पंजीकरण करने में सुविधा हो इस हेतु CEO UP Website, Voter Helpline App & Voters.eci.gov.in का QR Code निम्न प्रकार है जो स्केन कर आवश्यकतानुसार प्रयोग किया जा सकता है।

QR code for CEO UP Website

QR Code For Voter Helpline App

QR Codefor https//voters.eci.gov.in

# राजस्थान में भाजपा और कांग्रेस की सीधी चुनावी लड़ाई में छोटे दलों की और बागियों की क्या रहेगी भूमिका?



राजस्थान में 25 नवंबर को विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग होनी है। प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला है। ऐसे में दोनों ही पार्टियां जीत के लिए पूरी ताकत झोंक रही हैं। भाजपा जहां सत्ता में वापसी के लिए पुरजोर कोशिश कर रही है, वहीं कांग्रेस दोबारा सत्ता पाने की हर मुमकिन कोशिश कर रही है। कुछ सीटों पर जहां कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधी टक्कर है, तो वहीं कुछ सीटों पर मुकाबला त्रिकोणीय होने के आसार नजर आ रहे हैं।

भारतीय राजनीति में क्षेत्रीयता और जातीय अस्मिता के नाम पर तमाम छोटी-छोटी पार्टियां उपजी हैं। नब्बे के दशक में ये छोटी पार्टियां सरकार गिराने और बनाने में बड़ी भूमिका निभाती रही हैं तो पिछले विधानसभा चुनाव में मध्य प्रदेश और राजस्थान में किसी भी एक दल को बहुमत नहीं मिला था, जिसके बाद कांग्रेस ने सपा और बसपा के समर्थन से सरकार बनाई थी। इस बार जिस तरह से कांग्रेस और भाजपा के बीच कांटे की टक्कर दिख रही है, उसके चलते चुनावी मैदान में उतरी छोटी और क्षेत्रीय पार्टियां किंगमेकर बनने का सपना संजोय हुए हैं। ऐसे में देखना है कि राजस्थान में कौन सी क्षेत्रीय पार्टी कितनी सीटों पर किस्मत आजमा रही है और किसकी चिंता बढ़ा रही है।

दरअसल देखा जाय तो राजस्थान की सियासत कांग्रेस और भाजपा के बीच सिमटी हुई है। इन्हीं दोनों दलों के बीच सत्ता परिवर्तन होता रहा और इस बार का विधानसभा चुनाव भी इनके बीच है, लेकिन जिस तरह से कांटे का मुकाबला माना जा रहा है, उसमें क्षेत्रीय दलों की भूमिका अहम रहने वाली है। राजस्थान में कांग्रेस और भाजपा सभी 200 सीटों पर चुनावी मैदान में उतरी है। कांग्रेस और भाजपा से जिन उम्मीदवारों को टिकट नहीं मिल सका है, उनमें से कई नेता क्षेत्रीय और छोटी पार्टियों से टिकट लेकर ताल ठोक रहे हैं।

राजस्थान में कांग्रेस और भाजपा के बाद सभी 200 सीटों पर बसपा ने अपने कैंडिडेट उतारे हैं। आम आदमी पार्टी राजस्थान की 88 सीटों पर चुनाव लड़ रही है जबकि सांसद हनुमान बेनीवाल की पार्टी आरएलपी ने 83 सीटों पर प्रत्याशी उतारे हैं। बीटीपी 12 और बीएपी 21, सीपीएम 17 और आरएलडी एक सीट पर चुनावी मैदान में हैं। इसके अलावा अजय चौटाला की जेजेपी भी चुनावी किस्मत आजमा रही है। प्रदेश में बसपा का दलित और आरएलपी का जाट समुदाय के बीच अपना सियासी आधार है, जिसके चलते उन्हें इग्नोर करना मुश्किल है। 2018 में आरएलपी 3 सीटों के साथ ढाई फीसदी वोट हासिल करने में कामयाब रही तो बसपा ने 6 सीटों के साथ 4 फीसदी वोट हासिल किया था। सीपीआई एक सीट और बीटीपी 2 सीटें जीतने में रही थी।

बसपा का सियासी भरतपुर, धौलपुर, करौली, दौसा और अलवर जैसे जैसे क्षेत्र में तो नागौर और शेखावटी के इलाके में हनुमान बेनीवाल का गढ़ माना जाता है। सीपीआई का सियासी प्रभाव शेखावटी के नहरी क्षेत्र में है तो बीटीपी और बीएपी आदिवासी बेल्ट में प्रभाव रखते हैं। यही वजह है कि बसपा 20, आरएलपी 15, आम आदमी पार्टी 3 और बीटीपी और बीएपी ने 5-5 सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबला बना दिया है। इस तरह से करीब दो दर्जन सीटों पर तीन दलों के बीच लड़ाई मानी जा रही है।

गौरतलब है कि 2018 के विधानसभा चुनाव में बसपा, आरएलपी, बीटीपी, पीसीएम और आरएलडी के प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे थे। तो राजस्थान की 14 सीटों पर जीत दर्ज कराई थी। ऐसे में इस बार भी छोटी पार्टियों भाजपा, कांग्रेस को बड़ी चुनौती दे रही है। ऐसे में यह भी देखने वाली बात है कि जनता इस बार भाजपा कांग्रेस अलावा किस पार्टी को ज्यादा पसंद करती है। राजस्थान में चल रहे चुनाव में छोटी पार्टियां त्रिकोणीय मुकाबला बना रही हैं और कुछ सीटों पर सीधे टक्कर दे रहे हैं।

बहुजन समाज पार्टी का पूर्वी राजस्थान में दबदबा है, तो आरएलपी का पश्चिमी राजस्थान और शेखावाटी में दबदबा है। दक्षिण राजस्थान में बीटीपी कई सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबला बना रही है। दिल्ली और पंजाब में सरकार बनने के बाद आम आदमी पार्टी ने भी राजस्थान चुनाव में अपने प्रत्याशी उतारे हैं। राजस्थान के चुनाव में 12 नए दल चुनाव लड़ रहे हैं। इस बार छोटे-बड़े कुल 58 राजनीतिक दल चुनाव मैदान में उतरे हैं। ऐसे में राजनीतिक दलों और निर्दलियों को मिलाकर 199 विधानसभा सीटों पर कुल 1862 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है।

छोटे दलों व बागियों के अलावा निर्दलीय ने 730 नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। 2018 में छोटे राजनीतिक दलों ने भाजपा, कांग्रेस के 15 प्रत्याशियों की जमानत जब्त कराई थी। जिसमें भाजपा के तीन कांग्रेस में 12 प्रत्याशी थे। जबकि छोटे राजनीतिक दलों के 90 फीसदी से ज्यादा कैंडिडेट अपनी जमानत नहीं बचा पाए थे। इसके बाद भी राजनीतिक दल राजस्थान के चुनाव में खासा सक्रिय हैं और कई सीटों पर छोटे राजनीतिक दलों के चलते त्रिकोणीय मुकाबला बन गया है। 2018 के विधानसभा चुनाव में बसपा, आरएलपी, बीटीपी और आरएलडी के प्रत्याशी ने चुनाव लड़ा था और बड़े दलों को छोटे दलों के प्रत्याशियों ने कड़ी टक्कर दी थी। ऐसे में इस बार भी कांग्रेस भाजपा को खास डर सता रहा है।

माना जा रहा है कि भाजपा की करीब 70, तो कांग्रेस की 50 सीटें पक्की हैं। बाकी 79 (एक उम्मीदवार की मौत होने की वजह से 200 की जगह 199 सीटों पर ही चुनाव हो रहा है) सीटें फंसी हैं। भाजपा को 22 तो कांग्रेस को 17 बागियों से निपटना पड़ रहा है। भाजपा के 10-12 बागी मजबूत माने जा रहे हैं तो कांग्रेस के भी 8 से 10 बागी पटखनी देने की क्षमता रखते हैं। दिलचस्प है कि कांग्रेस के अशोक गहलोत हों या भाजपा की वसुंधरा राजे, दोनों ही मजबूत बागियों के यहां चुनाव प्रचार के लिए नहीं गए हैं। माना जा रहा है कि दोनों चाहते हैं, उनकी पार्टी 95-96 सीटों पर अटक जाए, ताकि अपने जीते हुए बागियों के सशर्त समर्थन से आलाकमान पर दबाव बनाकर सीएम बनने का रास्ता तैयार किया जा सके।

अभी तक के बागियों का गणित देखा जाय तो 79 सीटों में से 68 पर त्रिकोणीय मुकाबला है जबकि बाकी पर चार-चार उम्मीदवार मैदान में हैं। पिछली बार कुल 40 सीटों पर पांच हजार से कम अंतर से जीत-हार हुई थी।पिछले पांच बार के विधानसभा चुनावों के नतीजों पर गौर करें तो कांग्रेस और भाजपा को लगभग 80 फीसदी वोट मिलते आए हैं। बाकी 20 फीसदी वोट बागियों, छोटे दलों और निर्दलीयों के बीच बंटते रहे हैं।इस फैक्टर ने ही इस बार मुकाबले को कांटे का बना दिया है क्योंकि सर्वे बता रहे हैं कि दोनों दल 85 से 87 फीसदी वोट पा सकते हैं।बाकी बचे 13 से 15 फीसदी वोट छोटे दलों और बागियों के बीच बंटने का मतलब है उन्हें पिछली बार से 5 से 7 फीसदी कम वोट मिलना।

ऐसा होता है तो कम अंतर से लगभग 50 सीटें हारी-जीती जाएंगी।उधर, हनुमान बेनीवाल की ॠक्कने चंद्रशेखर रावण की पार्टी के साथ समझौता कर जाट-दलित समीकरण के जरिए पश्चिमी राजस्थान में करीब एक दर्जन सीटों पर भाजपा -कांग्रेस को मुश्किल में डाल रखा है।मायावती ने यूपी से सटे पूर्वी राजस्थान में जोर लगाया है और कम से कम छह सीटों पर कांग्रेस और भाजपा को कड़ी टक्कर दे रही हैं ।दक्षिण के आदिवासी इलाकों में भारतीय ट्राइबल पार्टी और भारतीय आदिवासी पार्टी चार सीटों पर कांग्रेस और भाजपा के लिए सिरदर्द बनी हुई है।पिछली बार कांग्रेस को भाजपा से सिर्फ 0 .54 फीसदी वोट ज्यादा मिला था, लिहाजा इन छोटे दलों की मारक क्षमता से होने वाले नुकसान को समझा जा सकता है।



**अशोक भाटिया,**
**वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार, लेखक एवं टिप्पणीकार**

# संपादकीय

# हैड बने भारत के लिए हेडएक

भारत के साथ साथ पूरे भारतीय उपमहाद्वीप में क्रिकेट ने अन्य सभी खेलों को मीलों पीछे छोड खुद को शीर्ष पर स्थापित कर लिया है। भारत में तो लोग जुनूनियत की हद तक इस खेल और इसे खेलने वाले खिलाडियों के दीवाने हैं।भारत में इस खेल के विकास का अंदाजा इस बात से ही हो जाता है कि विश्व क्रिकेट को संचालित करने वाली संस्था अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के 65 प्रतिशत राजस्व का सृजन भारत से ही होता है।आज विश्व में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड(बीसीसीआई) विश्व के सभी देशों में क्रिकेट सहित अन्य खेलों की शीर्ष संस्थाओं में सबसे धनी बोर्ड है। फिरंगियों का खेल कहे जाने वाले क्रिकेट में भारत की धाक भारतीयों के समर्पण और खेल में श्रेष्ठ प्रदर्शन से बनी है।एक समय भारतीय युवाओं में बालीवुड के प्रति आकर्षण सबसे ऊपर था परंतु आज क्रिकेट ने वो शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है।

सन 1721 में खेले गए पहले मैच से अंग्रेज क्रिकेट को भारत में लेकर आए।पहले इसे बस अंग्रेज ही आपस में खेलते थे परन्तु देखते ही देखते यह खेल तेजी से भारतीयों में लोकप्रिय होने लगा।सन 1792 में भारतीय महानगर कलकत्ता या कहें कोलकाता में भारत के पहले क्रिकेट क्लब 'कलकत्ता क्रिकेट और फुटबाल क्लब'(सीसी एंड एफसी) की स्थापना सीसी एंड एफसी और ओल्ड ईटोनियन की टीमों के बीच मैच खेल के हुई।इस मैच में ओल्ड ईटोनियन की ओर से खेलते हुए रॉबर्ट वैनसिटार्ट ने भारतीय धरती पे पहला दस्तावेजों में दर्ज शतक बनाया।सन1848 में मूलतः भारतीय समुदाय का ओरिएंटल क्रिकेट क्लब(ओसीसी) का गठन हुआ। ओसीसी से प्रेरित हो अलग अलग समुदायों ने अपने अपने क्लब शुरू किए। जिनमें 1850 में खुला जोरास्ट्रियन क्लब और 1866 में आरंभ हुआ हिंदू जिमखाना प्रमुख थे। पारसियों ने 1886 में इंग्लैंड का दौरा किया।

नई सदी के आरम्भिक दशकों में कुछ भारतीय इंग्लैंड क्रिकेट टीम की ओर से खेलने लगे। इनमें से भारतीय क्रिकेट के पितामह कहे जाने वाले नवानगर रियासत के महाराज सर रंजीत सिंह और सौराष्ट्र राजपरिवार के महाराज दिलिप सिंह प्रमुख थे।1911 में पटियाला के महाराजा भूपिंदर सिंह की कप्तानी वाली भारतीय टीम ब्रिटेन के अपने पहले आधिकारिक दौरे पर गई।जहां वो इंग्लिश काउंटी टीमों से खेली।भारत में क्रिकेट की बढती लोकप्रियता देख सन 1928 में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की स्थापना की गई। सन 1932 में सी.के.नायडू के नेतृत्व में भारत ने इंग्लैंड के विरूद्ध लॉर्ड्स में अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय टेस्ट मैच खेला।वन डे क्रिकेट की शुरुआत संयोगवश हुई।जब 1971 में इंग्लैंड की टीम आस्ट्रेलिया के दौरे पर गई तो एक टेस्ट मैंच के पहले तीन दिन बारिश की भेंट चढ गए।आयोजकों और आईसीसी की सहमती से उस टेस्ट के आखिरी दिन 40-40 ओवरों के एक दिवसीय मैंच की घोषणा की गई।एक दिन के मैंच के रोमांच ने लगभग 45000 दर्शकों को स्टेडियम तक पहुंचा दिया।आयोजकों के

बारेन्यारे हो गए।इससे उत्साहित हो आईसीसी ने क्रिकेट के वन-डे प्रारूप को मंजूरी दे दी।जिस में



एक टीम 60 ओवर बैटिंग करेगी,एक ओवर में 8 बाल और अन्य नियम घोषित किए गए।भारत ने पहला एकदिवसीय मैच लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ खेला था।यह मैंच भारत हार गया था।एकदिवसीय प्रारूप आने से क्रिकेट लोकप्रियता बहुत बढ गई। आईसीसी ने 1975 में पहला क्रिकेट विश्व कप इंग्लैंड में करवाने की घोषणा की और एक ओवर 8 बाल के स्थान पर 6 बाल का कर दिया।पहला क्रिकेट विश्व कप 7 जून से 21 जुलाई तक खेला गया। इस प्रतियोगिता में आठ टीमों ने हिस्सा लिया था।जिन्हे दो ग्रुप में बांट दिया गया। पहले ग्रुप में इंग्लैंड, न्यूज़ीलैंड, भारत और ईस्ट अफ़्रीका की टीमें थीं, तो दूसरे ग्रुप में थे- वेस्टइंडीज़, ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान और श्रीलंका।भारत इस विश्व कप में सिर्फ़ एक मैच जीत पाया जो कि ईस्ट अफ़्रीका के खिलाफ़ था।फाइनल लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर वेस्टइंडीज़ और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला गया।जिसमें वेस्टइंडीज विजयी रहा। दूसरा विश्वकप 9 जून से 23 जून 1979 तक फिर से इंग्लैंड में आयोजित किया गया था।इसमें आठ टीमों ने भाग लिया ईस्ट अफ्रीका नही खेली आठवी टीम कनाडा की खेली।भारत का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा।भारत एक भी मैच नही जीता।वेस्टइंडीज इंग्लैंड को हरा फिर चैम्पियन बना।1983 विश्व कप फिर से इंग्लैंड में हुआ। भारत ग्रुप के 6 में से 4 मैच जीत सेमिफाइनल तक पहुँचा।सेमिफाइनल में इंग्लैंड को हरा फाइनल में प्रबल दावेदार वेस्टइंडीज से लॉर्ड्स में भिड़ा।फाइनल में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 183 का छोटा लक्ष्य वेस्टइंडीज को दिया परन्तु भारत के गेंदबाजों ने वेस्टइंडीज को 140 पर धराशाई कर विश्व कप अपने नाम किया।मोहिंदर अमरनाथ मैन आफ दी टूर्नामेंट रहे।इस एतिहासिक जीत ने भारत की कपिल देव की कप्तानी वाली टीम को हीरो बना दिया।इस जीत ने भारत में क्रिकेट की लोकप्रियता को शीर्ष पर पहुंचा दिया।इस जीत के बाद आने वाली पीढियों के लिए क्रिकेट खेलना सब से बड़ा शौक बन गया।क्रिकेट हर गली,मुहल्ले तक पहुँच गई। हर कोई क्रिकेट का दीवाना हो गया था।

1987 का विश्व कप पहली बार इंग्लैंड से बाहर खेला गया।भारत पाकिस्तान संयुक्त मेजबान बने।भारत सेमिफाइनल में इंग्लैंड से हारा।फाइनल में आस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को हरा कर विश्व कप जीता। 1992 का विश्व कप आस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड की संयुक्त मेजबानी में हुआ।भारत राऊंड रोबिन में ही बाहर हुआ। फाइनल में पाकिस्तान इंग्लैंड को हरा विश्व विजेता बना।1996 का विश्व कप भारत, पाकिस्तान,श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में खेला गया।भारत सेमिफाइनल में श्रीलंका से हार बाहर हुआ। कप श्रीलंका जीता।1999 का विश्व कप इंग्लैंड और वेल्स में हुआ। भारत न्यूज़ीलैंड से हार सेमिफाइनल से बाहर हो गया। फाइनल में पाकिस्तान को हरा आस्ट्रेलिया चैम्पियन बना।2003 का विश्व कप अफ्रीका की धरती पर हुआ।भारत फाइनल में आस्ट्रेलिया से हारा।2007 का विश्व कप वेस्टइंडीज और कैरिबियाई देशों में हुआ। भारत बंग्लादेश से हार ग्रुप मैंचों में ही बाहर हुआ। फाइनल में आस्ट्रेलिया श्रीलंका को हरा विजेता बना।

2011 का विश्व कप भारतीय उपमहाद्वीप के देशों में हुआ।भारत फाइनल में श्रीलंका को हरा विश्व चैम्पियन बना।इस विश्व कप में भारत बस एक मैच साउथ अफ्रीका से हारा था।इस विश्व कप प्रतियोगिता में मैन आफ दी टूर्नामेंट युवराज सिंह रहे।इस जीत ने भारत में क्रिकेट लोकप्रियता को चरम पर पहुंचाया।2015 विश्व कप आस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड में खेला गया।भारत सेमीफाइनल मे आस्ट्रेलिया से हार बाहर हुआ। फाइनल दोनो मेजबानो न्यूज़ीलैंड और आस्ट्रेलिया के बीच हुआ।आस्ट्रेलिया पांचवी बार विश्व चैम्पियन बना।2019 का विश्व कप एक बार फिर इंग्लैंड में हुआ।भारत अपने ग्रुप में शीर्ष पर रह सेमिफाइनल में न्यूज़ीलैंड से हार बाहर हुआ। फाइनल इंग्लैंड और न्यूज़ीलैंड के बीच खेला गया।यह मुकाबला आज तक का सब से रोमांचक विश्व कप फाइनल ही नही शायक क्रिकेट इतिहास का सबसे रोचक मैच था।दोनो टीमों के स्कोर टाई हुए। एक-एक अतिरिक्त ओवर खेला गया। वो भी बराबर रहा पर अंत में चौको को आधार बना इंग्लैंड को विश्व विजेता घोषित किया गया। इस निर्णय की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बहुत आलोचना हुई थी।2023 विश्व कप भारत की मेजबानी में हुआ। रविवार को दो बार के चैम्पियन भारत का मुक़ाबला पांच बार के विजेता आस्ट्रेलिया से हुआ। भारत इस विश्व कप प्रतियोगिता में अब तक अपराजित रहने वाला एकमात्र देश था।

परन्तु भारत इस अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए मैच में भारत की बल्लेबाजी लड़खड़ा गई और भारत मात्र 240 रनों पर ढेर हो गई। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के प्रयास में आस्ट्रेलिया ने अपने 3 विकटे मात्र 40 रन पर खो दी थी परन्तु फिर ओपनर ट्रैविस हैड ने लबुशेन के साथ मोर्चा संभाला और मुकाबला भारत के शिकजें से छीन लिया। ट्रैविस हैड 137 रन बनाए और लबुशेन ने नाबाद 58 रन बना शानदार पारियां खेल आस्ट्रेलिया को छठ्ठी बार विश्व चैम्पियन बनाया। हैड इस मैच का मैन ओफ दी मैच रहा। विराट कोहली इस प्रतियोगिता में मैन आफ दा टूर्नामेंट रहे।

**नीरज शर्मा**

# भाजपा ने मिशन 24 के लिए उ.प्र.में कसी कमर



भारतीय जनता पार्टी का बूथ स्तर पर अपनी तैयारी करने में वाकी पार्टियों से बहुत आगे है और उसी का परिणाम है कि वह चुनावों में लगातार अच्छे परिणाम ला रही है। अभी तक भारतीय जनता पार्टी पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में व्यस्त थी केन्द्रीय नेतृत्व के अलावा उ.प्र. के तमाम नेताओं को भी मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के विधानसभा चुनावों में लगाया गया था लेकिन अब वहां इनकी उपयोगिता पूरी हो चुकी है। अब उत्तर प्रदेश के कार्यकर्ताओं को 2024 के लोकसभा चुनावों के मद्देनजर पूरा ध्यान यही पर लगाने के निर्देश दिए गए हैं। 543 सांसदों वाली लोकसभा में 80 सांसद केवल उत्तर प्रदेश से चुन कर जाते हैं। जो कि संसद का एक बहुत बड़ा हिस्सा है। और जिसने उत्तर प्रदेश जीत लिया उसी का परचम देश में लहराता है। अभी तक उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी का स्तर काफी ऊंचा है। पिछले लोकसभा चुनाव की बात की जाए तो यहां 2019 में भारतीय जनता पार्टी के 62 लोकसभा सांसद चुनाव जीत कर संसद में पहुंचे थे जब कि दो सीटों पर उसकी सहयोगी दल अपना दल सोनेलाल को विजय मिली थी। कुल मिलाकर एनडीए के पास उत्तर प्रदेश में वर्तमान में 64 सांसद हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी ने 10 सीटों पर विजय प्राप्त की थी। तब उत्तर प्रदेश में उसका समाजवादी पार्टी से गठबंधन था। समाजवादी पार्टी ने 5 और कांग्रेस ने मात्र एक सीट पर विजय हासिल की थी। आजमगढ़ सीट पर समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव विजयी रहे थे। परंतु बाद में वह राज्य की राजनीति में कूद गए। और विधानसभा चुनाव में करहल विधानसभा सीट से विधायक चुने गए। अतः आजमगढ़ लोकसभा सीट उन्होंने छोड़ दी। लेकिन उसके बाद आजमगढ़ सीट पर हुऐ उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी ने जीत हासिल की इस तरह एनडीए के पास इस समय उत्तर प्रदेश में 65 सीटें हैं। और वह लगातार कोशिश कर रही है। आगामी 24 के चुनावों में वह इतनी सीटें बरकरार रख सके। पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव अपने अपने अंतिम चरण में हैं।

अब भारतीय जनता पार्टी ने अपना पूरा फोकस लोकसभा चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश में लगाना शुरू कर दिया है।

भारतीय जनता पार्टी में एक चीज जो सबसे अलग है वह है बूथ स्तर पर उसका प्रबंधन। जो कि कभी समाजवादी पार्टी का हुआ करता था। और मुलायम सिंह यादव के हाथों में जब समाजवादी पार्टी की बागडोर थी। आज सपा बूथ स्तर पर अपना प्रबंधन अच्छी तरह से नहीं कर पा रही है। और जिन क्षेत्रों में सपा का बूथ प्रभावी है वह सीटें जीतती भी है। लेकिन समाजवादी पार्टी को अपना बूथ प्रबंधन हर सीट पर मजबूत करना होगा तभी वह उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी से टक्कर ले सकती है अन्यथा भारतीय जनता पार्टी राज्य में काफी मजबूत स्थिति में है। उत्तर प्रदेश में राम मंदिर, हिंदुत्व और सनातन का मुद्दा बहुत मायने रखता है, और भाजपा इसी मुद्दे को यहां सर्वोपरि रखना चाहती है। साथ ही जातीय गणित बैठाने के लिए उसके पास अच्छे सहयोगी दल हैं जिनका उसको पिछले चुनावों से अच्छा सपोर्ट मिल रहा है। कांग्रेस पार्टी के पास उत्तर प्रदेश में कुछ भी नहीं है यहां तो वह पूरी तरह से गठबंधन पर ही निर्भर रहेगी। और यहां गठबंधन की सबसे मजबूत पार्टी समाजवादी पार्टी ही है। यदि इंडिया गठबंधन जारी रहता है तो यहां समाजवादी पार्टी ही भाजपा से टक्कर में होगी। बहुजन समाज पार्टी तो अब केवल अपना अस्तित्व बचाने के प्रयास में ही दिखाई दे रही है।

एक समय था कि पोलिंग बूथ पर केवल सपा का वर्चस्व दिखाई देता था लेकिन समय बदला और वह सपा से खिसककर भारतीय जनता पार्टी के पाले में आ पहुंचा। हालांकि इस बार भाजपा को सत्ता विरोधी लहर का सामना करना पड़ सकता है। क्यों कि उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी का लगातार दूसरा शासनकाल चल रहा है। जब कि केंद्र में भारतीय जनता पार्टी दो बार शासन करने के बाद तीसरी बार चुनाव में उतर रही है। लेकिन उत्तर प्रदेश की राजनीति को जो समझता होगा। वह यह भी जानता होगा कि यहां तमाम ऐसे मुद्दे हैं जिन से सत्ता विरोधी लहर को आसानी से दबाया जा सकता है और यह करना भारतीय जनता पार्टी को बहुत ही अच्छी तरह से आता है। दूसरी तरफ जनता कांग्रेस से भी खुश नहीं है और तीसरा कोई विकल्प जनता के पास है नहीं। और जनता को भारतीय जनता पार्टी से इतना ज्यादा परहेज भी नहीं है। ये चीजें भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में जाती हैं। फिलहाल भारतीय जनता पार्टी ने अब विधानसभा चुनावों से अपना ध्यान कम करते हुए। उत्तर प्रदेश राज्य कमेटी से पूरा ध्यान 24 के लोकसभा चुनावों के लिए लगाने को कह दिया है। उत्तर प्रदेश में इसको लेकर तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। भारतीय जनता पार्टी ने राज्य में सभी 98 संगठनात्मक जिलों में नये प्रभारी नियुक्त कर दिए हैं तमाम नये चेहरों को जिलों का प्रचार की कमान सौंपी गई है। क्षेत्र का काम देख रहे प्रदेश महामंत्रियों के प्रभार क्षेत्र भी बदल दिए गए हैं। ओबीसी मोर्चा, किसान मोर्चा और अनुसूचित मोर्चा के प्रभारी भी बदल दिए गए हैं। इसको देखकर लग रहा है कि बहुत जल्द ही लोकसभा चुनावों की घोषणा की जा सकती है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी पूरी तरह से रंग में आ गए हैं। और ताबड़-तोड़ बदलाव किए जा रहे हैं।

भारतीय जनता पार्टी सबसे पहले अपने बूथ को मजबूत करती है क्योंकि वोट निकलवाने का कार्य बूथ कार्यकर्ता ही करता है। और बूथ कार्यकर्ताओं की सुनवाई भी सबसे पहले की जाती है और यही उसकी सबसे अच्छी पकड़ है। भारतीय जनता पार्टी अपने संगठनात्मक ढांचे में समय-समय पर बदलाव करती रहती है।जो कि संगठन को और मजबूत बनाता है। जिन कार्यकर्ताओं को सत्ता में जगह नहीं मिल पाती उनको वह संगठन में शामिल करके उनको अपने विश्वास में लेती है। उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव में वैसे तो भारतीय जनता पार्टी के पास नरेंद्र मोदी जैसा सशक्त चेहरा है। दूसरी तरफ अमित शाह का प्लान पार्टी को और मजबूत बनाता है।

हालांकि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा हैं लेकिन संगठन की बागडोर अमित शाह ही समस समय पर सम्हाल लेते हैं। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में वोटिंग हो चुकी है। हिंदी पट्टी में अब केवल राजस्थान की वोटिंग बची है। तेलंगाना और मिजोरम में भाजपा के पास ज्यादा कुछ है नहीं इसलिए अब भारतीय जनता पार्टी पूरा फोकस लोकसभा चुनावों पर लगाना चाहती है। और यह कार्य उसने शुरू भी कर दिया है। समाजवादी पार्टी अभी लोकसभा चुनावों की तैयारियों में पीछे दिखाई दे रही है। बसपा केवल अपने अस्तित्व को बचाने की कोशिश कर रही है।



**जितेन्द्र सिंह पत्रकार**

**स्वतंत्र प्रभात**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित

**संपादक**
**राजीव कुमार शुक्ल**
**मो. 7499472288**

**e-Mail- news@swatantraprabhat.com**

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

**RNI No. UPHIN/2019/79073**

# दैनिक राशिफल 22/11/2023




1.मेष

उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। संपत्ति के बड़े सौदे हो सकते हैं। बड़ा लाभ होगा। रोजगार में वृद्धि होगी। निवेश लाभदायक रहेगा। व्यावसायिक यात्रा में सावधानी रखें। घर-बाहर तनाव रह सकता है। नए लोगों से संबंध बन सकते हैं।

2.वृष

मेहनत का फल पूरा-पूरा मिलेगा। मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी। निवेश शुभ रहेगा। यात्रा मनोनुकूल रहेगी। अधिकारीगण प्रसन्न रहेंगे। नौकरी में प्रमोशन हो सकता है। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

3.मिथुन

मेहमानों का आवागमन रहेगा। व्यय होगा। उत्सावर्धक सूचना मिलेगी। विवाद को बढ़ावा न दें। आत्मसम्मान बना रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। परिवार में मतभेद बढ़ सकते हैं। जोखिम न उठाएं। व्यवसाय ठीक चलेगा। लोगों से अपेक्षित सहयोग प्राप्त होगा।

4.कर्क

रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। कोई बड़ी समस्या दूर हो सकती है। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। यात्रा मनोनुकूल रहेगी। नौकरी में काम का बोझ बढ़ सकता है। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। जोखिम लेने से बचें।

5.सिंह

स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। व्ययवृद्धि से तनाव रहेगा। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। कानूनी बाधा आ सकती है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। लेन-देन में सावधानी रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ कम रहेगा।

6.कन्या

यात्रा मनोनुकूल रहेगी। रुका हुआ पैसा मिल सकता है, प्रयास करें। उच्चाधिकारी सहयोग करेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। परिवार की चिंता रहेगी। अपेक्षित कार्य समय पर पूरे होंगे। विवाद को बढ़ावा न दें।

7.तुला

पूजा-पाठ में मन लगेगा। कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। क्रोध पर नियंत्रण रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश सोच-समझकर करें। नौकरी में तालमेल बैठाना पड़ेगा।

8.वृश्चिक

चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। लेन-देन में सावधानी आवश्यक है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। उच्चाधिकारियों से संबंध बिगड़ सकते हैं। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। व्यवसाय की गति धीमी हो सकती है, धैर्य रखें। अपेक्षित कार्यों में देरी होगी।

9.धनु

प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। घर-बाहर सभी ओर से सहयोग प्राप्त होगा। कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ स्थिति बनेगी। घर-परिवार में मांगलिक कार्य संभव है। विवाद से बचें। निवेश, यात्रा व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे। प्रसन्नता रहेगी।

10.मकर

सगे-संबंधी सहयोग करेंगे। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। राजकीय बाधा दूर होगी। व्यवसाय लाभदायक रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। काम का बोझ बढ़ सकता है। आय में वृद्धि होगी। थकान रहेगी।

11.कुंभ

नकारात्मकता बढ़ेगी। शोक समाचार प्राप्त हो सकता है। बोलचाल में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। मान घट सकता है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। दूसरों से अपेक्षा पूरी न होगी। कुसंगति से बचें। उत्साह में कमी रहेगी। धैर्य रखें। व्यवसाय ठीक चलेगा। उतार-चढ़ाव से घबराए नही।

12.मीन

यात्रा मनोरंजक रहेगी। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। धनलाभ होगा। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता मिलेगी। सामाजिक कार्य होंगे। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। वृद्धजन मार्गदर्शन देंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। जोखिम न लें। विवाद से बचें।

**आचार्य कौशलेन्द्र पाण्डेय जी के अनुसार**

# संक्षिप्त ख़बरें

## कुशीनगर- जिला मुख्यालय पर 27 को होगी वाहनों की नीलामी

**कुशीनगर।** जिला मुख्यालय रविंद्रनगर धूस पर 27 नवंबर को गाड़ियों की नीलामी होगी। वाहन लेने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी अपना रजिस्ट्रेशन थाना रबीन्द्र नगर पर करा सकते है। यह सूचना पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी की गयी है। की गयी हैं। नीलामी के समय पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह के पवर्यवेक्षण में एसडीएम सदर महात्मा सिंह के एवं सीओ सदर उमेश चंद्र भट्ट तथा थानाध्यक्ष संजय कुमार के मौजूदगी में थाना रबीन्द्र नगर धूस पर पड़ी गाड़ियों की नीलामी प्रक्रिया संपन्न होंगी। नीलामी में अपनी इच्छा अनुसार गाड़ियों को ले सकते है। विस्तृत जनाकारी हेतु थानाध्यक्ष रबीन्द्र नगर के मोबाइल नंबर 7839870060 पर ले सकते हैं।

## मिलेट्स 'श्री अन्न' कार्यशाला 23-24 नवम्बर को

- कृषि विज्ञान केंद्र सरगटिया में आयोजित होगी कार्यशाला

**कुशीनगर।** अपर मुख्य सचिव (कृषि) उत्तर प्रदेश शासन द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में जनपद में किसानों के साथ-साथ आम जनमानस को मिलेट्स %श्री अन्न% के प्रयोग व प्रभाव से परिचित कराने, उनसे होने वाले स्वास्थ्य सम्बन्धी लाभ आदि विषय पर दो दिवसीय जनपद स्तरीय मिलेट्स कार्यशाला का आयोजन 23 एवं 24 नवंबर को प्रातः 10 बजे से कृषि विज्ञान केन्द्र सरगटिया पर किया जाना है। उक्त जानकारी उप निदेशक कृषि आशीष कुमार ने दी है उन्होंने बताया कि उक्त के क्रम समस्त सहायक विकास अधिकारी कृषि को निर्देशित किया है कि दो दिवसीय जनपद स्तरीय मिलेट्स कार्यशाला में प्रत्येक विकास खण्ड से 10-10 कृषक गणों का प्रतिभाग कराना सुनिश्चित करते हुए स्वयं भी प्रतिभाग करें।

## गोरखनाथ खिचड़ी मेला तैयारी बैठक हुआ आयोजित




**गोरखपुर।** खिचड़ी मेला सकुशल संपन्न करने के लिए एडीजी जोन की अध्यक्षता में मंडल आयुक्त सभागार में हुई बैठक के संबंधित अधिकारियों को दिया गया आवश्यक दिशा निर्देश इस दौरान एडीजी जोन अखिल कुमार मंडलायुक्त अनिल ढींगरा जिला अधिकारी कृष्ण करुणेश वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गौरव ग्रोवर जीडीए उपाध्यक्ष आनंद वर्धन डीएफओ विकास यादव जॉइंट मजिस्ट्रेट /एसडीएम सदर कुमार सौरभ एसपी ट्रैफिक श्यामदेव एडीएम सिटी विनीत कुमार सिंह एडीएम प्रशासन पुरुषोत्तम गुप्ता अपर आयुक्त प्रशासन बी के सिंह पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण बिश्नोई अपर आयुक्त दुर्गेश मिश्रा सी ओ गोरखनाथ रत्नेश सिंह सीओ ट्रैफिक जगत राम कनोजिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## रोजगार मेले में 87 अभ्यर्थियों का हुआ चयन।

**मऊ** जिला सेवा योजना अधिकारी श्री एमआर प्रजापति ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय, राजकीय ढ्ढञ्जढ्ढ एवं कौशल विकास के सयुक्त तत्वावधान में राजकीय आई0टी0आई0 परिसर सहादतपुरा मऊ, में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में ह्रस्ष्ठष्ट (नेशनल स्किल डेवेलपमेन्ट कार्पोरेशन), गोल्ड माइन इण्डिया ग्रुप, महामाया विकास गारमेन्ट्स लि0, ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक हर्बल प्रा0लि0, द्वारा प्रतिभाग कर 148 अभ्यर्थियों में से 87 का चयन किया गया। रोजगार मेले के सफल क्रियान्वयन में कार्यालय के जिला सेवायोजन अधिकारी, सहित कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहें।

## पशुपालकों को बरसीम मिनीकीट वितरण



**देवरिया।** विकास खंड बैतालपुर में अतिरिक्त चारा विकास कार्यक्रम वर्ष 23-24 के अंतर्गत निःशुल्क मिनीकीट बरसीम बीज वितरण हेतु 22 पशुपालकों का चयन किया है। भालीचौर न्याय पंचायत के अंतर्गत चयनित विजय प्रताप सिंह, दिनेश मल्ल, मालती देवी, राजन सिंह व मारकंडेय सिंह को पशुधन प्रसार अधिकारी निशाकान्त तिवारी ने बरसीम चारा मिनीकीट वितरण किया व पशु पालकों को जागरूक किया कि हरा चारा पशुओं के स्वास्थ्य के लिए अतिआवश्यक है। इस कार्यक्रम में हर वर्ष अलग-अलग पशुपालकों का चयन किया जाएगा।

# खबर का असर- बदहाल खड्डा-सिसवा मार्ग 38,84,85 करोड़ से बहुरेगा दिन,धन हुआ अवमुक्त

● -कुशीनगर जनपद में सिसवा-खड्डा मार्ग 11.0 किमी व जटहां-नेबुआ मार्ग 11.20 किमी का होगा निर्माण

- बताते चले की बीते दिनों स्वतंत्र प्रभात में "सिसवा-खड्डा मार्ग ऐसा आ बैल मुझे मार जैसा यात्रियों के लिए सड़क बनी मुसीबत" शीर्षक से छपी खबर रंग लाई हैं।

स्वतंत्र प्रभात

**कुशीनगर।** राजेश प्रताप सिंह, उप सचिव, उ0प्र0 शासन द्वारा जारी पत्र अनुसार प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ नवम्बर 20 को अवगत कराया गया है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में अनुदान सं0-58 लेखाशीर्षक-5054 के अन्तर्गत राज्य सड़क निधि से गोरखपुर मण्डल के अन्तर्गत जनपद कुशीनगर में सिसवा खड्डा मार्ग (अ0 ज0मा0 ) के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की जाती है।

लखनऊ के उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियंता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के अधोलिखित तालिका के स्तम्भ 2 में अंकित पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव के संबंध में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि निम्न विवरणानुसार गोरखपुर मण्डल के अन्तर्गत जनपद कुशीनगर में सिसवा खड्डा मार्ग (अ0 ज0मा0 ) के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य हेतु कुल लागत रू0 38,84,85,000/- रुपये अड़तीस करोड़ चौरासी लाख पच्चासी हजार की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के साथ चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में अनुदान सं0-58 के लेखाशीर्षक-5054 के अन्तर्गत राज्य सड़क निधि से कुल रू0



971,21,000/- रुपये नौ करोड़ इकहत्तर लाख इक्कीस हजार की वित्तीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन निर्गत किये जाने की राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं। दूसरी सड़क जनपद कुशीनगर के निर्माण खण्ड लो.नि.वि.में वित्तीय वर्ष 2022-23 के अन्तर्गत जटहां-नेबुआ मार्ग 11.20 किमी के निर्माण हेतु 3950.14 करोड़ शासन द्वारा धन की स्वीकृत प्रदान कर दी गयी हैं। उपरोक्त दोनों मार्गो की निर्माण हेतु स्वीकृत मिलने पर सांसद विजय कुमार दुबे व खड्डा विधायक विवेकानंद पांडेय के सराहनीय प्रयासो के प्रति क्षेत्र की जनता ने आभार प्रकट किया हैं।

# सड़क दुर्घटना होने पर डॉक्टर व परिवार को सूचित करेगा हेलमेट

स्वतंत्र प्रभात

**सहजनवां/गोरखपुर।** सहजनवां गीडा 21 नवम्बर सड़क यातायात पीड़ितों के लिए विश्व स्मरण दिवस के रूप मे मनाया जाता हैं, इस अवसर पर आईटीएम, गीडा, गोरखपुर में मैकेनिकल द्वितीय वर्ष के तीन छात्र सुजीत यादव, शुभम कुमार, आदित्य यादव ने मिलकर अपने विभाग के विभागाध्यक्ष विनीत राय के नेतृत्व में एक ऐसा हेलमेट तैयार किया है जो ना केवल सड़क दुर्घटना मे आप के जान की सुरक्षा करेगा बल्कि दुर्घटना होने पर आप के परिवार व डॉक्टर को कॉल भी करेगा। जिससे समय रहते दुर्घटना होने पर वाहन चालक का उपचार कर उसकी जान बचाई जा सके। इसके साथ ही छात्रों द्वारा बनाया गया हेलमेट वायु प्रदुषण से भी आप को बचाता है द्य छात्रों ने हेलमेट को पी.पी.एच. हेलमेट का नाम दिया है द्य छात्र सुजीत यादव ने गीडा प्रतिनिधि सतीश शुक्ला को बताया कि प्रतिवर्ष सड़क दुर्घटना मे लाखों लोंगो की जाने चली जाती है द्य इन सभी समस्याओ को ध्यान में रख कर हम लोंगो ने हेलमेट को तैयार किया है।

हेलमेट मोटरसाइकिल चलाते वक्त हेलमेट में लगे डिवाइस को मोबाइल से कनेक्ट करना होता है कनेक्ट होने पर हेलमेट में लगा डिवाइस एक्टिव हो जाता है हेलमेट में एक इमरजेंसी बटन लगा है जिसे दबाने पर सेट एम्बुलेंस डॉक्टर या परिवार के सदस्य के नंबर पर कॉल चला जाता है जिससे समय रहते दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचा कर उनकी जान बचाई जा सके। छात्र शुभम ने बताया हमने बढ़ते वायु प्रदुषण को भी ध्यान में रखते हुए हेलमेट के ऊपरी हिस्से में एक एयर फ़िल्टर लगाया है जो प्रदूषित वायु को फ़िल्टर कर हेलमेट के अंदर शुद्ध हवा पहुँचता है।

हेलमेट को बनाने में 10 दिनों का समय लगा व लगभग दो हजार रूपये का खर्च आया है द्य इसे बनाने में, ब्लूटूथ मॉडुल, 3,7 वोल्टेज बैटरी, एयर फ़िल्टर, रेड एनडीकेटर, हेलमेट, का प्रयोग किया गया है। आईटीएम के



निदेशक डॉ. एन. के सिंह ने बताया हमारे कॉलेज में इन्नोवेशन लैब है जिसमें हमारे छात्र समय -समय पर अपने आईडिया पर रिसर्च कर प्रोजेक्ट तैयार करतें रहते है, इस बार छात्रों ने बढ़ते वायु प्रदुषण व सड़क दुर्घटना से लोंगो की सुरक्षा के लिये खास हेलमेट तैयार किया है जिससे आने वाले दिनों में लोंगो को काफ़ी मदद मिलेगी। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष नीरज मातनहेलिया ,सचिव श्यामबिहारी अग्रवाल ,कोषाध्यक्ष निकुंज मातनहेलिया ,संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल सहित संस्थान के सभी शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दिया।

# थाना हरपुर बुदहट पुलिस ने आबकारी अभियोग से सम्बंधित 280 लीटर अवैध कच्ची/देशी शराब का किया विनष्टीकरण

स्वतंत्र प्रभात

**सहजनवां हरपुर-बुदहट** हरपुर-बुदहट पुलिस ने आबकारी अभियोग से संबंधित 280 लीटर अवैध कच्ची/देशी शराब का किया गया विनष्टीकरण श्री डॉ गौरव ग्रोवर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर के निर्देशानुसार जनपद के समस्त थानों पर लम्बित माल मुकदमाती मालों के निस्तारण के सम्बन्ध में प्रचलित अभियान के सम्बन्ध पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अरूण कुमार सिंह के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार पाण्डेय खजनी के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष महेंद्र मिश्रा हरपुर बुदहट के मौजूदगी में पुलिस द्वारा भारी मात्रा में अवैध शराब का विनष्टीकरण किया गया। इसी क्रम में थाना हरपुर - बुदहट में पंजीकृत 2023के 129माल आबकारी अधिनियम के अभियोग में बरामद कुल 280ली नाजायज देशो/कच्ची शराब को न्यायालय के आदेश के अनुपालन में टीम गठित कर विनिष्ट किए जाने हेतु आदेश पारित किए थे।उक्त आदेश के अनुपालन में उक्त समस्त अवैध शराब को थाने के पीछे गड्ढा



खोदवा कर नष्ट किया गया। एस आई बालेन्द्र सिंह,तनवीर अहमद, हेडमुहर्रीर अचितानन्द राय, कांस्टेबल गोरख यादव एवं अन्य पुलिस कर्मी के मौजूदगी में विनष्टीकरण किया गया।

# आईजीएल के बिजनेस हेड एस के शुक्ल के सराहनीय पहल, कंपनी द्वारा स्थानीय पत्रकारों को दस लाख का दुर्घटना बीमा प्रदान करने का एलान

स्वतंत्र प्रभात

**सहजनवां/गोरखपुर।** इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड गीडा के बिजनेस हेड एस के शुक्ल के नेतृत्व में कल कंपनी परिसर में ट्रक चालकों का एक सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है जिसमे लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के रक्षको को दस लाख का दुर्घटना बीमा कंपनी द्वारा दिया जायेगा। वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसंपर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने बताया की यह कार्यक्रम सिर्फ पत्रकार बंधू एवं चालको के लिए है । और कहा की सभी ट्रक चालकों को भी दुर्घटना बीमा दिया जायेगा तथा सभी को एक हेल्थ कार्ड भी दिया जाएगा। इसके साथ ही ट्रक चालकों को वस्त्र और टी शर्ट भी प्रदान किया जायेगा। कार्यकम आईजीएल परिसर में सुबह 9 बजे से प्रारम्भ होगा। कर्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकप्रिय विधायक सहजनवा श्री प्रदीप शुक्ल है और सह मुख्य अतिथि सीईओ गीडा श्रीमती अनुज मालिक (आईएएस ) है। उपरोक्त सूचना वरिष्ठ



प्रबंधक प्रशासन एवं जनसम्पर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने दिया और सभी से अनुरोध किया की समय पर पधार कर हमें सेवा का अवसर प्रदान करे।

# जाम से छुटकारा पाने के लिए रोड का चौड़ीकरण होना आवश्यक है

देवप्रकाश राय

स्वतंत्र प्रभात

**जनपद मऊ** मुख्यालय के नगरीय भाग में स्थित पुरानी नेशनल हाईवे 29पर लगने वाले जाम से जनता को मुक्ति दिलाने हेतु सर्वप्रथम रालोद नेता देव प्रकाश राय के पत्र पर 16 अगस्त 2018 को भारत सरकार के सड़क परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी के निजी सचिव बैभव डांगे ने अध्यक्ष राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण तत्पश्चात तत्तकालीन जिला अधिकारी श्री प्रकाश बिन्दु ने 29 सितम्बर2018 को परियोजना प्रबंधक राजमार्ग बिभाग गोरखपुर को पत्र लिखा फिर ऐ राजमार्ग राज्य सरकार के अधीन कर दिया गया देव प्रकाश राय के पत्र पर पुर्व जिलाधिकारी ज्ञ्यान प्रकाश त्रिपाठी ने प्रमुख सचिव लोक निर्माण के प्रमुख सचिव को फोर लेन निर्माण कराये जाने हेतु पत्र लिखा तत्पश्चात पुर्व जिलाधिकारी श्री संदीप बंसल ने अनुस्मरण पत्र भेजकर फोर लेन बनाने हेतु शासन से अनुरोध किया और बर्तमान अधिकारी श्री अरुण कुमार जी ने भी अपने पत्र दिनांक 30.9.23 द्वारा प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग से ताजो इन्डस्ट्रियल से गाजीपुर तिराहा .भीटी.बलिया मोड़ .सहरोज मोड.कोपागंज होते हुए भदसा मानो पुर तक के पुराने राजमार्ग को फोर लेन बनाये जाने का अनुरोध किया गया है पिछले पांच वर्षो में सम्मानित चार जिला अधिकारियों द्वारा उपरोक्त मार्ग को शासन से फोर लेन बनाये जाने का अनुरोध किया गया है एवम बित्रिय वर्ष 2022।2023. एवम सन 2023 .2024 मे लोनिवि की कार्य योजना मे शामिल होने के पश्चात भी उपरोक्त मार्ग शासन द्वारा फोर लेन बनाने हेतु अब तक धन आवंटन न किये जाने के बिरोध में आज दिनांक 21.11.23 को समाजसेवी व रालोद नेता देव प्रकाश राय एवं जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने भारी तादाद में लोगों ने जिलाधिकारी के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी को ज्ञापन देकर जनपद के सर्वाधिक महत्वपूर्ण मार्ग को फोर लेन बनाये जाने हेतु आदेश /निर्देश/धनआवंटन कराने का ब्रिनम अनुरोध किया गया जिलाधिकारी के ना मौजुदगी में नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा ज्ञापन देने वाले में मो0 जकरिया सुरेन्द्र यादव गोपाल दुबे जियाउल ?हसन मुकाम सुखारी पाल बाके चौहान डी सी एस कालेज के पुर्व अध्यक्ष बिजय राय पुर्व प्रधान लेखराज राजभर प्रमोद राय अवध राज यादव पिन्टु राजभर रामप्रिती साहनी सैनिक प्रकोष्ठ रालोद कमला राय पुर्व प्रधान दिनेश सिंह रामाश्रय राय इजरार अहमद श्रीराम यादव कमलेश राय प्रेम राय ज्ञ्यान प्रकाश राय अरबिन्द बारी व सैकड़ों लोग उपस्थित रहे

# स्कूटी व साइकल की टक्कर मे दो लोग घायल

**कोपागज** थाना क्षेत्र के इंदारा गांव के (मधईपुरा)चट्टी के पास मंगलवार की सुबह स्कूटी और साइकल की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। जिसमे स्कूटी और साइकल सवार दोनो घायल हो गए। आनन-फानन मे ग्रामीणों ने घायलों को डायल 108 एम्बुलेंस की सहायता से उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजवाया। जहां घायलों का इलाज चल रहा है। कोपागज थाना क्षेत्र के इंदारा गांव के मधईपुरा मुहल्ला के पास मंगलवार की सुबह मऊ के तरफ से आ रहे 35 वर्षीय अंकित पुत्र हरेंद्र निवासी लखनी मुबारकपुर थाना घोसी कोतवाली अपने घर जा रहा था।तभी अचानक इंदारा गांव के मधईपुरा चट्टी के पास पहुंचा था कि साईकल पर सवार होकर 50 वर्षीय जयप्रकाश सिंह पुत्र स्व रामबरम सिंह निवासी महुआर थाना कोपागंज अपने घर से इंदारा बाजार जा रहे थे। तभी स्कूटी और साइकल सवार की आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसके कारण दोनो गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आस पास के ग्रामीणों ने 108 एम्बुलेंस से उपचार हेतु दोनो घायलों को जिला अस्पताल भेजवाया।जहा घायलों का उपचार चल रहा है।

# महिलाओं छात्राओं को कानून की जानकारी बता पुलिस कर रही जागरूक

स्वतंत्र प्रभात

**कुशीनगर।** पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में ÷मिशन-शक्ति अभियान÷ के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान, स्वावलम्बन, सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से जागरूक करने हेतु आज मंगलवार को जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक एवं थानाध्यक्ष, थानो पर नियुक्त मिशन शक्ति टीम व महिला बीट आरक्षियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में पड़ने वाले स्कूल,कालेजों, गांवों कस्बो, बाजारों, सार्वजनिक स्थानों, धार्मिक स्थलों आदि के आस-पास जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं एवं बालिकाओं को शासन की कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित विभिन्न कानूनों यथा- घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्य स्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, अनैतिक व्यापार निवारण, पाक्सो एक्ट, बाल विवाह प्रतिषेध से संबंधित अधिनियम बाल श्रम कानून एवं भारतीय दण्ड संहिता में महिलाओं की गरिमा के विरूद्ध विभिन्न अपराधों आदि के संबंध में जानकारी दी गई ।

### हेल्प लाइन की दी गयी जानकारी

महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर,फोरम- वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन- मोबाइल पर डेमो,



सी0एम0 हेल्प लाइन नम्बर-1076, चाइल्ड हेल्प लाइन नम्बर 1098, वन स्टाप सेण्टर-181, साइबर हेल्प लाइन 1930, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन 102, एम्बुलेंस सेवा-108, जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की महिला हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय एवं राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आदि के संबंध में भी जानकारी दी गई।

# विशेष किशोर पुलिस इकाई की हुई मासिक समीक्षा बैठक

स्वतंत्र प्रभात

**देवरिया 21 नवंबर।** पुलिस लाईन के प्रेक्षा गृह में विशेष किशोर पुलिस इकाई की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन अपर पुलिस अधीक्षक ,प्रभारी विशेष किशोर पुलिस इकाई राजेश सोनकर के अध्यक्षता में किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया उपस्थित रहे। बैठक का संचालन जय प्रकाश तिवारी संरक्षण अधिकारी जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने किया। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक ने कर्तव्य एवं दायित्व के साथ किशोर न्याय अधिनियम में शुरू से लेकर आज तक हो रहे संशोधन के बारें में अवगत कराया। जय प्रकाश तिवारी संरक्षण अधिकारी जिला बाल संरक्षण इकाई ने जे0 जे0एक्ट कानून, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, एडाप्सन की प्रकिया के बारे में जानकारी दी। जनपद में बाल विवाह की रोकथाम एवं किसी भी अवैध तरीके से बच्चों को गोद न दिया जाय, गोद देने की प्रक्रिया कारा के वेबसाइट के माध्यम से कराया जाये। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा विकसित एक युद्ध नशे के विरूद्ध जन जागरूकता कार्यक्रम हेतु प्रेरित किया गया।

# बेलपार पंडित में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत निकाली गई जागरूकता रैली

● - निबंध लेखन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**देवरिया 21 नवंबर।** न्याय पंचायत बेलपार पंडित के विभिन्न विद्यालयों में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई तथा निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कंपोजिट विद्यालय भाटपार रानी में नगर पंचायत अध्यक्ष विजय गुप्ता द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया जो नगर के विभिन्न मोहल्ले से निकलते हुए, अपने नारों से मतदाताओं को जागरूक करते हुए टाउन एरिया ऑफिस पर पहुंची।

एकत्र लोगों को जागरूक करते हुए दीपक यादव ने बताया कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य के अंतर्गत चुनाव आयोग द्वारा अभियान चलाया जा रहा है जिसमे दिनांक 25 एवं 26 नवंबर को तथा 2 एवं 3 दिसंबर को विशेष अभियान चलाया जायेगा जिसमे 18 वर्ष के युवा मतदाता बन कर लोकतंत्र के इस सबसे बड़े त्यौहार में अपनी भागीदारी कर सकते हैं तथा एक स्वच्छ लोकतंत्र का निर्माण कर सकते हैं। प्राथमिक विद्यालय लाखोपर तथा बेलपर पंडित में भी इसी प्रकार से रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया गया, कृषक लघु माध्यमिक विद्यालय टीकमपार में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रैली में नगर पंचायत भाटपार रानी के सुपरवाइजर संदीप खरवार, शिव गुप्ता, बीएलओ रवि प्रकाश पांडेय, विवेक कुमार, अनिल कुमार, कृष्णा यादव, संजीत गुप्ता, राकेश सिंह उपस्थित रहे।

# दिव्यांग उपकरण के वितरण को लगेगा शिविर

स्वतंत्र प्रभात

**देवरिया 21 नवंबर।** मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने बताया है कि जनपद में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों के आवागमन को सुगम्य बनाने तथा उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु दिव्यांगजनो को सहायक उपकरण ट्राईसाइकिल, व्हील चेयर, कान की मशीन, वैसाखी, लेप्रोसी किट, एम0आर0 किट, स्मार्ट केन आदि उपकरण उपलब्ध कराये जाने हेतु विकास खण्डवार निःशुल्क पंजीकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

मुख्य विकास अधिकारी ने शिविर के आयोजन हेतु समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, जिला कार्यकम विभाग, समस्त खण्ड विकास अधिकारी को आवश्यक निर्देश के साथ पंजीकरण हेतु दिव्यांगजनो को साथ लाने वाले प्रपत्र के विवरण में बताया है कि सक्षम अधिकारी द्वारा जारी न्यूनतम 40 प्रतिशत दिव्यांगता प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत किया जा सकता है। जिनकी सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय रुपए 46080 से कम हो या राजस्व विभाग, सांसद , विधायक एवं ग्राम प्रधान द्वारा प्रदत्त आय प्रमाण-पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, वोटर कार्ड इत्यादि की छाया प्रति लाना अनिवार्य है।

# मतदाता पुनरीक्षण कार्यों को बिना त्रुटियों किया जाए फिटिंग सीईओ यूपी

स्वतंत्र प्रभात

**गोरखपुर।** मतदाता पुनरीक्षण कार्यो का मुख्य चुनाव अधिकारी उत्तर प्रदेश नवदीप रिणवा ने विडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर गोरखपुर एनआईसी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल में मौजूद उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम वित्त विनीत कुमार सिंह जनपद के समस्त तहसीलों के एसडीएम और तहसीलदार को निर्देशित किया कि चल रहे विशेष पुनरीक्षण कार्यो में आ रही छोटी-मोटी त्रुटियों को फीडिंग करते समय सावधानियां बरतें जिससे आगे चलकर किसी प्रकार की राजनीतिक पार्टियों व मतदाताओं को आपत्ती व असुविधा न होने पाए बीएलओ मतदान केदो पर आने वाले नए मतदाताओं व मृतक मतदाताओं का नाम काटने व अन्य जगहों पर चले जाने वाले मतदाताओं का नाम स्थानांतरित करने का कार्य अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए करे 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूर्ण कर चुके नए मतदाताओ को मतदाता सूची में शामिल करे 9 दिसंबर तक चलने वाले पुनरीक्षण कार्यो में किसी प्रकार की कोताही ना बरती जाए सभी एसडीएम और तहसीलदार अपने-अपने तहसील के मतदान केंद्रों को निगरानी करते हुए 9 दिसंबर तक आपत्तियां प्राप्त करें 25 ,26 नवंबर 3,4 दिसंबर को भी बीएलओ अपने-अपने बूथों पर बैठकर आपत्तियां प्राप्त करेंगे। एक जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले मतदाताओ को फार्म- 6 भरकर मतदाता सूची में नाम शामिल करने का कार्य करें 18 वर्ष पूर्ण कर चुके नए मतदाता अपने नजदीकी मतदान केंद्रों पर पहुंचकर नाम जुड़वाने का कार्य करें जिससे आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान कर सकें। 25, 26 नवंबर और 2 एवं 3 दिसंबर 2023 इस अभियान की विशेष तिथियां है। इसके अलावा अन्य दिनों में बीएलओ घर-घर पहुंचकर मतदाता पुनरीक्षण का कार्य करेंगे।9 दिसंबर 2023 तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। 5 जनवरी 2024 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि पात्र मतदाता नामावली में नाम सम्मिलित करने के लिए प्रारूप- 6, मृतक, शिफ्टेड तथा रिपीटेड होने पर नामावली से नाम काटने के लिए प्रारूप-7 तथा किसी भी प्रकार त्रुटि होने पर प्रारूप-8 भरकर आवश्यक अभिलेख के साथ संबंधित बूथ लेवल अधिकारी, सुपरवाइजर के पास अथवा सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी



तथा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में जमा कर फीडिंग कराने का कार्य बिना किसी त्रुटि के करेंगे जिससे मतदाताओं को चुनाव के दौरान परेशान ना होना पड़े और राजनीतिक पार्टियों को किसी प्रकार किसी के ऊपर आरोप प्रत्यारोप लगाने का मौका ना मिले सभी कार्य निष्पक्ष तरीके से किया जाए। इस दौरान अप चुनाव अधिकारी गोरखपुर/एडीएम वित्त विनीत कुमार सिंह एसडीएम कैंपियरगंज अमित जायसवाल एसडीएम सहजनवा कुंवर सचिन सिंह एसडीएम चौरीचौरा प्रशांत वर्मा एसडीएम बासगाव प्रदीप एसडीएम गोला रोहित मौर्य अपर एसडीएम सदर सिद्धार्थ पाठक एसीएम प्रथम केसरी नंदन तिवारी तहसीलदार सदर विकास कुमार सिंह सहायक निर्वाचन अधिकारी जेएन मौर्य तहसील सदर का चुनाव कार्य देख रहे राजीव सिंह सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# प्रतिबन्धित प्रवासी पक्षियों का शिकार करने वाले 02 शिकारी गिरफ्तार, कब्जे से 06 प्रतिबन्धित प्रवासी पक्षियां बरामद

स्वतंत्र प्रभात

**मऊ** जनपद के पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय के निर्देशन में प्रतिबन्धित प्रवासी पक्षियों का शिकार करने वालों के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना मधुबन पुलिस को उस समय अहम सफलता हाथ लगी जब दिनांक 20.11.2023 सायंकल देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर कटघराशंकर गांव में दबिश के दौरान 02 व्यक्तियों को पकड़कर चेक किया गया तो उनके कब्जे से झोलों में 06 प्रतिबन्धित प्रवासी पक्षियां बरामद हुयी, इस दौरान एक व्यक्ति भागने में सफल रहा। पूछताछ में उक्त द्वारा अपना नाम पता क्रमशः बेचन राजभर पुत्र स्व0 अन्धु निवासी खीरीकोठा व सोनू साहनी पुत्र श्रीकान्त निवासी ककराडीह थाना मधुबन मऊ तथा भागे हुये व्यक्ति का नाम सुरेश तुरहा पुत्र स्व0 मुसाबिर निवासी कटघराशंकर थाना मधुबन मऊ बताया गया। इस सम्बन्ध में उक्त



अभियुक्तों के विरुद्ध मु0अ0सं0 298/23 धारा 9/51 वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के अर्न्तगत अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

# जिलाधिकारी ने पराली जलाने पर रोक लगाने के दिए निर्देश

**मऊ** के जिलाधिकारी अरुण कुमार ने मा0 उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के क्रम में कृषि अपशिष्ट/पराली जलाये जाने की रोकथाम हेतु समस्त अधिकारीगण ग्राम पंचायत स्तर पर प्रभावी प्रवर्तन सुनिश्चित करने हेतु स्थानीय स्तर पर बीट कान्सटेबल, ग्राम प्रहरियों, राजस्व कर्मियों तथा ग्राम प्रधानगणों के माध्यम से निरन्तर व क्षण प्रतिक्षण सूचना प्राप्त करते हुए पराली जलाये जाने की घटनाओं को कड़ाई से नियंत्रित करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा प्रदत्त निर्देशों का अनुपालन प्रत्येक दशा में अक्षरशः सुनिश्चित किया जाये तथा किसी भी परिदृष्य में मा0 न्यायालय के आदेशों की अवहेलना उल्लघंन की स्थिति उत्पन्न न हो। यदि किसी प्रकार की अन्यथा स्थिति शासन के संज्ञान में आती है तो उक्त के लिए सम्बन्धित थाना के थानाध्यक्ष प्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार होगें। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि पराली जलाने एवं प्रदूषित करने वाले अन्य कारको पर नियंत्रण हेतु समय-समय पर दिये गये महत्वपूर्ण व आवश्यक निर्देशों को गम्भीरता से लेते हुए पराली जलाने से उत्पन्न समस्याओं के प्रति सजग करें। साथ ही साथ पराली जलने की घटना पर सम्बन्धित किसान से पर्यावरण कम्पन्सेशन की वसूली अधोरोपित करते हुए तत्काल वसूली करें।

# मुस्लिम देशों को सगा बनाने की कोशिश में लगा चीन, सऊदी के साथ इस डील के बाद क्या अमेरिका के डॉलर को निगल सकेगा ड्रैगन का युआन?

**● वित्तीय संबंधों को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम में पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना और सऊदी सेंट्रल बैंक ने 50 बिलियन युआन (7.05 बिलियन) मुद्रा विनिमय समझौता स्थापित किया है।**

स्वतंत्र प्रभात

**चीन** ने इजरायल और हमास की जंग में अपनी शातिर चालें चलनी शुरू कर दी है। गाजा में छिड़े युद्ध के बीच मुस्लिम देशों के नेताओं का जुटान चीन में हुआ। 20 अरब देशों के नेताओं ने चीनी विदेश मंत्री वांग यी संग मुलाकात की है। चीनी विदेश मंत्री मुस्लिम देशों का सगा बनने की कोशिश के तहत कह रहा है कि उनका देश अरब और मुस्लिम देशों का अच्छा मित्र है और भाई की तरह से हमेशा रहा है।

अब वित्तीय संबंधों को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम में पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना और सऊदी सेंट्रल बैंक ने 50 बिलियन युआन (7.05 बिलियन) मुद्रा विनिमय समझौता स्थापित किया है। घोषित यह रणनीतिक समझौता आपसी सहमति के आधार पर नवीनीकरण की संभावना के साथ तीन साल की अवधि के लिए निर्धारित है। यह पहल चीन और सऊदी अरब के बीच द्विपक्षीय व्यापार में घरेलू मुद्राओं के उपयोग को बढ़ावा देने, उनकी आर्थिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए डिज़ाइन की गई है।

### 50 अरब युआन मुद्रा विनिमय समझौते पर हस्ताक्षर

यह समझौता दोनों देशों के बीच उनके आर्थिक संबंधों को बढ़ाने के उद्देश्य से सहयोगात्मक प्रयासों की एक श्रृंखला का अनुसरण करता है। अगस्त में चीन को सऊदी निर्यात में वृद्धि देखी गई, जो स्क्रा 3.7 बिलियन तक पहुंच गया, जो पारंपरिक तेल क्षेत्र से परे व्यापार के विविधीकरण का संकेत देता है। सितंबर में एक समझौता ज्ञापन के माध्यम से बढ़ती साझेदारी पर और जोर दिया गया, जिसमें सड़क निर्माण और स्वायत्त वाहन विकास में प्रगति का वादा किया गया था, जिससे देशों के बीच परिवहन प्रौद्योगिकी संबंधों को गहरा करने की उम्मीद है।

इसके अतिरिक्त, चीन ने सऊदी अरब को स्वीकृत गंतव्य का दर्जा दिया, इस कदम से समूह पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान में वृद्धि होने की उम्मीद है। अक्टूबर में सहयोग साहित्यिक क्षेत्र तक बढ़ा, सऊदी अरब के साहित्य आयोग ने चीन के राष्ट्रीय प्रेस के साथ गठबंधन बनाया। इस सहयोग का उद्देश्य संयुक्त अनुवाद परियोजनाओं के माध्यम से सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देते हुए शिपिंग मार्गों और बंदरगाह संचालन में सुधार करना है।



मुद्रा विनिमय समझौता वित्तीय सहयोग को बढ़ावा देने और स्थानीय मुद्राओं का उपयोग करके व्यापार निवेश बढ़ाने के लिए पारस्परिक प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

यह कदम दोनों देशों द्वारा अपनी अर्थव्यवस्थाओं में विविधता लाने और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में अमेरिकी डॉलर लेनदेन पर निर्भरता कम करने की व्यापक रणनीति का हिस्सा है।

### अमेरिकी डॉलर को कमजोर करने की रणनीति

2022 में यूक्रेन पर हमला करने के बाद से रूस ने चीन की विदेशी मुद्रा युआन को ज्यादा तरजीह देनी शुरू कर दी थी। इस साल रूस ने डॉलर की तुलना में युआन से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय व्यापार किया है।

पश्चिमी देशों द्वारा रूस पर लगाए गए आर्थिक प्रतिबंधों की वजह से रूसी कंपनियों ने विदेशी व्यापार के लिए दूसरी मुद्राओं पर निर्भरता बढ़ाई थी।

युआन ने इसमें बाजी मार ली। यही नहीं चीन ने आगे बढ़कर रूसी माल के लिए अपने बाजार भी खोल दिए जिससे विदेशी मुद्रा के आदान प्रदान में परेशानी न हो।

हालांकि अमेरिकी डॉलर अभी भी विश्व व्यापार की अगुवाई कर रहा है। लेकिन कई देशों ने अपने विदेशी व्यापार या कर्जे के लिए दूसरे विकल्पों को आजमाना शुरू कर दिया है।

### अमेरिका के लिए खतरा

सवाल ये भी उठता है कि आखिर अमेरिका ये काम क्यों नहीं कर पाया? अमेरिका के ईरान के साथ सीधे कोई संबंध नहीं हैं. इसलिए वह चाहकर भी कुछ नहीं कर सकता. दूसरे सऊदी अरब ने भी चीन को इस समझौते से अलग रखकर यह संदेश दे दिया कि वह किसी एक गुट में खुद को देखना नहीं चाहता. इस समझौते के जरिए उसने यह संदेश भी दे दिया कि वह सुरक्षा व व्यापार के मुद्दे पर सिर्फ अमेरिका या उसके सहयोगियों पर निर्भर नहीं है.

# गिना दी खूबियां 7 मिनट में इजराइल को तबाह कर देगी ईरान की नई मिसाइल फतह-2

स्वतंत्र प्रभात

**Fattah II:** ईरान ने हायपरसोनिक मिसाइल फतह-2 पेश करके दुनिया में सनसनी फैला दी है. दावा किया गया है कि यह अमेरिका और इजराइल के सबसे एडवांस एंटी बैलिस्टिक मिसाइल सिस्टम को भी भेद सकती है. जानिए इसकी वो खूबियां जो ईरान ने गिनाई हैं. एक साल में दो हायपरसोनिक मिसाइल पेश करके ईरान ने दुनिया में सनसनी फैला दी है. जून 2023 में फतह-1 और अब फतह-2. दोनों ही मिसाइलों को लेकर ईरान के दावे ही सामने आए हैं. ईरान ने इन्हें अभी तक अपनी सेना का हिस्सा नहीं बनाया है. सबसे ज्यादा चर्चा है फतह-2 की. दावा किया गया है कि यह अमेरिका और इजराइल के सबसे एडवांस एंटी बैलिस्टिक मिसाइल सिस्टम को भी भेद सकती है.हाल में ईरान ने तेहरान में इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स एयरोस्पेस फोर्स की प्रदर्शनी में इसे पेश किया. जानिए यह कितनी पावरफुल है.

### 1400 किलोमीटर की रेंज में करेगी हमला

ईरान का दावा है कि उसकी मिसाइल फतह-2 जैसी दुनिया में किसी के पास नहीं है. सच क्या है, यह तो ईरान ही जानें लेकिन अगर दावों पर भरोसा किया जाए तो दुनिया एक अलग ही विध्वंशक दिशा में जाने को तैयार दिखाई दे रही है. यह अमेरिका और इजराइल के एडवांस एंटी बैलिस्टिक मिसाइल सिस्टम को भी भेद सकती है. यह 1400 किलोमीटर की रेंज तक मार कर सकती है.

### 5.1चरूप्रति सेकंड की स्पीड से करती है मार

यह 5.1 किलो मीटर प्रति सेकंड की गति से वार कर सकती है. जब फतह-2 को पेश किया गया तो ईरान के सर्वोच्च नेता खुमैनी खुद सामने आए. उन्होंने मिसाइल प्रोग्राम पर बहुत कम, इजराइल-हमास युद्ध पर ज्यादा बोला. इजरायल को हारा हुआ घोषित कर दिया. युद्ध दोषी मान लिया.

### 7 मिनट में इजराइल को तबाह कर सकती है

अल जजीरा के मुताबिक रूस, चीन और अमेरिका के पास यह प्रणाली है लेकिन अमेरिका अभी चीन-रूस से इस मामले में थोड़ा पीछे है. ईरान ने प्रदर्शन के दौरान पश्चिमी देशों के शक का जवाब इस रूप में दिया है कि जब इसका इस्तेमाल होगा तो सारे के सारे शक भरोसे में बदल जाएंगे. ईरानी सुरक्षा अफसरों के हवाले से अलजजीरा ने कहा है कि यह नया हथियार 7 मिनट में इजराइल में लक्ष्य को भेदने में सक्षम है.

### क्या है हायपरसोनिक मिसाइल का मतलब?

ये ऐसी मिसाइल होती हैं जो आवाज की गति से पांच गुणा गति से आगे बढ़ सकती है. मतलब यह हुआ कि इसकी स्पीड 1.7 किलो मीटर प्रति सेकंड या 6174 किलो मीटर प्रति घंटा से कहीं ज्यादा 24700 किलो मीटर प्रति घंटे तक हो सकती है. इसका मतलब यह भी हुआ कि यह रडार या किसी भी डिफेंस कवच की पकड़ में नहीं आ पाएगी. इनका पता लगाना कठिन है. रडार इन्हें तब तक नहीं पकड़ सकते, जब तक ये जमीन के बहुत करीब नहीं आ जाते और जब तक वे संकेत देंगे तब तक ये अपना काम कर चुके होंगे.



### ये बैलेस्टिक मिसाइल से कितना अलग?

ऐसे में हायपर सोनिक मिसाइल के हमले से खुद को बचाना किसी भी देश के लिए एकदम आसान नहीं होगा. इसकी स्पीड इसे बैलेस्टिक मिसाइल से अलग करती है. आगे ले जाती है. इनका निशाना सटीक होगा. लक्ष्य को भेदने में ये मिसाइलें बैलेस्टिक से भी ज्यादा सक्षम होंगी. इसमें हायपर सोनिक गाइड वेहिकल का इस्तेमाल किया गया है, जो स्पीड को बढ़ाने में मददगार साबित होने वाला है. हायपर सोनिक उड़ान की गति में से एक है. उड़ान को चार अलग-अलग तरीके से संदर्भित किया जाता है. सब सोनिक, ट्रांसोनिक, सुपर सोनिक और हायपर सोनिक. ये सब स्पीड के अलग-अलग मापक हैं.

## संक्षिप्त ख़बरें

### 26 नवंबर को पटना में चौरसिया सामाज के सभी संगठनों के पदाधिकारियों का सामूहिक बैठक

**भागलपुर** मिशन लोकसभा 2024 के तहत बिहार प्रदेश के चौरसिया समाज के सभी संगठनों के पदाधिकारियों का सामूहिक बैठक 26- नवंबर 23 दिन रविवार को सुबह 11 बजे कीर्ति होटल पटना में आयोजित होगी द्य जिसमें चौरसिया समाज से जुड़े लोगों को आमंत्रित किया गया हैं द्य वही भारत जान जागरण दल (क्ष्छ्छ्ष्ठ) द्वारा मार्च महीने में पटना में आयोजित होने वाली भव्य रैली, के लिए चौरसिया समाज के सभी संगठनों के सुझाव और सहयोग का स्वागत करेगी।

### घोघा में हूआ पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का भूमि पूजन



कन्हैया खंडेलवाल

**कहलगांव (बिहार)**कल घोघा मे 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का भूमि पूजन धूमधाम से संपन्न हो गया जो नागाबाबा कुटिया दुर्गास्थान घोघा मे श्री अशोक कुमार संरक्षक गायत्री शक्तिपीठ भागलपुर द्वारा वेदद्ध्वनि से इस भूमिपूजन का संखनाद किया गया जीसमे मुख्य यजमान के रूप में श्रीमती मीना देवी सेवानिवृत्त शिक्षिका एवं पंचायत प्रतिनिधि गायत्री परिवार थीं। ईन सारे विधि विधान में श्री सुरेन्द्र प्रसाद मंडल संगठन व मिडिया प्रभारी, साहेबगंज, योग विद्यालय कहलगांव के योग गुरु स्वामी गोविंदाचार्य जी डॉ.के.के सिंह, श्री उपेन्द्र शर्मा व समस्त गायत्री परिजन सहभागी हुए जिसमें अगल-बगल के गांव से भारी संख्या में जनता जनार्दन की भी उपस्थिति रही। यह जानकारी गायत्री परिवार के सदस्य एवं होम्योपैथिक चिकित्सक डॉक्टर विप्लव कुमार चौधरी ने दी है।

### ट्रक लूट कांड में शामिल बदमाश गिरफ्तार, लगातार चल रही थी छापेमारी



**मोतिहारी बिहार** पूर्वी चंपारण जिला के केसरिया थाना की पुलिस ने ट्रक लूट कांड में शामिल एक बदमाश को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्र ने बताया है कि गिरफ्तार बदमाश मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पटखौलिया निवासी राजकुमार सिंह उर्फ शिवम कुमार है। छापेमारी टीम में चकिया के डीएसपी सत्येंद्र कुमार सिंह, थानाध्यक्ष सुनील कुमार, दारोगा रामशरण प्रसाद व पुलिस बल के जवान शामिल थे। बता दें कि बीते 10 सितंबर को हथियारबंद बोलेरो सवार बदमाशों ने केसरिया थाना के मोहम्मदपुर गांव के पास से ट्रक को लूट लिया था। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 11 सितंबर 23 को मुफस्सिल थाना के पटखौलिया गांव के पास से ट्रक को बरामद कर लिया था। इस दौरान पुलिस ने पटखौलिया गांव निवासी अंगेश शर्मा को गिरफ्तार किया था। बताया कि पुलिस अन्य फरार चल रहे बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

# चंपा नदी छठ घाट पर वत्तियों का उमड़ा जनसैलाब, शांति सद्भाव भाईचारे का मिसाल कायम किए, पूजा शांति समिति अध्यक्ष पप्पू यादव

स्वतंत्र प्रभात

**भागलपुर( बिहार)**नाथनगर चंपा नदी घाट पर उमड़ा भक्तों का जनसैलाव। किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं घटित होने दिया गया ,इसके लिए पूजा शांति समिति के सभी लोग दिन रात लग रहे। ऐसे मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन भी आए थे। ऐसे में पूजा समिति अध्यक्ष पप्पू यादव ने मांग करते हुए कहा कि घाट का चार चांद लगाने के लिए के लिए फंड का आवश्यकता है। उधर पूजा समिति व नाथनगर की जनता ने दिल से सभी को धन्यवाद दिया।जहां से छठ का आरंभ हुआ। सिख नगरी भागलपुर चंपा नदी घाट पर श्रद्धालुओं का एक लाख से भी अधिक जनसैलाब उमड़ पड़ा। आज पूरे देश में महापर्व छठ काफी ही धूमधाम से मनाया जाता है। महापर्व को लेकर चंपा नदी घाट पर अर्घ्य देने काफी दूर-दूर से छठवर्ती पहुंच रहे थे। चंपा नदी छठ घाट आस्था का एक केंद्र बना रहा। शहर में सभी महापर्व पर पूजा शांति समिति का बड़ा ही योगदान रहता है। पूजा शांति समिति के अध्यक्ष पप्पू यादव अपने टीम के सभी सदस्य गणमान्य लोगों के नेतृत्व में दिन रात लगे हुए थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन कहते हैं सभी धर्म के लोगों को लेकर चलने वाले हैं तो वह हैं विकास पुरुष पप्पू यादव है। चंपा नदी सीधी घाट बनाने के लिए 11 लाख की घोषणा करते हुए कहते हैं विकास पुरुष मजबूती के साथ सभी त्योहारों पर शांति सद्भाव भाईचारे के साथ चल रहे हैं। चाहे





दुर्गा पूजा हो काली पूजा ईद बकरीद सभी त्योहारों पर शांति सद्भाव तथा भक्ति भाव का वातावरण देखने को मिलता है। और शहर में ही नहीं बल्कि बिहार में शांति सद्भाव का एक मिसाल कायम किया है। सभी पूजा समिति के लोगों ने वहीं जिलाधिकारी के साथ-साथ अन्य प्रशासन को धन्यवाद दिए। 1983 से ही छठ घाट भव्य रूप से सजाया जाता है। गंगा जमुना तहसजीव देखने को मिलता है।भाजपा के पूर्व वरिष्ठ नेता अर्जित चौबे भी कहते हैं भागलपुर नाथनगर में शांति सद्भाव भाईचारे का एक मिसाल पूजा समिति अध्यक्ष पप्पू यादव कायम किए हैं। पूजा समिति अध्यक्ष पप्पू यादव कहते हैं 2024 में भागलपुर का ऐसा ही सांसद होना चाहिए। आगे कहते हैं मेरा बड़ा भाई के रूप में हैं। वहीं जिला प्रशासन सुब्रत कुमार सेन तथा पुलिस कप्तान आनंद कुमार अपने दलबल के साथ छठ घाट पर पहुंच विधि व्यवस्था का पूरा जायजा लिए?। ऐसे मौके पर सभी लोगों का सहयोग रहा।उधर नगर आयुक्त डॉ योगेश सागर, एसडीओ धनंजय कुमार, नगर निगम प्रभारी हसन खान, नाथनगर अंचलाधिकारी स्मिता झा, डीएसपी अजय चौधरी, महताब खान पूजा समिति अध्यक्ष पप्पू यादव संरक्षक भावेश यादव महामंत्री देवाशीष बनर्जी उपाध्यक्ष अमरकांत मंडल, उपाध्यक्ष अशोक राय, आर के लाल, राजेंद्र लाल, प्रमोद सिन्हा, पप्पू दालाहनिया, शिव शंकर सिन्हा, सियाराम दास , आशीष कुमार, चंदन मिश्रा, प्रभात कुमार, रंजीत यादव,निजात अंसारी, जियाउर रहमान, जाबिर अंसारी, समाजसेवी नीतू देवी, रोहित तथा बड़ी संख्या मे श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सीतामढ़ी और गोपालगंज में जहरीली शराब पीने से 10 लोगों की मौत पर प्रशांत किशोर का CM पर तंज



**● बोले- नीतीश कुमार को शर्म नहीं आती, इतने अहंकारी कि कहते हैं जो पिएगा वो मरेगा**

ब्यूरो चीफ शैलेश कुमार तिवारी
स्वतंत्र प्रभात

**गोपालगंज (बिहार)**- सीतामढ़ी और गोपालगंज में जहरीली शराब पीने से 10 लोगों की मौत की घटना ने एक बार फिर से बिहार में जारी शराबबंदी की पोल खोल दी है। इस पर जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने कहा कि इस आदमी को इस बात का अहंकार हो गया है कि हम यहां से हट ही नहीं सकते। चुनकर आप गए हैं जनता ने मुख्यमंत्री आपको बनाया है लेकिन इतने लोगों की मृत्यु हो गई, परिवार उजड़ गए और आप कहते हैं जिलाधिकारी को निर्देश दिया है। बीते दिनों छपरा में जहरीली शराब पीने से 70 लोगों की दुखद मृत्यु हो गई थी और ये आदमी पॉकेट में हाथ डालकर कहता था कि जो पिएगा वो मरेगा। ऐसे आदमी को बिहार के लोग अगर वोट देते हैं, तो गलती नीतीश कुमार की नहीं है बिहार की जनता की है। आपके बच्चों का जो निवाला छीन लिया, आपके बच्चों की जिसने पढ़ाई की व्यवस्था भंग करके अनपढ़ बना दिया, आपके बच्चों को जिसने मजदूर बना दिया उस आदमी को आप जाकर वोट देते हैं, तो आपसे बड़ा गुनाहगार कौन है? जनता सबसे बड़ी गुनाहगार है। नेता तो अपनी कुर्सी के लिए वोट मांग रहा है, जनता की क्या मजबूरी है

जिसने पढ़ाई की व्यवस्था भंग करके अनपढ़ बना दिया, आपके बच्चों को जिसने मजदूर बना दिया उस आदमी को आप देते हैं प्रशांत किशोर ने आगे कहा कि इसमें सबसे बड़ी दुखद बात ये है कि बिहार धरती में मात्र ऐसा राज्य है, जहां 10 लोगों की जहरीली शराब पीने से मौत हो जाए और राज्य का मुखिया नीतीश कुमार इतना अहंकारी है कि देखने तक नहीं गया। ये अहंकार क्यों है? क्योंकि ये आदमी जानता है कि वोट आप किसी को दीजिए मुख्यमंत्री तो मुझे ही बनना है। फेविकोल लगाकर कुर्सी पर बैठ गया है। चाहे भाजपा को वोट दीजिए, लालटेन को दीजिए, नीतीश को दीजिए या फिर कांग्रेस को वोट दीजिए हर बार मुख्यमंत्री यही आदमी बन जाता है।

# ट्रक से 1443 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद, दो गिरफ्तार, गुप्त सूचना पर पुलिस ने की छापामारी



राम बालक राम

**मोतिहारी बिहार** शराब के साथ ट्रक के चालक व उपचालक को किया गया गिरफ्तार पुलिस ने गुप्त सूचना पर बंगरी हरपुर ओवर ब्रिज पर एक डीसीएम ट्रक में छुपा कर ले जा रहे 1443 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों पकड़े गए ट्रक के चालक यूपी के कंदला निवासी श्रवण व उपचालक शाहरुख है। छापेमारी सोमवार को दोपहर में हुई है। बताया जाता है कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि डीसीएम ट्रक संख्या एचआर 55 एएन 9453 पर लादकर भारी मात्रा में शराब दरभंगा के लिए जा रहा है। मुफस्सिल इंस्पेक्टर अरशद आलम व थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में वाहनों की जांच की गई और उक्त ट्रक से शराब की बरामदगी के साथ ट्रक के चालक व उपचालक को गिरफ्तार किया गया। शराब की खेप हरियाणा के सोनीपत से दरभंगा ले जाई जा रही थी। सभी शराब रोयायल ग्रीन ब्रांड के 750 एमएल के 75 कार्टून व खुला 184 बोतल तथा 375 एमएल के 70 बोतल हैं। पुलिस व सीओ निरंजन कुमार मिश्रा की मौजूदगी में जांच पड़ताल की गई। वहीं मुख्य कारोबारी को पकड़ने के लिए छानबीन कर रही है।

# भारतीयों का सोने को लेकर मोह क्यों है पीएम मोदी का सपना पूरे होने में सबसे बड़ा रोड़ा?

स्वतंत्र प्रभात

भारत में जब भी इनवेस्टमेंट की बात आती है तो ज्यादातर लोगों की पहली पसंद सोने में निवेश करना ही होता है. हमने बचपन से ही घर के बड़ों को सलाह देते सुना है कि सोने में निवेश करने से आपका पैसा सुरक्षित रहेगा. इसके अलावा जरूरत पड़ने पर आप लोन भी ले सकते हैं. हालांकि प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य का मानना है कि भारतीयों का सोने को लेकर मोह ही पीएम मोदी का सपना पूरे होने में सबसे बड़ा रोड़ा बन रहा है.

बीते सोमवार यानी 20 नवंबर को प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (क्क्रू-श्व्रष्ट) के अस्थायी सदस्य नीलेश शाह ने अपने एक बयान में कहा कि, 'भारत के लोगों को सोने के आयात की आदत नहीं होती तो भारत 5,000 अरब डॉलर (5 ट्रिलियन डॉलर) के सकल घरेलू उत्पाद (त्रष्ठक्क) के लक्ष्य को 'बहुत पहले' ही हासिल कर लिया होता. म्यूचुअल फंड उद्योग के दिग्गज शाह ने कहा कि पिछले 21 सालों में भारतीय लोगों ने अकेले सोने के आयात पर करीब 500 अरब डॉलर खर्च कर दिए हैं.'

शाह आगे कहते हैं, "हम 5,000 अरब डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में काम कर रहे हैं लेकिन हम सिर्फ एक आदत से दूर रहकर बहुत पहले ही 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बन गए होते. हमने शायद सही वित्तीय निवेश न करके भारत की जीडीपी का एक-तिहाई हिस्सा गंवा दिया है."

### पिछले 21 सालों में 375 अरब डॉलर कर चुके हैं खर्च

शाह ने अपने इसी बयान में आधिकारिक आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि भारत के लोगों ने पिछले 21 सालों में शुद्ध आधार पर सोने के आयात पर 375 अरब डॉलर खर्च किए हैं. उनका मानना है कि अगर वह सोने में इन्वेस्ट करने की जगह अपना यह पैसा टाटा, अंबानी, बिरला, वाडिया और अडाणी जैसे उद्यमियों में निवेश करते तो कल्पना करें कि हमारे देश की जीडीपी क्या होती? वृद्धि क्या होती, हमारी प्रति व्यक्ति जीडीपी क्या रही होती?

अंग्रेजी की एक कहावत है ओल्ड इज गोल्ड. लेकिन भारत के संदर्भ में यह कहावत गोल्ड इज ओल्ड की हो जाती है. हमारे देश में प्राचीन काल से ही सोने को एक धातु के रूप में पूजा जाता रहा है, और आज अमेरिका के सरकारी खजाने से तीन गुना ज्यादा सोना हमारे देश के घरों में रखा हुआ है. अमेरिका के सरकारी खजाने में 8,133 टन सोना जमा है, जबकि भारत के घरों में 25,000 टन सोना जमा है और इस सोने की कीमत भारत की कुल जीडीपी के 40 फीसदी के बराबर है.

### मंदिरों में 4000 टन सोना

एक और दिलचस्प जानकारी यह है कि भारत के मंदिरों में भी सोने का विशाल भंडार है. एक अनुमान के अनुसार हमारे देश के मंदिरों में 4,000 टन से भी ज्यादा सोना जमा है. जर्मनी, इटली, फांस, रूस, चीन और जापान के पास भी इतना सोना भंडार नहीं है.

### भारत में लोग सोने में निवेश क्यों पसंद करते हैं

अर्थशास्त्री के प्रोफेसर मनीष श्रीवास्तव ने एबीपी से बातचीत में कहा कि ऐसा करने का दो कारण माना जा सकता है पहला कि हमारी भारतीय पुरातन परम्परा में ही रहा है कि आपके पास जितना सोना होता है आप उतना धनवान माने जाते हैं. इसके अलावा महिलाओं को सोने का गहना पहनना शुरू से भाता है.

मनीष के अनुसार दूसरा उसका जो सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है वह ये कि भविष्य में किसी तरह की अनहोनी होने पर आप सोने को काम में ले सकते हैं. केवल सेना ही ऐसी निवेश का सामान है जिसे आप रातोंरात भुना सकते हैं.

### 30 फीसदी सोना निवेश के तौर पर किया जाता है इस्तेमाल

'भले ही आपके रिश्तेदार आपका साथ छोड़ दें, लेकिन सोना आपका साथ कभी नहीं छोड़ेगा', एक समय पर हमारे देश में एक कहावत खूब बोली जाती थी और सोने के प्रति ये आस्था आज भी लोगों के मन में है.

यही कारण है कि अब भी भारत में लगभग 50 प्रतिशत सोने का इस्तेमाल आभूषण बनाने में किया जाता है. लगभग 30 फीसदी सोना निवेश के तौर पर इस्तेमाल होता है, 15 प्रतिशत सोना केंद्रीय बैंकों में जमा किया जाता है और 7.5 प्रतिशत सोना इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स और माइक्रोचिप्स में भी उपयोग किया जाता है.

### अक्टूबर महीने में बढ़ा सोने की खरीदारी का प्रतिशत

भारत में इस साल अक्टूबर में सालाना आधार पर सोने की खरीददारी 60 फीसदी से बढ़कर 123 टन पर पहुंच गई है. जो कि 31 महीने के उच्चतम स्तर पर है. एक साल पहले की समान अवधि में कुल 77 टन सोना आयात किया गया था.

एक सरकारी सूत्र की मानें तो पिछले दशक में अक्टूबर में औसतन करीब 66 टन सोने का आयात किया जाता था. लेकिन इस बार त्योंहार से पहले सोने की कीमतों में गिरावट के कारण सोने की खरीददारी बढ़ी है और इसके आयात में बड़ा उछाल आया है.

### क्या वाकई सोने में निवेश देश के विकास को धीमा कर रहा है

पिछले 21 सालों में भारतीय लोगों ने अकेले सोने के आयात पर करीब 500 अरब डॉलर खर्च कर दिए हैं. लेकिन अगर यही 500 अरब डॉलर गोल्ड इंपोर्ट की जगह भारत की जीडीपी में निवेश किया जाता तो न सिर्फ देश में इंडस्ट्री की संख्या बढ़ती, बल्कि लोगों को नौकरी मिलता, प्रोडक्शन और खपत बढ़ती जिससे देश की कुल जीडीपी में इजाफा होता.

### निवेश को बढ़ाने के लिए सरकार की योजनाएं

ऑब्जर्वेटरी ग्रुप के वरिष्ठ भारतीय विश्लेषक अनंत नारायण ने बीबीसी की एक रिपोर्ट में इस सवाल का जवाब देते हुए कहा कि भारत को अपनी सुधार की कहानी को दुरुस्त करने की जरूरत है.



उन्होंने कहा, "भारत को निवेश बढ़ाने की आवश्यकता है, इसके लिए भारत ने बहुत सारी योजनाएं भी शुरू की है. सड़कों, रेलवे, बंदरगाहों और बिजली जैसे क्षेत्रों में सरकार ने पहले की तुलना में अधिक पैसा निवेश किया हुआ है. दुर्भाग्य से, इन क्षेत्रों में सुधारों का हमारा ट्रैक रिकॉर्ड दयनीय है. इसलिए अभी मौजूदा स्थिति में वास्तव में सुधार होगा और हम अपने संभावित विकास तक पहुंच पाएंगे, ऐसा संभव नहीं लगता."

### क्या है भारत की वर्तमान जीडीपी

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने हाल ही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी के आंकड़े जारी किए. ये चौथी तिमाही के आंकड़े हैं और अनुमान से काफी बेहतर रहे हैं. एनएसओ के अनुसार हमारे देश की जीडीपी विकास दर 2022-23 में 7.2 प्रतिशत रही है. हालांकि साल 2021-22 में यह अनुमान 9.1 प्रतिशत था.

भारत ने पिछली तिमाही की बात करें को उस वक्त भारत ने 4.4 प्रतिशत की तुलना में 6.1 प्रतिशत की जीडीपी बढ़त दर्ज की है. चौथी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर ने अनुमानों को पीछे छोड़ दिया है. आरबीआई ने पहली तिमाही के दौरान 5.1 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया था. वहीं पूरे वित्त वर्ष 2022-23 के लिए जीडीपी की बढ़त 7.2 प्रतिशत रही है. जीडीपी की यह बढ़त आरबीआई के 7 प्रतिशत के अनुमान से भी अधिक है.

### इन देशों में है सबसे ज्यादा गोल्ड रिजर्व

साल 2022 की तीसरी तिमाही तक की वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की रिपोर्ट के अनुसार, 8133 टन गोल्ड के साथ इस समय अमेरिका सबसे बड़ा गोल्ड रिजर्व वाला देश है. अमेरिका के बाद जर्मनी के पास 3363 टन से अधिक गोल्ड रिजर्व है. इस दौड़ में तीसरे नंबर पर यूरोपीय देश इटली के पास करीब 2451 टन गोल्ड रिजर्व है. फ्रांस के पास करीब 2436 टन का गोल्ड रिजर्व है. इस लिस्ट में भारत 9वें नंबर पर है.